सुप्रभात
रांची, रविवार
10.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 61

12 भारत-पश्चिम, एशिया-यूरोप के बीच बनेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

## न्यूज डायरी

### सुपर-फोर में आज भारत-पाक की भिड़ंत

**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले सुपर-फोर मुकाबले के लिए रिजर्व डे की घोषणा के बाद से ही एशिया कप में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। अब, जबकि दोनों टीमें कुछ घंटे बाद कोलंबो में आमने-सामने होंगी तो मौसम भी वही पुराना पल्लेकेले वाला ही बना हुआ है। पाकिस्तान ने अपनी टीम की घोषणा भी कर दी।

### जी-20 में बनेगा नारी सशक्तीकरण पर समूह

**नयी दिल्ली।** जी-20 की भारतीय अध्यक्षता में लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण पर बल देते हुए जी-20 में नया महिला सशक्तीकरण समूह गठित करने की घोषणा की गयी है।

### पीएम मोदी पर हमले की जिम्मेदारी लेनेवाला धराया

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी से पीएफआई आतंकी रियाज मारूफ गिरफ्तार हो गया है। पुलिस के मुताबिक यह वही शख्स है, जिसने पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे में हमले की जिम्मेदारी ली थी। एनआईए को उसकी काफी समय से तलाश थी।

### 11 को देवघर में बाबा की पूजा करेंगे लालू

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 10 सितंबर को देवघर आयेंगे और 11 सितंबर को बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर वापस बिहार लौट जायेंगे। 10 सितंबर को ही राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर झारखंड में पार्टी की गतिविधियों से भी वाकिफ होंगे।

### सरयू राय ने तबादले पर उठाया सवाल

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने आठ सितंबर को हुए आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग को सिविल सर्विसेज बोर्ड के नियम का उल्लंघन बताया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या पुलिस पदाधिकारियों के समय पूर्व स्थानांतरण में विधिक प्रक्रिया का पालन किया गया है?

### भारत को मध्य पूर्व यूरोप से जोड़ेगा मेगा कॉरिडोर

**नयी दिल्ली।** जी-20 समिट के दौरान भारत मध्य पूर्व यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर शुरू करने की घोषणा की गयी। भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब और यूरोपीय संघ ने शनिवार को इसके लिए एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की। पीएम मोदी ने कहा कि यह मेगा डील दुनियाभर में कनेक्टिविटी और स्थिरता को एक स्थायी दिशा देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यह वास्तव में एक बड़ी बात है।

### लोहरदगा आयेंगे मल्लिकार्जुन खड़गे

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शीघ्र ही झारखंड और लोहरदगा का दौरे पर आयेंगे। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद यह भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि यहां के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम तय हो सकता है। उनके आने से इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी को धार मिलेगी।

### पीएलएफआइ का नक्सली गेड़े गिरफ्तार

**खूंटी।** नक्सलियों के खिलाफ खूंटी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा के करीबी दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े को गिरफ्तार कर लिया है। दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े को पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र के एतरे टोला से दबोचा है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## जी-20 शिखर सम्मेलन

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

### भारत की बड़ी सफलता, सभी सदस्य देशों ने दिल्ली घोषणा पत्र को दी मंजूरी

# आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा

- एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य पर जोर
- विकासशील देशों को मदद करने का भरोसा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जी-20 समिट से भारत की सफलता की सबसे बड़ी खबर सामने आयी। दिल्ली जी-20 घोषणापत्र को मंजूर कर लिया गया है। पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि सदस्य देशों के बीच सहमति के साथ जी-20 ने नयी दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन' को अपनाया है। घोषणापत्र को मंजूर कर लिया गया है। 37 पेजों के घोषणा पत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गयी है। घोषणापत्र में रूस का सीधे तौर पर नाम नहीं, इसमें यूक्रेन युद्ध लिखा है।

समिट में एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य पर जोर दिया गया है। घोषणा पत्र में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप, सभी राज्यों को किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ क्षेत्रीय अधिग्रहण की धमकी या बल के उपयोग से बचना चाहिए। परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है। शिकर नेताओं ने मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास के लिए साझेदारी के माध्यम से ठोस उपाय करने का संकल्प लिया है। विकासशील देशों को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग दिया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)




**आतंकवाद खात्मे को प्रमुखता :** घोषणापत्र में आतंकवाद मुद्दे को प्रमुखता से रखा गया है। कहा गया कि आतंकवाद के सभी कृत्य आपराधिक और अनुचित हैं, भले ही उनकी प्रेरणा कुछ भी हो, चाहे कहीं भी, कभी भी और किसी ने भी किया हो। आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भारत ने शनिवार को वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू करने की घोषणा की और वैश्विक स्तर पर पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत तक ले जाने की अपील के साथ जी-20 देशों से इस पहल में शामिल होने का आग्रह किया। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित अन्य लोग भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं।

### अफ्रीकन यूनियन बना स्थायी सदस्य

जी-20 शिखर सम्मेलन में सबसे पहले अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता के लिए आमंत्रित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सबके साथ की भावना से ही भारत ने प्रस्ताव रखा था कि अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्यता बनाया जाये। मोदी ने कहा कि मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सबकी सहमति है। आप सबकी सहमति से कार्यवाही शुरू होने से अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता के लिए आमंत्रित करते हैं।

### वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर फोकस में : बाइडेन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, यह बड़ा समझौता है। मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर यही जी-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। कई मायनों में यह इस साझेदारी का फोकस भी है जिसके बारे में हम आज बात कर रहे हैं। टिकाऊ, स्थिति-स्थापक बुनियादी ढांचे का निर्माण, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे में निवेश और बेहतर भविष्य का निर्माण।

### 21वीं सदी दुनिया को नयी दिशा दिखाने का सही समय : मोदी

## सबका साथ सबका विकास मंत्र की दुनिया को जरूरत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी-20 देशों के 18वें दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यहां आये विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया। कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को एक साथ एवं सही दशा में ले जाने के लिए सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की सोच महत्वपूर्ण है। वर्तमान वैश्विक परिवेश में यह मंत्र भारत में ये 'पीपल्स जी-20' बन गया है। दुनिया में विश्वास के अभाव का संकट है और इसे सबको मिलकर दूर करने की जरूरत है। ओडिशा के कोणार्क चक्र के सामने पीएम मोदी ने विदेशी नेताओं का स्वागत किया।



मोदी ने कहा कि आज दुनिया की सदियों पुरानी समस्याओं के समाधान का वक्त आ गया है और 21वीं सदी का जी-20 सम्मेलन बरसों पुरानी चुनौतियों का नया समाधान मांग रहा है। यह समय साथ मिलकर चलने का है क्योंकि 21वीं सदी का यह समय दुनिया को नयी दिशा देने वाला है।

(शेष पेज 11 पर)

## चोरी के आरोप में पिटाई से एक की मौत

### दूसरा गंभीर, विरोध में घंटों सिकिदिरी-ओरमांझी रोड जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** थाना क्षेत्र के ढेलुआ खूंटा में शनिवार को बल्ब चोरी के आरोप में दो युवकों की लाठी से जमकर पिटाई की गयी, जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दो एलइडी बल्ब चोरी का आरोप लगाकर दो आदिवासी युवकों को लाठी-डंटे से जमकर पीटा गया। हरात खूंटा के उमेश मुंडा (24 वर्ष) पिता दुबे मुंडा की मौत हो गयी। वहीं बबलू मुंडा (25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक लगातार बोलते रहे कि हमने बल्ब की चोरी नहीं की है, लेकिन पिटाई जारी रही। घटना से आक्रोशित लोगों ने घंटों रोड जाम कर दिया। साथ ही आरोपितों के घर में तोड़फोड़ की। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

आरोपित सिकिदिरी थाना क्षेत्र के जराटोली निवासी नीलकांत प्रसाद और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिटाई की घटना शनिवार को तब सामने आयी जब उमेश मुंडा का शव नीलकांत प्रसाद के घर के पीछे से पुलिस ने बरामद किया। शुक्रवार को ही आरोपियों ने पिटाई के बाद शव झाड़ी में फेंक दिया था।

घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आग जलाकर ओरमांझी-सिकिदिरी मार्ग को ढेलुआ खूंटा के पास घंटों जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण आरोपी नीलकांत को लोगों के हवाले करने की मांग पर अड़े थे। पुलिस के काफी समझाने के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी।

थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिल्ली डीएसपी ख्रीसटोफर केरकेट्टा, ओरमांझी इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह, अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेशवर कुमार, सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, एसआई अरुण कुमार सिंह जामस्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने में लगे रहे।

### विनाशकारी भूकंप में 1000 से ज्यादा की मौत

**मोरक्को।** शुक्रवार देर रात आये भीषण भूकंप में 1000 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। 1200 से ज्यादा लोग घायल हैं। ऐतिहासिक मराकेश शहर से लेकर एटलस पर्वत पर स्थित गांवों तक कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं। पीएम मोदी समेत कई देशों के नेताओं ने मोरक्को को मदद की पेशकश की है। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि भूकंप के कारण कम से कम 1037 लोगों की मौत हुई है। अधिकतर लोगों की मौत मराकेश और भूकंप के केंद्र के निकट स्थित पांच प्रांतों में हुई है। मलबे में तलाश अभियान जारी है और बचावकर्मी दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है।

## इडी को पत्र लिख सीएम ने मांगा समय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 9 सितंबर को इडी के समक्ष उपस्थित होना था और जमीन घोटाला मामले में अपना पक्ष रखना था। लेकिन वह इडी दफ्तर नहीं जा सके और राष्ट्रपति के आमंत्रण पर रात्रिभोज में शामिल होने दिल्ली चले गये। सीएम ने इडी को पत्र भेजकर जवाब देने के लिए फिर से समय मांगा है। सीएम को 9 सितंबर को दफ्तर में उपस्थित होकर जमीन घोटाला मामले में पक्ष रखने के लिए बुलाया गया था।

मुख्यमंत्री आवास से एक मैसेंजर भेज कर इडी को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है और जवाब देने के लिए समय की मांग की गयी। सीएमओ से दोपहर 12 के बाद एक मेसेंजर ने इडी कार्यालय को यह पत्र सौंपा। पत्र में जवाब देने के लिए समय की मांग की है। मांग की गयी है कि इडी ने 9 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसमें उन्हें अभी समय की जरूरत है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी ने हेमंत सोरेन को तीसरा समन भेज शनिवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पहले भी हेमंत सोरेन 14 और 24 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे, जिसके बाद ईडी ने उन्हें नौ सितंबर को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था।

### जी-20 समिट के डिनर में भाग लेने दिल्ली गये

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गये। वे जी 20 शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। हेमंत सोरेन के साथ उनके पिता और झामुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन भी गये हैं। शिबू सोरेन रात्रिभोज के लिए नहीं, बल्कि रूटीन चेकअप के लिए दिल्ली गये हैं।



■ रूटीन चेकअप के लिए गुरुजी भी गये हैं दिल्ली

## 22 जनवरी को गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

**एजेंसी**

**अयोध्या।** राम मंदिर के गर्भगृह में अगले साल 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। मंदिर के भूतल का 80 प्रतिशत निर्माण हो चुका है। राम मंदिर का निर्माण 2025 तक पूर्ण होगा। खबर यह भी है कि पीएम मोदी 22 जनवरी को रामनगरी आ रहे हैं। गर्भगृह में अगले साल 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश के लोग पहुंचेंगे। ऐसे में शहर के अधिकांश होटल और धर्मशाला के कमरे फुल हो गये हैं। 20 से 24 जनवरी यानी 5 दिन के लिए कमरे बुक हैं। होटल और धर्मशालाओं से जुड़े लोगों का कहना है कि अयोध्या में करीब 4000 कमरे बुक हो चुके हैं। राम मंदिर में तीनों तल पर कुल 392 स्तंभ प्रयुक्त होने हैं और प्रत्येक स्तंभ पर शुभता, कला एवं भव्यता की पर्याय यक्ष-यक्षिणियों और कुछ चुनिंदा देवी-देवताओं की मूर्तियां उत्कीर्ण की जानी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## धनबाद : कोयला कारोबार में गोलीबारी, एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोयले के काले कारोबार पर वर्चस्व बनाने को लेकर शनिवार को धनबाद की धरती फिर एक बार लाल हो गयी। धनबाद अनुमंडल के जोगता थाना क्षेत्र में कोयला तस्करों ने कोयले के कारोबार से जुड़े वर्षीय युवक साहिल खान (17) को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। गोलीबारी की यह घटना शनिवार की शाम सिजुआ मोड़ 10 नंबर में हुई। साहिल घर का इकलौता चिराग था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह अपनी बूढ़ी मां का सहारा था। उसी की कमाई से घर चलता था। साहिल की मौत से मां पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### युवक की मौत के विरोध में सिजुआ में हंगामा, विरोध में रोड जाम

सूत्रों के अनुसार सिजुआ मोड़ सकलदेव सिंह चौक पर शनिवार संध्या दो अवैध कोयला कारोबारियों के बीच करीब 15 राउंड गोली चली। इसी में एक गोली साहिल को लग गयी। परिजन उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाये, पर उसकी मौत हो गयी। फिलहाल, पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील है और दोनों ओर से लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमी थी। किसी पक्ष ने थाना में लिखित शिकायत नहीं की है।

## ड्रग्स के केस में आठ साल जेल में बंद रहा एक निर्दोष

### हाइकोर्ट ने केस किया निरस्त, आठ लाख मुआवजा देने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ड्रग्स के झूठे केस में एक निर्दोष युवक आठ साल तक जेल में बंद रहा। झारखंड हाइकोर्ट ने केस को निरस्त करते हुए युवक को आठ लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। यह फैसला अदालत ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा फर्जी ढंग से केस किये जाने से संबंधित एक मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली मंगा सिंह की याचिका पर सुनायी है। न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने रांची में एनसीबी द्वारा प्रार्थी के खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करते हुए उसे तत्काल जेल से छोड़ने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी को जेल से रिहा कर दिया गया है। आठ साल फर्जी केस में प्रार्थी के जेल में रहने को देखते हुए कोर्ट ने आठ लाख का मुआवजा एडिशनल डायरेक्टर जनरल एनसीबी, सब जोन, रांची के माध्यम से प्रार्थी को देने का निर्देश दिया है।




(शेष पेज 11 पर)

### लिट्टी चोखा, इमली की चटनी... ताकतवर मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों के डिनर का मेन्यू आया सामने

## दिग्गजों की थाली में दिखा पूरे भारत का जायका

- पनीर, तड़का, लिट्टी-चोखा, सब्ज कोरमा समेत खाने में 500 डिशेज
- चांदी के बर्तनों में परोसा गया राष्ट्राध्यक्षों को खाना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जी-20 में आये अतिथियों के सम्मान में राष्ट्रपति की ओर से आयोजित रात्रि भोज में चांदी की थाली में पूरे भारत का जायका परोसा गया। इसमें रागी, बाजरा, ज्वार, मखाना, मिलेट आदि मोटे अनाजों से बने व्यंजन शामिल थे। विदेशी मेहमानों को खाने में बिहार का लिट्टी चोखा, राजस्थान का दाल बाटी चूरमा, पंजाब का तड़का, दक्षिण भारत का डोसा, जलेबी भी शामिल रहा। पनीर की डिश काजू बटर मखाना के साथ ही खीर, इडली, सूप, कुकीज और नरगिसी कोफ्ता का भी परोसा गया। दुनिया के दिग्गज नेताओं ने तमाम भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आवास पर आयोजित रात्रिभोज शुद्ध शाकाहारी था।

(शेष पेज 11 पर)






### रात्रि भोज में सीएम हेमंत समेत कई दिग्गज

राष्ट्रपति की ओर से आयोजित रात्रि भोज पूर्व प्रधानमंत्रियों, भारत सरकार के मंत्रियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया था। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी इसमें शामिल थे। उनके अलावा पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, दिल्ली के अरविंद केजरीवाल हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्कू भी आमंत्रित थे।



## बोकारो थर्मल प्लांट में मजदूर की मौत, हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बेरमो स्थित डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट परिसर में फिसलने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मजदूर की पहचान सप्लाई मजदूर रामनरेश सिंह के रूप में की गयी। वह सीएचपी प्लांट के डोजर सेक्शन में कार्यरत था। मौत के बाद परिजन नौकरी और मुआवजा को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रबंधन का कहना है कि साइकिल से गिरने की वजह से उसकी मौत हुई।

**प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन :** मौत की की जानकारी मिलने के बाद यूनियन के नेता मौके पर पहुंचे और प्रबंधन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद यूनियन के प्रतिनिधि और मजदूर मृतक के शव को प्लांट में रख कर प्रदर्शन किया। सभी मृतक रामनरेश सिंह के आश्रित को नौकरी सहित अन्य मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। मामले को सुलझाने के लिए प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर प्लांट प्रबंधन के खिलाफ धरना पर बैठे हुए हैं और प्रबंधन से नौकरी सहित अन्य मुआवजा की मांग पर अड़े हुए हैं।

**विधायक सरयू राय ने सीएम हेमंत सोरेन से शिकायत, कहा**

# रांची और पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी के ट्रांसफर में सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों की हुई अवहेलना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के अधिकारियों के समय पूर्व ट्रांसफर, पोस्टिंग को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को शनिवार को पत्र भी लिखा। मुख्य सचिव से भी सवाल करते यह जानना चाहा है कि अपने पद पर न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरी करने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के डीसी, एसएसपी जैसे अधिकारियों के स्थानांतरण करने के बारे में सिविल सर्विसेज बोर्ड की मीटिंग में क्या कारण अंकित किया गया है। मॉनसून सत्र 2023 के दौरान विधानसभा में उन्हें जानकारी दी गयी थी कि वर्ष 2020 में 65, 2021 मे 69 और 2022 में 80 प्रशासनिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल की निर्धारित न्यूनतम अवधि पूरा होने के पहले किया है। ये स्थानांतरण सिविल सर्विसेज बोर्ड में समीक्षा के बाद किये गये। इसके कुछ दिन पहले कार्यकाल की निर्धारित अवधि पूरा होने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के डीसी का ट्रांसफर भी सरकार ने कर दिया था। अब 8 सितंबर को इसी जिले के एसएसपी और रांची के एसएसपी का स्थानांतरण भी उनके कार्यकाल की न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरा होने के पहले कर दिया गया। सरकार का यह निर्णय सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों का उल्लंघन है।

**ट्रांसफर पोस्टिंग में पॉलिटिकल इश्यू :** सरयू राय के मुताबिक हालिया ट्रांसफर, पोस्टिंग में सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों को दरकिनार किया गया है। जिस भावना से ये अधिसूचनाएं निर्गत की गई हैं, उस भावना के भी विपरीत है। दो जिलों के एसएसपी के स्थानांतरण में राजनीतिक हस्तक्षेप की बू आती है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अनुचित एवं मनमाना राजनीतिक हस्तक्षेप से संरक्षण देना और उन्हें विधि सम्मत दायित्व का निर्वहन करने का अवसर देना ही केन्द्र द्वारा प्रासंगिक अधिनियम को पारित करने एवं जारी अधिसूचनाओं को निर्गत करने का उद्देश्य है।

**भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त झारखंड के लिए भाजपा को समर्थन देने का आह्वान**

# महागठबंधन सरकार की नीयत साफ नहीं, बनाती है ऐसी नीति जो कोर्ट में फंस जाये : बाबूलाल मरांडी

**पंचायत और नगर निकाय में पिछड़ों का अधिकार छीनने का लगाया आरोप**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संकल्प यात्रा के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी शनिवार को हजारीबाग पहुंचे। हजारीबाग जिला स्कूल मैदान में संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हेमंत सरकार पर सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, अपराध एवं लूट में शामिल होने का आरोप लगाया। कहा कि हेमंत सरकार की न नीति साफ है और न नीयत। यह सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। पिछले पौने चार वर्षों से मुख्यमंत्री झूठा प्रचार कर रहे हैं। यह सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को सिर्फ बहला रही है। सरकार ऐसी ही नीति बनाती है जो न्यायालय में जाकर फंस जाये।

**पिछड़े वर्ग को धोखा :** बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर पिछड़े वर्ग को धोखा देने का आरोप लगाया। कहा कि पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित किया। अब तक निकाय चुनाव के लिए ट्रिपल टेस्ट का कोई काम शुरू नहीं हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग भी फंक्शन में नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। सरकार का कार्य अपराध, भ्रष्टाचार रोकना है लेकिन हेमंत सरकार अपराध भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, दलालों, बिचौलियों का संरक्षण कर रही है। राज्य में खान, खनिज, कोयला, लोहा, पत्थर, बालू की लूट मची है। बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री और उनका परिवार नाम बदल कर गरीब आदिवासी की जमीन लूट रहे हैं। जब जांच एजेंसियां कारवाई करती हैं तो मुख्यमंत्री अपराधियों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। अब राज्य की जनता कहती है– हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है। पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई की जगह वसूली में लगी है। भाजपा सरकार में विकास की चर्चा होती है, जबकि कांग्रेस–झामुमो सरकार में लूट भ्रष्टाचार की चर्चा होती है।

# किस ब्यूरोक्रेट्स के पास कितनी है संपत्ति, नहीं मिला है कोई ब्योरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के किस ब्यूरोक्रेट्स के पास कितनी संपत्ति है, इसका ब्योरा कार्मिक विभाग के द्वारा मांगा जाता है। झारखंड में कई आइएएस, आइपीएस तथा आइएफएस हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा कार्मिक विभाग को नहीं सौंपा है। जबकि उन्हें संपत्ति का ब्योरा नौ माह पूर्व ही दे देना था। संपत्ति का ब्योरा सौंपने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 थी। कार्मिक विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, आइएएस जाधव विजया नारायण राव ने अब तक अपनी संपत्ति का विवरण नहीं दिया है। वहीं आइपीएस की बात करें तो 10 अफसरों ने संपत्ति का विवरण नहीं सौंपा है। इनमें 2007 बैच के राकेश बंसल, 2008 बैच के दीपक कुमार सिन्हा, 2010 बैच के कुसुम पुनिया, 2011 बैच के अंबर लकड़ा, 2011 बैच के मनीलाल मंडल, 2014 बैच के प्रभात कुमार, 2016 बैच के आनंद प्रकाश, 2020 बैच के पिनकेश कुमार, 2021 बैच के ललित मीणा और 2021 बैच के एस मोहम्मद याकूब के नाम शामिल हैं।

दूसरी ओर भारतीय वन सेवा के 13 अफसरों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं सौंपा है। इनमें आदर्श शरण, सर्वेश सिंघल, आशीष रावत, मनोज सिंह, अजीत कुमार सिंह, विनय कुमार पाल, बोधू प्रेरणा, प्रेरणा दीक्षित, नरेंद्र कुमार, शैलेंद्र सिंह, प्रशांत, पुष्कर काले और संदीप सिंह का नाम शामिल है।

**पलामू, बोकारो, धनबाद, लातेहार, दुमका, कोडरमा, लोहरदगा के डीएसई से मांगा स्पष्टीकरण**

# राज्य के आठ जिला शिक्षा अधीक्षकों को शिक्षा सचिव ने किया शोकॉज, कार्रवाई की संभावना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने राज्य के आठ जिला शिक्षा अधीक्षकों (डीएसई) को शोकॉज किया है। सभी से जवाब मांगा गया है। इनपर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। शिक्षा सचिव ने पलामू, बोकारो, धनबाद, लातेहार, दुमका, कोडरमा, लोहरदगा के डीएसई से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएसई से टीचर ट्रांसफर पोर्टल के डाटा में संशोधन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए टीचर ट्रांसफर पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। टीचर ट्रांसफर पोर्टल में शिक्षकों के सेवा इतिहास से संबंधित सभी सूचना की मांग पूर्व में आपसे को गई थी। जिसे सत्यापित करते हुए आपके द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया गया है। उक्त सूचना के आधार पर ही शिक्षकों के स्थानांतरण की कार्रवाई की जानी है।

सचिव ने डीएसई से कहा है कि आपके द्वारा टीचर ट्रांसफर पोर्टल के मास्टर डाटा और शिक्षकों की सेवा से संबंधित सूचना में संशोधन करने का अनुरोध किया गया है। आप अवगत हैं कि ऑनलाईन प्रक्रिया के मध्य में मास्टर डाटा में संशोधन किया जाना एक जटिल कार्य है। सचिव ने लिखा है कि पूर्व में भी उपलब्ध कराये गए डाटा को सत्यापित करने के लिए आपको कई बार निर्देशित किया जा चुका है। आपके द्वारा सत्यापन प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उपरोक्त के बावजूद विभाग को त्रुटिपूर्ण डाटा/ सूचना उपलब्ध कराना आपको कर्तव्य के प्रति लापरवाही और विभागीय निदेशों की अवहेलना की प्रकृति एवं स्वेच्छाचारिता को दशार्ता है। सचिव ने दो दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा है।

उन्होंने पूछा है कि विभाग को त्रुटिपूर्ण डाटा/सूचना उपलब्ध कराने के कारण क्यों नहीं आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाए। निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विभाग कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।

# राज्य के विभिन्न जिलों में 29 मरीजों में डेंगू की पुष्टि

**169 संदिग्ध मरीजों में 167 हुई जांच**

**पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 99 संदिग्ध मरीज, 10 में डेंगू होने की पुष्टि**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में डेंगू पांव पसार रहा है। शनिवार को राज्य के विभिन्न जिलों में डेंगू के 169 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 167 मरीज के ब्लड सैंपल की जांच की गयी, जहां 29 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 99 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 10 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं, साहिबगंज जिले में 42 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 13 मरीजों में जांच के बाद डेंगू की पुष्टि हुई है। धनबाद में 7 संदिग्ध की जांच में 5 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। हजारीबाग में डेंगू के 4 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। कोडरमा में भी 9 संदिग्ध मरीजों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। वहीं रामगढ़ में 4, चतरा में 1, गढ़वा में 1, पाकुड़ में 1 और देवघर में 1 डेंगू के मरीज मिले हैं।

# जी-20 समिट : सोशल मीडिया के जरिये माहौल बिगाड़ने की साजिश

**झारखंड पुलिस अलर्ट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर एजेंसियां सतर्क हैं। खबरों के अनुसार सौ से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट द्वारा अफवाहें फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया है कि इनमें से ज्यादातर अकाउंट पाकिस्तानी खुफिया इकाई आईएसआई और खालिस्तानी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं।

**लोगों को भड़काने की साजिश में सीमापार के आतंकी संगठन जुटे हुए हैं :** इन अकाउंट्स से भारत विरोधी बयान जारी कर लोगों को भड़काने की साजिश में सीमापार के आतंकी संगठन जुटे हुए हैं। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी को अलर्ट जारी किया है। कहा है किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता बनाये रखने की जरूरत है और ऐसे मामले आने पर तुरंत कार्रवाई करना है।

**सुरक्षा एजेंसियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया :** सुरक्षा एजेंसियों ने चिह्नित किये गये कुछ संदिग्ध अकाउंट के बारे में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है।

वहीं अपने स्तर पर भी मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। देश विरोधी यूआरएल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां ऐसी हर संदिग्ध यूआरएल की जानकारी मिलते ही उन्हें बंद करा रही है।

## राज्यपाल से मिले गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को झारखण्ड विधानसभा के सदस्य लम्बोदर महतो ने राज भवन में भेंट की।

## आइटी एक्ट के विभिन्न मामलों की समीक्षा करेंगे सीआइडी डीजी

**रांची।** सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता 21 सितंबर को समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में साल 2019 से अगस्त 2023 तक राज्य के विभिन्न जिलों में आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुए केसों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में सभी रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी और एसपी शामिल होंगे। सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि बैठक में अपने-अपने जिलों से संबंधित आंकड़ों के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि झारखंड में हर माह औसतन आईटी एक्ट के तहत 83 मामले दर्ज होते हैं। राज्य के साइबर थाना समेत 24 जिलों में आईटी एक्ट से संबंधित 5396 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

# राज्य के प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रबंधन प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में के रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया। साथ ही निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं, उनके बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया।

**पीपीटी के माध्यम से दी गयी जानकारी :** इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। उनमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची, मतदान केंद्र, स्वीप, चुनाव साक्षरता क्लब, जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, ईआरओ नेट, आईटी टूल आदि शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें वोटर टर्नआउट प्लान 2024 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**इन्हें मिला प्रशिक्षण :** प्रशिक्षण कार्यशाला में श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, दीपेश कुमारी, प्रांजल, कृष्णकांत कांवरिया और सुलोचना मीना सभी प्रशिक्षु आईएएस पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी गयी। कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद पूर्णिमा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग सुनील कुमार सिंह, एनएलएमटी एसएन जमील आदि मौजूद थे।

# इंस्पायर अवार्ड रजिस्ट्रेशन की अवधि एक महीनें बढ़ी

**स्कूलों की कम भागीदारी को देख लिया फैसला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इंस्पायर अवार्ड रजिस्ट्रेशन की अवधि एक माह बढ़ा दी गयी है। राज्य के स्कूलों की कम भागीदारी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मालूम हो कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा हर साल स्कूली छात्रों के लिए इंस्पायर अवार्ड का आयोजन करती है। पर इस साल के अवार्ड फंक्शन में स्कूलों से बच्चों की कम भागीदारी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इंस्पायर अवार्ड रजिस्ट्रेशन की अवधि एक माह बढ़ा दी है। मूल रूप से रजिस्ट्रेशन 31 अगस्त को समाप्त होने वाला था, लेकिन अब स्कूलों के लिए संशोधित नामांकन की समय सीमा को 30 सितंबर कर दिया गया है। यह विस्तार शैक्षणिक संस्थानों में अवार्ड शो को लेकर अधिक से अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवार्ड शो के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 मई को शुरू हुई थी। प्रत्येक स्कूल को कक्षा छह से कक्षा 10 तक, पांच छात्रों को पंजीकृत करना आवश्यक था। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का उद्देश्य 10 से 15 वर्ष की आयु के छात्रों के बीच नवाचार को बढ़ावा देना के साथ छात्रों में वैज्ञानिक सोच और मॉडल प्रस्तुति की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

**स्कूलों से पंजीकरण बढ़ाने का आग्रह :** डीईओ ने स्कूलों को पंजीकरण संख्या बढ़ाने के लिए आग्रह किया है। जारी पत्र में उन्होंने लिखा है कि यदि प्रगति धीमी रही तो स्कूलों को परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना छात्रों को वैज्ञानिक सोच पर आधारित मॉडल विचार प्रस्तुत करने की अनुमति देकर उनमें नवाचार को प्रोत्साहित करती है। चयनित छात्रों को अपने मॉडल विकसित करने के लिए 10,000 रुपये दिए जाते हैं। डीइओ ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की तारीख आगे बढ़ाने से स्कूलों को वैज्ञानिक नवाचार और रचनात्मकता पर जोर देकर छात्रों को कार्यक्रम में भाग लेने को प्रेरित करने का अवसर देती है।

## डॉ मनोज कुमार बने राजद के मुख्य प्रवक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के महासचिव डॉ मनोज कुमार को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। बरियातू निवासी डॉ मनोज को राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने पूरी निष्ठा ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि डॉ मनोज राजद में शुरूआती दौर से जुड़े हुए है। वे पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने कर्तव्यों निर्वहन करते रहे हैं।

## एरियर भुगतान में गड़बड़ी को लेकर सीसीएल प्रबंधन ने जारी किए निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल प्रबंधन ने एरियर भुगतान में हुई गड़बड़ी को लेकर नया आदेश जारी किया है। इस बाबत कंपनी मुख्यालय के प्रभारी महाप्रबंधक (वित्त) ने 6 सितंबर को निर्देश जारी किया है। महाप्रबंधक (वित्त)-कॉर्पोरेट, जीएम (पी) एनईई/ जीएम (सिस्टम), जीएम (सभी क्षेत्र) भेजा गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सीसीएल के कामगारों को एनसीडब्ल्यूए एक्सआइ के एरियर का भुगतान अगस्त, 2023 के वेतन के साथ 2 सितंबर, 2023 को किया गया। आदेश में कहा गया है कि यह ज्ञात हुआ है कि व्यक्तिगत कर्मचारियों को अलग-अलग बकाया भुगतान व गणना विवरण प्रदान नहीं किया गया है। टैक्स स्लैब के अनुसार टीओएस के प्रावधानों का पालन किए बिना टैक्स में भी कटौती की गई है। इसके कारण कामगारों में असंतोष है। जीएम ने इसे समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए मामले पर गौर करने की सलाह दी है। साथ ही, बकाया भुगतान का ऑडिट पहले से जारी निर्देशों के अनुसार 15 दिन के भीतर कराने की बात कही है।

# संगठन सशक्तिकरण अभियान का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के प्रभार के छह जिलों गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन निर्माण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उक्त जिला के प्रभारी महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं संबंधित जिला अंतर्गत विधानसभा प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा सभी जिला प्रभारी महासचिव एवं जिलाध्यक्षों से पंचायत स्तर तक संगठन निर्माण की अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने यह निर्देश दिया कि प्रत्येक माह सभी जिला एवं प्रखंडों में नियमित बैठक आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा प्रभारी अपने प्रभार के विधानसभा अतंर्गत प्रखंडों का दौरा करेंगे। जरूरत पड़ने पर अपने प्रभार के क्षेत्रों में रात्रि विश्राम कर प्रखंड पदाधिकारियों के समन्वय से पंचायत एवं गांव स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने यह स्पष्ट कहा कि किसी कारणवश अगर सांगठनिक कार्यों के निष्पादन में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं तो स्वतः आवेदन देकर कार्य की जिम्मेदारी से मुक्त हो सकते हैं।

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। सभी जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी अविलंब यह सुनिश्चित करेंगे जिन पंचायतों में अब तक कमिटी का गठन किसी कारणवश नहीं हो पाया है उन पंचायतों में जाकर इस कार्य को पूर्ण करेंगे। प्रखंड स्तर पर नियुक्त जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों, का नियमित प्रखंड दौरा एवं बैठक सुनि्ित करते हुए पंचायत स्तर तक अपूर्ण कमिटियों का गठन यथाशीघ्र करने का काम करेंगे।

बैठक में प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, रवीन्द्र कुमार वर्मा, विजय खां, जिलाध्यक्ष- चंद्रशेखर दास, रवि मिश्रा, शकील अहमद अंसारी, चैतु उरांव, डेविड तिर्की, विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा, सनत चक्रवर्ती, सीमा सीता एक्का, नमिता बा, पीटर मुंडू, अनूप केशरी, जगदीप भगत, बेलस तिर्की शामिल थे।

# जेएसएससी ने 444 पदों पर निकाली वैकेंसी, आवेदन प्रक्रिया 26 सितंबर से

**झारखंड महिला पर्यवेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए मांगा आवेदन**

**25 अक्टूबर तक आवेदन की अंतिम तिथि, फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने, आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए 29 अक्टूबर तक का समय निर्धारित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने झारखंड महिला पर्यवेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए आवेदन मांगा है। कुल 444 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई हैं। इसमें अनारक्षित 187, अनुसूचित जनजाति के लिए 101, अनुसूचित जाति के लिए 35, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-1 के लिए 42, पिछड़ा वर्ग-2 के लिए 35, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 44 पद हैं। इसके लिए सामान्य वर्ग के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है।

वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 50 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाएगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट जाकर आवेदन करना होगा।

बता दें कि आवेदन प्रक्रिया 26 सितंबर से शुरू होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के लिए 27 अक्टूबर की मध्य रात्रि तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं, फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने, आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए 29 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है। 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अभ्यर्थी नाम, जन्मतिथि, मेल आईडी और मोबाइल नंबर संख्या को छोड़कर किसी भी तरह की गलती को सुधार कर सकते हैं।

# भारत की प्रगन्या ने कजाकिस्तान की नर्गली नेजरेक को ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया

## टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चैंपियनशिप 2023

### दूसरे दिन से क्लासिकल प्रारूप की शुरूआत हुई







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन खेल का क्लासिकल प्रारूप शुरू हो गया है।

इस प्रतियोगिता में लगभग 110 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 9 से 15 सितंबर के बीच कुल 9 राउंड का खेल खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक पक्ष में 90 मिनट + 30 सेकंड की वृद्धि का टाइम कंट्रोल होगा। चैंपियनशिप के क्लासिकल प्रारूप का उद्घाटन आईएसडब्ल्यूपी के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश नानोती ने पूर्वी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के सचिव एन के तिवारी के साथ शतरंज बोर्ड पर औपचारिक रूप से पहली चाल के साथ किया। रेटिंग के आधार पर क्लासिकल प्रारूप में फिडे के बैनर तले खेल रहे अंतरराष्ट्रीय मास्टर ग्रेबनेव एलेक्सी, भारत के श्रीहरि एलआर और भारत के रोहित कृष्णा एस जैसे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी चैंपियनशिप के ओपन वर्ग में भाग ले रहे हैं।

जबकि लड़कियों की श्रेणी में कजाकिस्तान की नर्गली नेजरेके, सलोनिका साइना और भारत की बोम्मिनी मौनिका अक्षया जैसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में हिस्सा लिया है। टूनार्मेंट के ओपन वर्ग के पहले राउंड में इंटरनेशनल मास्टर ग्रेबनेव एलेक्सी ने पहले बोर्ड पर सफेद मोहरों के साथ खेल शुरू करते हुए भारत के एडिरेड्डी अर्जुन को हराया। दूसरे बोर्ड पर काले मोहरों से शुरूआत कर खेलते हुए इंटरनेशनल मास्टर श्रीहरि एलआर ने भारत के भरदिया हर्ष को हराया। तीसरे बोर्ड पर सफेद मोहरों से शुरूआत कर खेलते हुए इंटरनेशनल मास्टर रोहित कृष्णा ने वृषक चौहान को हराया। लड़कियों के वर्ग में पहले बोर्ड पर बेहद रोमांचक खेल देखने को मिला जब भारत की प्रगन्या ने कजाकिस्तान की नर्गली नेजरेक को ड्रॉ खेलने पर मजबूर कर दिया। खेल 31 चालों तक जारी रहा और खिलाड़ी ड्रा पर सहमत हो गये। यह दूसरी बार है जब टूर्नामेंट के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पहले ही राउंड में भारतीय खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। दूसरे बोर्ड पर काले मोहरों से शुरूआत कर खेलते हुए सलोनिका साइना ने दिशा पाटिल को हराया। इसके अलावा तीसरे बोर्ड पर सफेद मोहरों से शुरू कर खेलते हुए बोमिनी मौनिका अक्षया ने धनीश्री को हराया।

## स्पीड न्यूज

### अरका जैन में नेत्र जागरुकता कार्यक्रम



जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय के ऑप्टोमेट्री विभाग ने 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर 8 सितंबर नेत्रदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया। डॉ नेहा गांधी मदान, कॉर्निया एवं मोतियाबिंद सर्जन, एएसजी नेत्र अस्पताल, साकची, जमशेदपुर ने सभा को संबोधित किया और उन्हें उन विभिन्न स्थितियों के बारे में शिक्षित किया जहां कॉर्निया प्रत्यारोपण का संकेत दिया जाता है। डोनर कॉर्निया की कमी चिंताजनक है, वहीं डॉ नेहा ने स्वयं और दूसरों को अपनी आंखें दान करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉक्टर एसएस रजी बताया की नेत्रदान महादान है और लोगो में इसकी जागरूकता अति आवश्यक है। कार्यक्रम में अंत में विवि के शिक्षक गण एवम छात्रों के बीच मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया गया।

### टिस्को मिल्स सोसाइटी के सदस्यों को अब 6 लाख रुपये तक लोन



जमशेदपुर। दी टिस्को मिल्स कंबाइंड कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड की 80वीं वार्षिक आम सभा स्टीलेनियम हॉल में शनिवार को संपन्न हुई। उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने आमसभा में उपस्थित अध्यक्ष विनीत कुमार शाह, उपाध्यक्ष दीवा अहमद सचिव राजेश कुमार चक्रवर्ती और प्रबंधन समिति के सभी सदस्य तथा उपस्थित अंशधारकों का स्वागत किया। उन्होंने विनीत कुमार शाह से बैठक का संचालन करने का अनुरोध किया। विनीत कुमार ने सबसे पहले दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा। उसके बाद सभी का स्वागत किया। उन्होंने सोसायटी के स्वर्गीय सदस्यों के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के 25 वर्षों से अधिक समय से सदस्य रहे छह लोगों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वितीय वर्ष में संस्था की सुधारित आर्थिक स्थिति विनियोग और प्रदत हिस्सा सभी में बढ़ोतरी हुई। इस वर्ष लोन की सीमा में भी बढ़ोतरी की गई है स्टील ग्रेड एन एस ग्रेड और टीएसडीपीएल सदस्यों को 50,000 तथा JCAPCPL के सदस्यों को 40,000 की बढ़ोतरी हुई है अब सदस्यों को 6 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध हो पाएगा अब बीमार होने पर 1200 रुपया दिया जाएगा तथा इस वर्ष सदस्यों को लाभांश के रूप में अधिकतम 2923 रुपया मिलेगा। सदस्यों को 350 रुपए का जलपान कूपन भी दिया जाएगा। आमसभा में प्रबंधन समिति के सदस्य आलोक कुमार सिंह, रंजन पांडे, बिपुल कुमार सिंह, मुक्तिकांता मोहंती, नितेश कुमार, संतोष कुमार मोहंती समेत सभी कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद कमेटी मेंबर बिपुल कुमार सिंह ने दिया।

### हावड़ा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चांडिल।** शनिवार को रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ एवं ईचागढ के झामुमो विधायक सविता महतो ने ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर चांडिल जंक्शन स्टेशन से रवाना किया। इस दौरान सांसद ने कहा आने वाले दिनों में चांडिल स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत तीन लिफ्ट लगाया जाएगा। इस मौके पर आद्रा डीआरएम सुमित नरुला, स्टेशन मास्टर धर्मेंद्र सिंह, डीआरयूसीसी मेंबर दिवाकर सिंह, काबलु माहतो, राम कृष्ण महतो, विजय महतो, राहुल वर्मा, मधुसूदन गोराई, विशाल गोप, अनिता, सीताराम महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दस नये लोग पाये गये डेंगू पॉजिटिव, 62 डिस्चार्ज

## डेंगू को लेकर फैले भ्रम को दूर करे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में 09 सितंबर के सैम्पल जांच में 10 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अबतक कुल 4204 सैम्पल की जांच में 612 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। वर्तमान में 289 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 11 आईसीयू में, 278 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। शनिवार को 62 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

इस बीच, विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में डेंगू महामारी पर एमजीएम अस्पताल के वरीय चिकित्सकों के साथ विस्तार से चर्चा की। इसके बाद राय ने कहा कि डेंगू महामारी की प्रकृति, इसके फैलाव और इस संबंध में जनता के बीच फैल रही दहशत के बारे में एक स्पष्ट वक्तव्य सार्वजनिक रूप से देना चाहिए। सरकार द्वारा इस बारे में सफाई नहीं देने से जनता मे भ्रमजनित भय उत्पन्न हो रहा है और अस्पतालों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है।





एमजीएम अस्पताल में जगह नहीं होने के कारण मरीज कुर्सियों पर और फर्श पर बैठकर इलाज करा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वे विगत तीन दिनों से एमजीएम और टीएमएच जा रहे हैं और देख रहे हैं कि वहां के सभी वार्ड डेंगू के मरीजों से भरे पड़े हैं। एमजीएम इमरजेंसी में जगह नहीं होने के कारण मरीज कुर्सियों पर और फर्श पर बैठकर इलाज करा रहे हैं।

चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में सारी नाराजगी चिकित्सकों तो झेलनी पड़ रही है। मेरे पास रोज ऐसे चित्र भेजे जा रहे हैं। इस बारे मे मैने एमजीएम, टीएमएच और सदर अस्पताल के सिविल सर्जन तथा जेएनएसी के पूर्व विशेष पदाधिकारी से भी बात किया और इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि डेंगू की चिकित्सा और रोकथाम के बारे में फेंका फेंकी चल रही है। राय ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य संबंधी नीतिगत विकलांगता का शिकार हो गई है। मंत्रालय पंगु हो गया है। मंत्री और सचिव स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए कि वर्तमान डेंगू और पहले के डेंगू में क्या अंतर है। इस डेंगू में क्या सावधानी बरतनी जरूरी है। यह डेंगू कितना जानलेवा है और कितना सामान्य है। प्लेटलेट्स घट जाने पर दहशत के बिना इलाज कैसे कराया जाय। डेंगू और वायरस बुखार में कितना फर्क है? वायरल बुखार से कैसे निपटें आदि आदि। चिकित्सकों से वार्ता के उपरांत मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि अस्पतालों से मिल रही सूचनाओं को स्वास्थ्य विभाग जनता तक पहुंचाए। उन्होंने जेएनएसी के अधिकारियों द्वारा विजया गार्डेन में, बाजारों में जाकर फाईन काटने को अव्यवहारिक बताया है और कहा है कि प्रशासन का रवैया सुधारात्मक होनी चाहिए दंडात्मक नहीं। उन्हें अपने कर्तव्य का भी ध्यान रखना चाहिए।

## राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में शहर की बेटी ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पदक विजेताओं को सम्मानित कर दी शुभकामनाएं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** खेलो इंडिया के द्वारा रांची में आयोजित हुए राज्य स्तरीय वूशु स्टेट चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम की दो बेटियों ने मेडल जीत कर जमशेदपुर शहर का नाम रोशन किया। मेडल जीतने वाली खिलाड़ियों में दिव्या सोय ने गोल्ड मेडल एवं आरसी मारूफ ने कांस्य मेडल अपने नाम किया। बता दें कि दोनों बच्चियों की उम्र मात्र 13 वर्ष हैं। दिव्या सोय एक आदिवासी परिवार से आती हैं और मानगो क्षेत्र की रहने वाली हैं। तो, वहीं आरसी मारूफ अल्पसंख्यक समुदाय से आती हैं जो आजादनगर क्षेत्र की रहने वाली हैं। लौहनगरी का मान बढ़ाने पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने शनिवार को एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर दोनों पदक विजेता बच्चियों को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

## टाटा स्टील के नये ट्रांसपोर्टेशन पार्क का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जामाडोबा/जमशेदपुर।** सड़क से कोयले की ढुलाई के दौरान सुरक्षा बढ़ाने के लिए, जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन के 6 और 7 पिट्स क्षेत्र के पास एक अत्याधुनिक परिवहन पार्क का उद्घाटन किया गया। यह पार्क मुख्य रूप से जामाडोबा कोल प्रिपरेशन प्लांट तक चलने वाले ट्रकों के लिए समर्पित है। ट्रांसपोर्टेशन पार्क का उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट रॉ मैटेरियल्स डी बी सुंदरा रामम ने झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया, चीफ (सेफ्टी) नीरज कुमार सिन्हा, चीफ सेफ्टी (रॉ मैटेरियल्स) सरोज कुमार बनर्जी, मयंक शेखर, चीफ (सिजुआ ग्रुप), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, और टाटा स्टील के अन्य अधिकारी और यूनियन के सदस्यों की उपस्थिति में किया। ट्रांसपोर्टेशन पार्क में 26 वाहनों को रखने के लिए अलग-अलग पार्किंग स्लॉट, कंक्रीट स्टॉपर्स और रोल बैक अरेस्टर, ड्राइवरों की सुरक्षित आवाजाही के लिए एक समर्पित मार्ग, स्नान सुविधा के साथ विश्राम कक्ष और ड्राइवरों के लिए वॉशरूम जैसी सुविधाएं, वेंडर ऑफिस कॉम्प्लेक्स, चौतरफा सीसीटीवी निगरानी, ड्राइवरों के लिए प्रशिक्षण क्षेत्र, उपयुक्त गेट, ड्रॉप गेट और सिग्नल लाइट के माध्यम से पहुंच नियंत्रण और रात के संचालन के लिए पर्याप्त रोशनी वाला नियंत्रण कक्ष सहित कई विशेष सुविधाएं हैं।



ट्रांसपोर्टेशन पार्क का उदघाटन करते टाटा स्टील के वीपी सुंदर रामम।

## सरयू राय ने एसएसपी प्रभात कुमार के ट्रांसफर के खिलाफ सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम की डीसी विजया जाधव के बाद अब सीनियर एसपी प्रभात कुमार के बिना वजह स्थानांतरण को लेकर विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री को कड़ा पत्र लिखा है, और कहा है कि दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों के स्थानांतरण में सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों का उल्लंघन सरकार ने किया है। पत्र में विधायक सरयू राय लिखते हैं कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के अपरिपक्व स्थानांतरण सरकार द्वारा कर दिये जाने के विषय में दिनांक



31.07.2023 को विधानसभा में पूछे गये मेरे एक अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर सरकार ने दिया था। उत्तर में सरकार ने मेरे प्रश्न की कंडिका-1, 2 और 3 का उत्तर स्वीकारात्मक बताया था। प्रश्न की कंडिका-4 के उत्तर में सरकार ने बताया था कि वर्ष 2020 मे 65, 2021 मे 69 और 2022 मे 80 प्रशासनिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल की निर्धारित न्यूनतम अवधि पूरा होने के पहले किया है और ये स्थानांतरण सिविल सर्विसेज बोर्ड में समीक्षोपरांत किये गये हैं। इसके कुछ दिन पहले कार्यकाल की निर्धारित अवधि पूरा होने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त का स्थानांतरण भी सरकार ने कर दिया था। 8 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी और रांची के एसएसपी का स्थानांतरण भी उनके कार्यकाल की न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरा होने के पहले कर दिया गया। सरकार का यह निर्णय प्रावधानों का उल्लंघन है।

## हंगरी क्या मल्टी कुजिन रेस्टोरेंट का उद्घाटन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार को बिष्टुपुर आउटर सर्किल रोड में जीएसटी भवन के सामने मल्टी कूजिन रेस्टोरेंट हंगरी क्या का उद्घाटन होगा। इस रेस्टोरेंट के संचालक संजीव सिंह हैं जो चार साल तक क्लाउट किचन चलाने के बाद ग्राहकों की मांग पर रेस्टोरेंट शुरु करने जा रहे हैं जिसमें एक साथ 40 लोग लंच अथवा डिनर कर सकेंगे। रेस्टोरेंट पूरी तरह वातानुकूलित और बेहद आरामदाय माहौल उपलब्ध कराता है। हंगरी क्या रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर संजीव सिंह ने बताया कि



जमशेदपुर वासियों के लिए यह रेस्टोरेंट बिल्कुल अलग रहेगा क्योंकि यहां मिलने वाले बहुत सारे व्यंजन जमशेदपुर में कहीं नहीं मिलते हैं। इस रेस्टोरेंट में इंडियन चाइनीस तंदूरी व्यंजनों के साथ-साथ स्ट्रीट फूड मोमोज, रोल, तंदूरी आइटम के साथ-साथ छह स्वादों में सॉफ्टी आइसक्रीम मिलेगी।

## टीएमएच और एमटीएमएसी की मेजबानी में वार्षिक मनोरोग सम्मेलन जैस्कॉन 2023 आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) और मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी), जमशेदपुर के मनोचिकित्सा विभाग ने शनिवार को इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी ऑफ झारखंड स्टेट ब्रांच (जैस्कॉन 2023) के 21वें वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की। यह तीसरी बार है जब जमशेदपुर को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी करने का मौका मिला। अंडरग्रेजुएट्स के लिए मनोचिकित्सा विषय के तहत, इस वर्ष के सम्मेलन ने मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के इलाज में स्वास्थ्य सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। यह मानते हुए कि इस मिशन के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर





सम्मेलन का उद्घाटन करते टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज के जीएम डा सुधीर राय। साथ में एमटीएमसी के डीन डा प्रदीप व अन्य। (दायें) सेमिनार में गौर से व्याख्यान सुनते युवा डॉक्टर।

आवश्यक हैं, इसलिए स्नातक मेडिकल छात्रों, स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में प्राथमिक हितधारकों पर ध्यान दिया गया था। संयोगवश, 9 सितंबर को दुनिया भर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अतिरिक्त महत्व ने साइकियाट्रिक सोसायटी को छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण और आत्महत्या की रोकथाम पर चर्चा करने की आवश्यकता को मजबूत किया। जैस्कॉन 2023 ने इन उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य किया। छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, 8-9 सितंबर को मनोरोग पर प्रश्नोत्तरी और वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें प्रसिद्ध संस्थानों के अतिथि वक्ता शामिल थे। 8 सितंबर को, एक क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें झारखंड के चार मेडिकल कॉलेजों के स्नातक मेडिकल छात्र शामिल थे, जिनमें एम्स देवघर, रिम्स रांची, एमटीएमसी जमशेदपुर और एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर शामिल थे। 9 सितंबर को मुख्य कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें टीएमएच में हेड कंसल्टेंट और एचओडी मनोचिकित्सा और मणिपाल मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर में एसोसिएट प्रोफेसर और मनोचिकित्सा के प्रमुख डॉ. मनोज साहू ने सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर राय, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील थे, जबकि विशिष्ट अतिथि मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के डीन डॉ. जी प्रदीप कुमार थे। टीएमएच में चीफ मेडिकल इंडोर सर्विसेज डॉ विनीता सिंह और टीएमएच में चीफ मेडिकल सपोर्ट सर्विसेज डॉ ममता रथ दत्ता जैसे प्रतिष्ठित अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में आईपीएस झारखंड राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. अविनाश शर्मा, आईपीएस राज्य शाखा के सचिव डॉ. आलोक प्रताप उपस्थित थे। मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल डॉ. सुधीर राय ने अपने संबोधन में एक मजबूत मनोरोग पाठ्यक्रम और एमबीबीएस छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को दोहराया। सम्मानित अतिथि ने छात्रों को बहुमूल्य जानकारी और प्रोत्साहन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, उद्घाटन समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अविनाश शर्मा द्वारा आईपीएस झारखंड राज्य शाखा के आगामी अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार साहू का पदस्थापना समारोह भी शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### बंगाल क्लब में मल्हार संध्या का किया गया आयोजन



जमशेदपुर। शनिवार को शहर की पुरातन सामाजिक संस्था दी बंगाल क्लब, जमशेदपुर एवं शहर की शास्त्रीय संगीत को समर्पित संस्था बंसी बोस म्यूजिक फाउंडेशन, जमशेदपुर के तत्वाधान में मल्हार संध्या का आयोजन साक्ची स्थित बंगाल क्लब के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जानेमाने समाजसेवी अचिन्तम गुप्ता, पूर्वी घोष, देबाशीष नाहा, अनिरुद्ध सेन, शांतनु सरकार, मधुमिता सरकार एवं विभा मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया एवं संध्या के आमन्त्रित कलाकारों पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति में किराने घराने के धरवार ,महाराष्ट्र से आए प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित कुमार मरदूर ने अपने मखमली आवाज में शास्त्रीय गायन पेश किये। शहर के प्रसिद्ध तबला वादक अमिताभ सेन, हारमोनियम पर कोलकाता के जाने मानव हारमोनियम वादक गौरव चटर्जी, तानपुरा पर पवन कुमार चौबे और अनिल कुमार सिंह संगत किए। काशी और मैहर घराना की संगीत विरासत में रमे पंडित रोनू मजूमदार जब साधनारत होते हैं तो बांसुरी से छनती हवा संगीत की प्राणवायु बन जाती है। कार्यक्रम के दूसरी प्रस्तुति में शहर में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार बांसुरी वादन पेश किये। पंडित जी के साथ कोलकाता के अंतराष्ट्रीय प्रख्यात तबला वादक शुभोज्योति गुहा ने बांसुरी पर बखूबी संगत प्रदान की। मंच सञ्चालन सुजीत रॉय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सौम्यो सेन, बिमलेन्दु दास, पार्थो मुखर्जी, अशोक कुमार सिंह, अशोक दास, बीरेंद्र उपाध्याय, अशोक कुमार बोस, सुजन चटर्जी, सत्यप्रकाश तिवारी, दीप कुमार मित्रा, गौतम कुमार बोस, मनमोहन सिंह की भूमिका रही।

### लोक अदालत में 7528 मामलों का हुआ निपटारा



जमशेदपुर। सिविल कोर्ट जमशेदपुर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत मे कुल 7,528 केसों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 33,98,94,514 /- रुपयों की राजस्व प्राप्ति हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाला अजित राय अंबष्ट, डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा आदि मौजूद रहे। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के वर्तमान समय मे लोक अदालत का बहुत बड़ा महत्व है। लोक अदालत के माध्यम से अपने मामले का त्वरित समाधान पाकर समय और पैसा दोनों की बचत कर सकते हैं।

### काशीडीह हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** शनिवार को काशीडीह हाई स्कूल के प्राइमरी विंग का (कक्षा एल केजी से पांचवी तक) का वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन कुड़ी मोहंती प्रेक्षागृह में किया गया। इस समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फ्रांसिस जोसेफ के करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान एवं नृत्य की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। समारोह में विद्यालय की कॉर्डिनेटर रीता मिश्रा ने वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी। प्रधानाचार्य फ्रांसिस जोसेफ ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को उच्चस्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जो अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है। इस कार्यक्रम का समापन विद्यालय के उपप्रधानाचार्य राकेश पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन और स्कूल एंथम के साथ किया।

### सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक रसमय प्रवचन एवं संकीर्तन 11 सितंबर से

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में घनश्याम कृपालु धाम वृंदावन एवं जमशेदपुर सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त सौजन्य से सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आगामी 11 सितंबर से 17 सितंबर तक सूर्य मंदिर के शंख मैदान में संध्या 5:30 बजे से 8:30 बजे किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 11 से 17 सितंबर तक सूर्य मंदिर के शंख मैदान में वृंदावन धाम से लौहनगरी जमशेदपुर पधार रहे रसिक संत शिरोमणि श्री घनश्याम दास जी महाराज के प्रचारक स्वामी श्री रामदास जी के मुखारबिंद से सात्विक एवं दिव्य प्रवचन का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

### श्रीनाथ विश्वविद्यालय और रोबोमंथन बेंगलुरु के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय और बेंगलुरु के रोबोमंथन कंपनी के बीच प्लेसमेंट,वर्कशॉप और इंटर्नशिप को लेकर एमओयू किया गया। रोबोमंथन बेंगलुरु एक अग्रणी व्यावसायिक संस्थान है जो रोबोटिक्स, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, आईओटी, इंजीनियरिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र पर काम करता है। अब ये संस्थान श्रीनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के साथ ही साथ इंटर्नशिप, सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से छात्रो को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह श्रीनाथ विवि की ओर से रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है। एमओयू पर श्रीनाथ विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर सुभादीप भद्रा और रोबोमंथन के को-फाउंडर एंड सीईओ सौरभ कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर बात करते हुए सुभादीप भद्रा ने कहा कि निश्चित तौर पर इस एमओयू से हमारे विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा मिलने में बहुत ज्यादा सहूलियत होने वाली है।

### 12 को चाकुलिया आयेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



जमशेदपुर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 12 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा द्वारा चाकुलिया प्रखंड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, प्रखंड विकास पदाधिकारी चाकुलिया देवलाल उरांव तथा अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल में तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था आदि की समीक्षा कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### मिलानी में चार दिवसीय पुरुष व महिला नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप शुरू



जमशेदपुर। इंडियन पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में बुधवार को चार दिवसीय पुरुष व महिला नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारम्भ बिष्टुपुर मिलानी सभागार में शुरूआत हुई। चैम्पियनशिप का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन के स्वामी महाभावानन्द जी (रंजीत महाराज) व जमशेदपुर ब्लड सेंटर के प्रमुख संजय चौधरी, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के डायरेक्टर अरिजीत सरकार, इंडियन पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के महा सचिव कौस्तव दत्ता, संयुक्त सचिव सम्पा गुहा, मो. अरशद ने फीता काट कर किये। फेडरेशन के महासचिव कौस्तव दत्ता ने बताया की चैम्पियनशिप 12 सितंबर तक चलेगी। 12 सितंबर को फाइनल चैम्पियनशिप का बिजेताओ के नाम की घोषणा की जायगी। देश के 17 राज्य से लगभग 350 प्रतिभागी योगदान कर रहे हैं। चैम्पियनशिप में देश के प्रमुख लिफ्टर हिस्सा लेंगे। पुरुषो के लिए 9 ग्रुप व महिलाओ के लिए 8 ग्रुप रहेगा। इंडियन पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन के पूर्व अध्यक्छ सह अर्जुना अवार्ड से सम्मानित सुव्रत दत्ता को भी याद में स्मरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम : बिट्टु पाठक



मेदिनीनगर। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के परिणाम को जीत की शुरूआत बताते हुए कहा कि इसका असली प्रदर्शन अगले वर्ष होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में दिखेगा। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले दोनों चुनाव में भाजपा गठबंधन का सुपड़ा साफ हो जाएगा। डुमरी के परिणाम ने दिखा दिया कि राज्य की जनता महागठबंधन सरकार के साथ है। जनता ने महागठबंधन सरकार के कामकाज पर मोहर लगा दिया। जनता का जनादेश महागठबंधन के नेतृत्व पर विश्वास का प्रतीक है। यह साफ संकेत है कि लोगों को महागठबंधन सरकार का निर्णय सही और राज्य के हित में प्रतीत हो रहा है। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता समेत गठबंधन के समस्त नेता कार्यकर्ता समर्थकों का आभार जताया है।

### फंटुश हत्याकांड में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया

मेदिनीनगर। डॉन कुणाल सिंह हत्याकांड के आरोपी फंटुश हत्या मामले में फंटुश के भाई राकेश वर्मा ने नामजद प्राथमिकी शहर थाना में दर्ज कराया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शहर थाना पुलिस ने पांच नामजद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि फंटुश वर्मा की हत्या शुक्रवार की देर शाम को शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास गोली मारकर कर दी गई थी। फंटुश वर्मा कुणाल सिंह हत्याकांड का आरोपी रहा है। उसे बदले की भावना से हत्या की गई है या कोई और कारण है इस पर पुलिस तहकीकात कर रही है। हिरासत में लिये गये अमृतेश्वर सिंह, चंदन सिंह, चंदन का साला छोटे सिंह, सोनू कुमार एवं मो तारिक शामिल हैं। हालांकि हिरासत में लिये गये लोगो की पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है।

### भंडार के माउंट टेरा पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडार स्थित माउंट टेरा पब्लिक स्कूल परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत शनिवार को पौधारोपण किया गया। भाजपा स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रविंद्र नाथ उपाध्याय ने खुद भी फलदार पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का मूलमंत्र है। स्वच्छता के लिए सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। उपाध्याय ने स्कूल के बच्चों,शिक्षकों और ग्रामीणों को पौधारोपण और उसके संरक्षण हेतु शपथ भी दिलवाया। पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण बेहद जरूरी है। मौके पर स्कूल के निदेशक विनोद पांडेय, शिक्षाविद अशोक पांडेय, नारद पांडेय,रमाकांत पांडेय, प्राचार्य प्रीति पांडेय, प्रबंधक वेद प्रकाश पांडेय, शिक्षिका कविता कुमारी, ममता कुमारी शालू दुबे, नीतू कुमारी, दिव्या सिंह, आरती कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, आरती चौबे, शुभम सिंह, राम आशीष कुमार, वीरेंद्र सिंह, प्रभु प्रजापति,रामराज प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीसी ने निर्वाचन संबंधी कार्यो को मिशन मोड में निष्पादन करने के दिये निर्देश



मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को ऑनलाइन मोड में निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य की ऑनलाइन प्रविष्टि तेज गति से निष्पादित हो रही है। उन्होंने इस कार्य को ससमय समाप्त करने पर बल दिया। वहीं सत्यापन के क्रम में मृत मतदाताओं का डेथ सर्टिफिकेट जारी कर संबंधित मृत मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से हटाने की भी समीक्षा की गयी। इसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीडीओ को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा दिये गये मृत मतदाता की सूची के अनुरूप संबंधित मृत मतदाता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी तरह के दावा-आपत्ति प्रपत्रों यथा 6,7,8 जो 31 हजार से अधिक लंबित हैं, इन सभी को मिशन मोड में निष्पादन करने की बात कही। मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु जुड़े थे। वहीं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ऑनलाइन मोड में जुड़े थे।

### विहिंप व बजरंग दल ने स्टालिन एवं राजा का पुतला फूंका



नीलांबर पिताबरपुर पलामू। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लेस्लीगंज गांधी चौक पर उदय निधि स्टालिन एवं ए राजा का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि सनातन धर्म हजारों वर्ष से स्थापित है। सनातन एक संस्कृति है एक जीवन पद्धति है। इसे कोई नहीं मिटा सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र कृत पर तत्काल उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन 2024 में सफाई हो जाएगा। इसके पूर्व नया बाजार चौक से पुतला के साथ कार्यकर्ता गांधी चौक पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, वीरेंद्र कुमार, अवध किशोर राय, आकाश सिंह, विश्व हिंदू परिषद के गोविंद मिश्रा, बजरंग दल के सौरभ वर्मा, रोशन मेहता, राजीव सिंह, सूरज तिवारी, पिंटू सिंह, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### कई कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी पाटन-छतरपुर विधायक



पाटन पलामू। पाटन-छतरपुर विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी 10 सितंबर को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी। विधायक व पूर्व सांसद मनोज कुमार द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसके बाद विधायक पुष्पा देवी पाटन प्रखंड के ग्राम नवादा में जिंजोई नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास 10 सितंबर को 12 बजे करेंगी। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इस योजना ग्रामीण विभाग के द्वारा निर्गत प्राकलन राशि अनुमानित 4 करोड़ 60 लाख के करीब है। पुल का निर्माण हो जाने से करीब-करीब दस पंद्रह गांव के लोगो की आवागमन सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। साथ ही 2 बजे पाटन हाई स्कूल में भाजपा के पदाधिकारी के साथ आयोजित बैठक में विधायक व पूर्व सांसद भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा 14 सितंबर को छतरपुर के फुलवारी शरीफ मैदान में जनसभा होना है जिसे सफल बनाने हेतु बैठक किया जायेगा।

### बिश्रामपुर सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य सहिया के साथ की बैठक



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक की। जिसमे आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने के प्रक्रिया को और तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने हेतु सहिया साथी एव सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ राजेंद्र ने बताया कि सहिया के आईडी कोड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाया जायेगा। कार्ड बनवाने हेतु बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित क्षेत्र के पंचायत वार कैंप लगाया जायेगा। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी गोल्डन कार्ड बनवाया जा सकता है।

## कार्यक्रम की सफलता बूथ कार्यकर्ता पर निर्भर: सांसद

संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बीडी राम ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

रंजीत पांडेय



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पानेरीबांध के शिवा बद्री रिसोर्ट में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की तथा संचालन मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने किया। पार्टी कि यह बैठक आगामी 13 सितंबर को चैनपुर में होने वाले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए की गई। इस अवसर पर सांसद बीडी राम ने कहा कि यह आम सभा नहीं बल्कि कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम की सफलता बुथ कार्यकर्ता पर निर्भर करती है। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा शक्ति, मनोबल और हौसला से ही कोई भी कार्यक्रम सफल होता है। कार्यकर्ताओं की हौसला और विश्वास की बिना कोई पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता पूरे मनोबल और दृढ़ता के साथ अपनी बूथ स्तर पर कार्य करता है। झारखंड में राशन पेंशन सहित कई योजनाओं की हालात गंभीर है। आज सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। हमें इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता आज अभी से ही 2024 की लोकसभा चुनाव लेकर बुथ स्तर पर क्षेत्र में लग जाना चाहिए। भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य मिशन 2024 के लोकसभा के लिए कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र देना और जोश भरना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर 21 सदस्यीय कार्य समिति को कार्यक्रम में भाग लेना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, प्रभात भुईयां, अविनाश वर्मा, अमलेश्वर दुबे, परशुराम ओझा, अजय तिवारी, जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे, लवली गुप्ता, रूपा सिंह, प्रफुल्ल सिंह, विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, मंजू देवी, अरविंद गुप्ता, पूर्णिमा चंद्रवंशी, शांति देवी, आशेष चौरसिया सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरयू राय ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जाना हाल

विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखण्ड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय व समिति के अन्य सदस्य शनिवार को मेदनीनगर पहुंचे। स्थानीय परिसदन भवन में समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग, खनन विभाग, पर्यटन विभाग पुलिसिंग हाउसिंग, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग उत्पाद विभाग, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के तहत कॉरपोरेशन के माध्यम से प्राप्त दवाइयों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गयी। राय ने कॉरपोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाइयों की मैन्युफैक्चर डेट एवं एक्सपायरी डेट आदि के बारे में पूछा। साथ ही मेडिकल इक्विपमेंट की आवश्यकता, सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें, एंबुलेंस की अद्यतन स्थिति तथा उनका परिचालन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। राय ने सिविल सर्जन को बाहर से क्रय किये जा रहे दवाइयों को बंद करते हुए अपने सरकारी सिस्टम के सप्लाई को सुदृढ़ करने पर बल दिया। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में जेटीडीसी भवनों की जानकारी ली। इसी तरह समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख किया प्रदर्शन

जाम स्थल पर पहुंचे पांकी विधायक, जिप सदस्य व थाना प्रभारी, आश्वासन के बाद जाम हटा

खबर मन्त्र संवाददाता



नीलांबर पिताबरपुर पलामू। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी निवासी स्वर्गीय संतु पाल की पत्नी मीना कुंवर की हत्या कर लाश को सतबरवा थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया। परिजनों के अनुसार मीना सोमवार को गुरुवार एसबीआई के पास से गायब हो गई थी। इस सिलसिले में महिला के परिजनों ने लेस्लीगंज थाना में सनहा दर्ज कराया था। महिला की लाश बुधवार को तुमबागड़ा के नजदीक से सतबरवा पुलिस ने बरामद किया। लास्ट सड़काल जाने के कारण पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स से लौटने के बाद ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे को कुंदरी के अंबेडकर चौक के नजदीक शनिवार को जाम कर दिया। परिजनों ने गांव के ही मोनू पाल पर हत्या करने का आरोप लगाया है । परिजनों का कहना था कि एसबीआई के मोरोबार शाखा से 20 हजार की निकासी महिला ने की थी। इसके बाद मोनू पाल ने फुसलाकर ले जाकर हत्या कर दिया।

परिजनों का आरोप था कि मोनू पाल हमेशा घर पर आकर धमकता था। हत्या के विरोध में स्टेट हाईवे 2 घंटा तक जाम रहा । जाम स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार थाना प्रभारी गौतम राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्काल 10000 की राशि देने की घोषणा की। जाम का नेतृत्व मंटू पाल, विनोद राम, कमलेश सिंह आदि ग्रामीण कर रहे थे। थाना प्रभारी गौतम राय ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

### अपराधी को चिन्हित कर 24 घंटे में गिरफ्तार करें : विधायक

जाम स्थल पर पहुंचे स्थानीय विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि पुलिस 24 घंटा के अंदर विधवा महिला की हत्या करने वाले अपराधी को चिन्हित कर गिरफ्तार करने का काम करे। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के स्तर से सभी बात सामने आ चुकी है। वैसे में अपराधी का बचाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि चार बच्चे अनाथ हो गए हैं, उनके पढ़ाई और जीवि कोपार्जन की समुचित व्यवस्था करने के लिए वह प्रयास करेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय राम ने प्रशासन से अपराधी को गिरफ्तार करने और मृतक के तीन पुत्री व एक पुत्र जी कोपार्जन की व्यवस्था करने की मांग की।

### विजय तारा चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## गरीबों के लिए लाभदायक होगा शिविर : मिथलेश ठाकुर

गरीबों की सेवा करने में सकून मिलता है : रविशंकर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



छतरपुर पलामू। छतरपुर अनुमंडल के उदयगढ़ में विजय तारा चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से आये लगभग एक हजार लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर, ट्रस्ट के निदेशक रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी, पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजन बाबू, राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नु बाबू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। ट्रस्ट के निदेशक बबुआ जी के माता स्व तारा देवी के पुण्य तिथि पर चिकित्सा शिविर लगाया गया। बबुआ जी द्वारा इलाज कराने के बाद मरीजों को एक-एक पौधा वितरण किया गया। उन्होंने पौधा लगाकर संरक्षण करने का आग्रह किया गया। मौके पर मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि विजय तारा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगाये गये निःशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सुदूरवर्ती इलाके में प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा गरीब लोगों का ईलाज कराना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिविर उन गरीब लोगों के लिए लाभदायक होगा जो पैसे के अभाव में अपना ईलाज बाहर जाकर नहीं करा पाते हैं। उन्होंने कहा कि स्व तारा देवी के पुण्य तिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सच्ची श्रद्धांजलि बबुआ जी द्वारा दिया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिविर में आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मौके पर पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आज का दिन छतरपुर के लिए ऐतिहासिक दिन है। आयोजकों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीबों का इलाज कराया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दिवंगत पूर्व राज्यपाल भीष्मनारायण सिंह परिवार के द्वारा हमेशा साथ मिलते रहा है।

## उप प्रमुख ने बीडीओ के खिलाफ हाईकोर्ट में किया याचिका दायर

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। प्रखंड के उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने बीडीओ राजकिशोर प्रसाद के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में पीआईएल जनहित याचिका दायर किया है। इसकी जानकारी शनिवार को प्रखंड प्रमुख कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दिया। कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि बीडीओ के खिलाफ केस नंबर 5064/ 2023 हाई कोर्ट के अधिवक्ता विनोद सिंह तथा अजीत कुमार के माध्यम से 8 सितंबर 2023 को दायर किया गया है। उप प्रमुख यादव ने बीडीओ राजकिशोर प्रसाद पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी सर्वजन पेंशन योजना में अवैध राशि की वसूली कर भारी पैमाने पर अयोग्य लोगों को भी पेंशन का लाभ देने का कार्य किया है। कई महीनो तक इन अयोग्य लोगों को पेंशन की राशि देने के बाद मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड क्षेत्र के करीब 1500 लोगों की पेंशन सूची से अयोग्य करार देकर से नाम हटा लिया गया जो सरकारी राशि का दुरुपयोग का मामला है।

## वैश्य समाज के पुरोधा थे गणिनाथ : पूर्व मेयर

संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ महाराज का 39वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई समाज के द्वारा बाबा गणिनाथ महाराज का 39वां महोत्सव टाउन हॉल में मनाया गया। इस मौके पर हलवाई समाज के महिला पुरूष व बच्चों ने भव्य शोभा यात्रा निकाला। कार्यक्रम का उदघाटन प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रथम मेयर ने कहा कि वैश्य समाज के उत्थान के लिए बाबा गणिनाथ ने जो कार्य किया है उसका अनुसरण हम सभी को करने की जरूरत है। तभी जाकर उनका सपना साकार हो सकता है। वे वैश्य समाज के लिए पुरोधा के रूप में कार्य किया। आज वैश्य समाज उनके पदचिंहों पर चलने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी वैश्य भाई आज बिखरे हुए हैं। सभी को एक मंच पर आने की जरूरत है तभी जाकर हमारी मजबूती होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभात कुमार गुप्ता उर्फ पिंटु ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं। मौके पर मनोहर कुमार लाली, राज कुमार गुप्ता, नवीन गुप्ता, विनय कुमार बिनू, मुरली प्रसाद, भीम गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे।

### संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित : विधायक डॉ शशिभूषण मेहता



मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के राम-जानकी मंदिर प्रांगण में मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा पलामू जिला के पांकी प्रखंड में प्रवेश कर रहा है। जिसका सफल संचालन के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 13 सितंबर को पलामू जिला के पांकी में पधार रहे हैं। जिनका भव्य स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जायेगा। इसके बाद नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में आयोजित कार्यकर्ता सभा में वे भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का जो संकल्प यात्रा है उसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित हैं। जो पांकी विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक होगा। बैठक में निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मिटी वर्मा, सुनील प्रजापति, सत्रुघन सिंह, अरुण कुमार सिंह, सत्यनारायण यादव, श्यामनंदन ओझा, कुंदन सिंह, प्रसिद्ध सिंह, साधु मांझी,सुनील शर्मा, लौरिक सिंह, मंटू शर्मा, रामानुज वर्मा, संजय चंद्रवंशी, पप्पू मिश्रा, अमित कुमार, जय किशोर प्रसाद सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### जिप सदस्य की पहल पर केल्हार में लगा ट्रांसफार्मर



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के केल्हार पंचायत के केल्हार ग्राम में पाटन पश्चिमी जिला परिषद के प्रयास से 2 दिन के अंदर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लग गया। केल्हार के ग्रामीणों ने दो दिन पूर्व केल्हार ग्राम के ट्रांसफार्मर जलने की सूचना जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दिया था। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जिला परिषद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अभियंता से संपर्क कर केल्हार के बारे में अवगत कराए और बताया गया कि यह ट्रांसफार्मर पर शहरी क्षेत्र पाटन के करीब 200 कंज्यूमर निर्भर हैं । ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा केल्हार,जो शहरी क्षेत्र में आता है 2 दिन से अंधेरा में है । ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों ने जिला परिषद और बिजली विभाग अभियंताओं के प्रति खुशी जाहिर किया। मौके पर ट्रांसफार्मर लेने आए जैनुल सिधिकी, प्रिंस सिंह,छोटू कुमार, रिकी प्रसाद,मुना मिस्त्री सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

मेदिनीनगर। व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने लाभुको से दीप प्रज्वलित कर कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत का आयोजन लाभुकों के लिए ही किया जाता हैं। हमसभी का प्रयास अधिक से अधिक लोगो को लोक अदालत के माध्यम से मामले का निस्तारण व लाभ सुलभ सरल तरीके से दिलाना है। साथ लोगों को न्याय भी दिलाया जाता है। इस मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण करने से दोनों पक्ष में बैमनस्ता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। सुलभ न्याय पाने का लोक अदालत से बेहतर कोई मंच नही है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत समय की मांग है। उन्होंने नक्सली के आत्म समर्पण नीति व पुनर्वास नीति के बारे में चर्चा की।

## भालोगाड़ी के कुआं से अधेड़ का शव बरामद

संजय पाठक



तरहसी पलामू। तरहसी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम भालोगाड़ी से एक कुआं से एक अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान सुरेन्द्र साव के रूप में की गई। इस संबंध में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आलोक टूटी ने तरहसी थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की तरहसी पुलिस को सूचना मिली कि भालो गाडी में एक कुआं में एक शव तैर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से क्षत विक्षप्त शव को बाहर निकाला। सशस्त्र बल के साथ मृतक की पत्नी चिन्ता देवी के द्वारा किसी पर शक संदेह व्यक्त नही किया गया। पुलिस को जांच के क्रम में पता चला कि मृतक सुरेन्द्र साव, अपनी पत्नी एवं बेटी पूजा कुमारी के साथ शराब के नशे में अक्सर मारपीट किया करता था जिससे अजीज होकर 5 सितंबर की सुबह मृतक की पत्नी चिन्ता देवी एवं बेटी पूजा कुमारी के द्वारा घर में रखे महुआ शराब के बोतल में जहर मिलाकर मृतक को पिला दिया गया। मौका देखकर योजना के अनुसार 6 सितंबर की रात शव को उक्त कुआं में दोनों के द्वारा ले जाकर डाल दिया गया। दोनो अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया।

## तरहसी : हाई मास्ट लाईट लगाने को लेकर किया भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता



तरहसी पलामू। चतरा लोकसभा सांसद और भाजपा नेता अमरनाथ गुप्ता के द्वारा बेदानी मोड़ चौक, शिव मंदिर चौराहा पर हाई मास्ट लाईट लगाने हेतु सांसद प्रतिनिधि बिनोद प्रसाद गुप्ता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजित प्रसाद और सभी कार्यकर्ता ने मिलकर भूमी पूजन किये। मौके पर बिनोद गुप्ता ने कहा कि चौक चौराहा के बिकास के लिए सांसद का अधिक ध्यान है, हर चौक की सुन्दरीकरण किया जायेगा। हर जगह रौशनी और पानी पहुचाने के प्रधानमंत्री के स्कीम को सांसद गम्भीर होकर कार्य कर रहे हैं। बेदानी मोड़ चौक के यात्री शेड को भी मरम्मती कराई जाएगी। सांसद सभी जाति को लेकर चलते है। मौके पर जिला प्रतिनिधि संतु राम, पंचायत मुख्या महेंद्र पासवान, अनिल गिरी संजय चंद्रवंशी, करण शर्मा, अमित शर्मा, सुरेश राम, अनिल सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा नगर मंडल ने किया मिट्टी संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



मिट्टी संग्रह करते भाजपाई।

बिश्रामपुर (पलामू)। भाजपा नगर मंडल व महिला मोर्चा द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय से मिट्टी संग्रह किया गया। मिट्टी संग्रह कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम आर्य ने संयुक्त रूप से किया।

मिट्टी संग्रह विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के कई घरों से हुआ। बबन राम ने कहा कि मिट्टी को नमन,वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर जा कर मिट्टी संग्रह करना है। मौके पर महामंत्री मनीष कुमार, वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, रजनीश चंद्रवंशी,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश मेहता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी, बेबी देवी,संगीता देवी, रेखा देवी, शिव कुमारी देवी, गुड़ी देवी, सुरेश चंद्रवंशी, गिरधारी साव सहित कई लोग मौजूद थे। इधर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा की अध्यक्षता कई महिला कार्यकर्ताओ ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कई गांवों में घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह किया गया।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वीरगाथा परियोजना एवं स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का आयोजन

## बहादुर सैनिकों के जीवन और कहानियों को प्रदर्शित किया जायेगा : प्राचार्य

स्वच्छता पखवाड़ा के इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई

खबर मन्त्र संवाददाता







मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वीरगाथा परियोजना एवं स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदित हो कि यह पखवाड़ा 1 से 15 सितंबर तक चलेगी। स्वच्छता पखवाड़ा के इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वीरगाथा परियोजना का उद्देश्य भारत के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजली देना और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी विरासत को संरक्षित करना है। इस परियोजना के तहत मल्टीमीडिया सामग्री को तैयार किया जाएगा। जिसके जरिए देश के बहादुर सैनिकों के जीवन और कहानियों को प्रदर्शित किया जाएगा। वीरगाथा परियोजना की स्थापना 2021 में वीरता पुरस्कार पोर्टल यानी गैलेंट्री अवार्ड्स पोर्टल के तहत की गई थी, जिसका उद्देश्य वीरता पुरस्कार विजेताओं की बहादुरी के कार्यों और उनकी जीवन कहानियों के विवरण को छात्रों के मध्य प्रसारित करना था। देश भक्ति की भावना को बढ़ाकर उनमें नागरिक चेतना के मूल्य पैदा किए जा सके। इस हेतु विद्यालय में छात्रों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें-पेंटिग, निबंध, रंगोली, कविता वाचन इत्यादि समाहित है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभाग के कार्य क्षेत्रों में स्वच्छता से संबंधित मुद्दों और प्रथाओं पर बल देना है। स्वास्थ्य और स्वच्छता एक दूसरे के पूरक हैं। स्वच्छता के प्रति समाज और देश के लोगों में जागरुकता की आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बोकारोः जरूरतमंदों को लगवाया कृत्रिम अंग

**बोकारो।** काशी झरिया स्थित आभा सेवा सदन के कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण कैम्प में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब की ओर से दो मरीजों को कृत्रिम अंग लगवाया गया। एक विकलांग व्यक्ति शंकर दास को जयपुर फुट द्वारा उनका पैर लगाया गया। इसी के साथ साथ अवधेश यादव एक रिक्शा चालक सेक्टर 1 का भी कृत्रिम हाथ लगवाया गया। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब की सचिव मिनी कपूर ने कहा कि आगे भी इस तरह के मरीज का इलाज रोटरी की ओर से कराया जाता रहेगा। उन्होंने आभा सेवा सदन के डा राउत के प्रति आभार जताया।

## बोकारो में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आज

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में 10 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कवि बादशाह प्रेमी (देवरिया, उत्तर प्रदेश) पवन बांके बिहारी ;पश्चिम बंगाल राकेश ओझा, आरा बिहार सरोज झा झारखंडी रामगढ़ डॉ गोविंद गजब रायबरेली करुणा कलिका व अरुण पाठक बोकारो काव्य पाठ से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। कवि व आयोजक अरुण पाठक कवयित्री व कार्यक्रम संयोजक व सह आयोजक करुणा कलिका ने बताया कि कला साहित्य संस्कृति शिक्षा व समाजसेवा को समर्पित सारथी परिवार की प्रस्तुति इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का उद्घाटन बोकारो विधायक व झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक विरोधी दल बिरंची नारायण करेंगे।

## डीवीसी प्लांट में गिरने से मजदूर की मौत

**बेरमो।** डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट परिसर में आज यानी 9 सितंबर को एक सप्लाई मजदूर रामनरेश सिंह की फिसल कर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मजदूर सीएचपी प्लांट के डोजर सेक्शन में कार्यरत थाण वह प्रथम पाली में ड्यूटी पहुंचा थाण इसी दौरान सीएचपी के समीप रास्ते में वह फिसलकर गिर गया और उसकी मौत हो गयीण कुछ देर बाद जब अन्य मजदूरों ने रामनरेश सिंह को जमीन पर पड़ा हुआ देखा तो प्रबंधन व अन्य लोगों को इसकी सूचना दीण मौके पर उसकी जांच की गई तो उसकी मौत हो गई थी। यूनियन के प्रतिनिधि व मजदूर मृतक के शव को प्लांट में रखकर उसके आश्रित को नौकरी सहित अन्य मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक मामले को सुलझाने के लिए प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही थी।

## झरिया : नये ट्रांसपोटेशन पार्क का उद्घाटन

**झरिया।** सड़क से कोयले की ढुलाई के दौरान सुरक्षा बढ़ाने के लिए, जामाडोबा समूह, झरिया डिवीजन के 6 और 7 पिट्स क्षेत्र के पास एक अत्याधुनिक परिवहन पार्क का उद्घाटन किया गया। यह पार्क मुख्य रूप से जामाडोबा कोल प्रिपरेशन प्लांट तक चलने वाले ट्रकों के लिए समर्पित है। ट्रांसपोर्टेशन पार्क का उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट रॉ मैटेरियल्स डी बी सुंदर रामम ने झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया, चीफ (सेफ्टी) नीरज कुमार सिन्हा, चीफ सेफ्टी (रॉ मैटेरियल्स) सरोज कुमार बनर्जी , मयंक शेखर, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी ने किया।

डुमरी उपचुनाव : कसमार और बेरमो में झामुमो प्रत्याशी की जीत का मनाया जश्न

# बेबी देवी की जीत पर झूमे झामुमो कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी की जीत पर कसमार प्रखंड के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने कसमार बाजारटांड़ चौक पर मिठाई बांट कर एवं पटाखे फोड़ कर खुशी जताई। प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम ने कहा कि डुमरी में हेमंत सरकार एवं स्व जगरनाथ महतो के विकास कार्यों की जीत हुई है। डुमरी के लोगों ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। आज पुरे देश में भाजपा नीत मोदी सरकार सारे नीति नियम व संविधान को बदलने की बात कह रही है। सीपीआईएम नेता कामरेड शकूर अंसारी ने कहा कि डुमरी की जीत इंडिया गठबंधन की जीत हुई है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम सचिव सोहेल अंसारी झामुमो नेता सिकंदर कपरदार हरेंद्र महतो सौकत अली मोबीन अंसारी रामसय हांसदा अभिशर महतो द्वारिका महतो जानी बाबू इरफान अहमद जगेश्वर महतो राजेन्द्र महतो तनवीर आलम महेश महतो महबूब अंसारी रविशंकर महतो रिजवान अंसारी शाहिद रजा चिश्ती गणेश रजवार कुर्बान अंसारी गुड्डू मिश्रा अतीक अंसारी बबलू अंसारी आदि मौजूद थे।



कसमार में बेबी देवी की जीत पर जश्न मनाते झामुमो कार्यकर्ता।

### फुसरो में आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जीत की खुशी मे फुसरो मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बोकारो जिला उपाध्यक्ष मदन महतो के नेतृत्व मे विजय जुलूस निकाला गया। गौरतलब है कि झारखण्ड सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के मृत्यु होने के वजह से ही डुमरी विधान सभा मे उपचुनाव कराया गया। जिसमे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ;इंडियाद्व गठबंधन के उम्मीदवार बेबी देवी ने नेशनल डेमोक्रेटीव पार्टी के उम्मीदवार ;आजसूद्व यशोदा देवी को 17100 वोटो से शिकस्त दी। अपनी पार्टी प्रत्याशी की जीत की खुशी मे फुसरो मे विजय जुलूस निकाल कर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने कर पटाखा फोड एवं एक दुसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। वही मदन महतो ने कहा कि डुमरी विधानसभा के उपचुनाव मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की ऐतिहासिक जीत के लिए डुमरी विधानसभा के जनता को तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ। डुमरी की जनता ने बेबी देवी को जिताकर कर स्वर्गीय जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। आगे उन्होने कहा कि डुमरी की जीत स्वर्गीय जगरनाथ महतो उर्फ टाइगर को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।



## सनातन के खिलाफ आपत्तिजनक बयान पर बोकारो में धरना-प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विभिन्न हिन्दू संगठनों के लोगों ने सनातन धर्म के विषय में आपत्तिजनक वक्तव्य देने के खिलाफ सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर में हिन्दू राष्ट्र जागृति आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन का आयोजन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उक्त बयान को लेकर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे तथा द्रमुक के सांसद ए राजा के विरोध में अपराध प्रविष्ट कर उन पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। भारतीय मजदूर संघ के कृष्ण रॉय ने कहा कि आपत्तिजनक बयान देनेवाले तीनों ही संवैधानिक पदों पर हैं और तब भी उन्होंने ऐसी ओछी व भद्दी टिप्पणी की। इससे हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा पूरे देश में रोष का वातावरण है। हिन्दू जनजागृति समिति के पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत राज्य समन्वयक शंभू गवारे ने कहा कि ऐसी बयानबाजी कर उक्त नेताओं ने समाज में धार्मिक तनाव एवं संघर्ष की स्थिति पैदा की है, इसलिए इन तीनों पर हेटस्पीच के प्रकरण में आपराधिक मामला चलना चाहिए। इन सभी पर आपराधिक दंड संहिता 1973 की धारा 196 के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाए और यथाशीघ्र कड़ी कार्रवाई हो। मौके पर राजेश दुबे संजीव कुमार ;विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशांत अरुण केसरी एवं रंजीत प्रसाद अनुरंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

## झरिया राजा तालाब में मछली पालन शुरू

विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की पहल रंग लायी

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पहल पर झरिया के एतिहासिक राजा तालाब में मछली पालन शुरू। मत्स्य विभाग द्वारा बकरीहट्टा मोड़ स्थित राजा तालाब मे शनिवार को मछली बिक्री केन्द्र की शुरूआत हुई। जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण ने विधिवत फीता काटकर बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान धनबाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी संतोष उरांव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद सबसे बड़ा सवाल इस प्राचीन तालाब की देखरेख करने का था। पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग तालाब में मछली पालन व बिक्री का मांग झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से कर रहे थे। मछली बिक्री केन्द्र की शुरूआत होने से मछुआरों में आश की किरण दिखा। धनबाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी संतोष उरांव ने बताया कि स्थानीय समिति के सहियोग से मछलियों के आहार की व्यस्था की जाएगी। मछलियों की बिक्री व पालन से मछुआरों को रोजगार मिलेगा। मत्स्यजीवी सहयोग समिति की देखरेख में मछली पालन किया जा रहा है।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मत्स्य जीवी सहयोग समिति झरिया नगर निगम के सदस्य अजय निषाद, अर्जुन निषाद, विजय निषाद, विक्की निषाद, रोशन निषाद, रंजीत निषाद के साथ कई मछुआरे मौजूद थे ।



उद्घाटन करतीं विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

### स्टालिन की टिप्पणी पर जताया आक्रोश

**बोकारो।** संयुक्त भारतीय धर्म संसद के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र सह राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन तथा द्रमुक उपसचिव सह सांसद ए राजा द्वारा सनातन धर्म के प्रति की गई भद्दी टिप्पणी एवं इसे मिटाने की बात कहने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे सनातनियों की आस्था पर आघात बताया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म न सिर्फ दुनिया का सबसे पुराना धर्म है, बल्कि इसने सबको साथ लेकर चलने का मंत्र भी बताया है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत

मदर टेरेसा स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी में सावधिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एसीसी प्रबंधन के सीएसआर अधिकारी प्रदीप पाण्डेय, सीएसआर अध्यक्ष सह समाजसेवी अंबुज मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया। हालांकि शहर में चर्चा यह भी है कि अदानी एसीसी सिमेंट फैक्ट्री से सटे उत्क्रमित मध्य व उच्च विद्यालय सरकारी स्कूल की उपेक्षा कर प्रबंधन तीन किलोमीटर दूर निजी विद्यालय की इतनी तिमारदारी क्यों कर रहा है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में कक्षा पंचम से प्रथम रिशु सिंह, द्वितीय अंतरा कुमारी तथा तृतीय शिवानी कुमारी रही। कक्षा छः से प्रथम मौ फैजन अंसारी, द्वितीय अर्नव कुमार तथा तृतीय अनीश कुमार यादव थे। कक्षा सात से प्रथम पायल कुमारी, द्वितीय जानवी कुमारी तथा तृतीय रानी कुमारी रही। कक्षा आठ से अनुभव कुमार प्रथम, द्वितीय इन्द्रजीत कौर तथा तृतीय जैस्मीन कुमारी रहीं। नौवीं कक्षा में सागर मरांडी प्रथम, द्वितीय अदिति कुमारी दुबे, तृतीय विनीता कुमारी रहीं। दसवीं कक्षा में प्रथम प्रिया कुमारी, द्वितीय पुतूल कुमारी तथा तृतीय सुहानी कुमारी रहीं। वहीं सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले नौवींकक्षा के छात्र सागर मरांडी को एक वर्ष निःशुल्क शिक्षा की घोषणा विद्यालय प्रबंधन ने की।



पुरस्कार के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

### धनबाद : नवंबर में होगा जदयू का प्रमंडलीय सम्मेलन

**धनबाद।** शनिवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला कार्यसमिति के पदाधिकारी/प्रखण्ड कार्यसमिति के पदाधिकारी/नगर कार्यसमिति के पदाधिकारी सहित सभी प्रमुख नेताओं की बैठक गांधी सेवा सदन, धनबाद में की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव थे।

## विद्यार्थियों ने ली बाल विवाह नहीं करने की शपथ

गुड टच और बैड टच की दी गई जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शनिवार को राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में लायंस क्लब कतरास , विद्यालय के शिक्षक एवं सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ साथ कानूनन अपराध है, बाल कानून का डंडा चलाकर नही बल्कि जन जागृति लाकर समाप्त किया जा सकता है श्री मुखर्जी ने आगे कहा कि बाल विवाह समाप्त करने के लिए सबसे बच्चो को शपथ लेना होगा कि हम बाल विवाह नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा की बाल मुक्त धनबाद निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा व्यापक पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे सभी की भागीदारी से इसे सफल बनाया जा सकता है। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने बाल विवाह अधिनियम 2006 एवं लैंगिक अपराध 2012 की विस्तृत जानकारी दिया, उन्होंने छात्रों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी देते हुए बच्चों के ऊपर हो रहे हिंसा का विरोध करने एवं चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया। लायंस क्लब के डा0 मधुबाला ने कहा की बच्चो की सुरक्षा हम सबों की जिम्मेवारी है, छात्र चाह ले तो हम सभी मिलकर बाल विवाह जैसे कुरीति को समाप्त कर सकते है।



बाल विवाह नहीं करने की शपथ लेते विद्यार्थीगण।

# सिंदरी में सिवरेज सिस्टम को दुरुस्त करना जरूरी : अजय

सिंदरी की सर्वाधिक ज्वलंत समस्याओं पर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** झारखंड के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता के शुक्रवार को धनबाद आगमन पर सिंदरी काँग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने सिंदरी के तीनों वार्डों की खस्ताहाल सड़कों, नालियों की दुर्दशा सहित सिवरेज सिस्टम पर सुधार के लिए स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सिंदरीवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिंदरी शहर के नागरिकों के सर्वाधिक ज्वलंत समस्याओं पर शहर को सुव्यवस्थित करने को लेकर उन्हें जानकारी दी। नगर अध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने इसपर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नगर अध्यक्ष ने शनिवार को धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन और धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार को भी उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि सौंपी। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वार्ड नं 53 में नूतनडीह, गौशाला और मोतीनगर की सड़कों की हालत बदहाल है। वार्ड नं 54 में गौशाला मयूर गेट से लेकर शहरपुरा के कल्पना टॉकीज में गढ्ढों के बीच सड़क दिखाई देता है। कल्पना टॉकीज से अयप्पा मंदिर तक और शहरपुरा बाजार से के वन कॉलोनी होते हुए एस एल टू तक तथा उनसे जुड़ी सड़कें बदहाली के आलम में लोगों को मुँह चिढ़ा रही है। वार्ड नं 55 में आर एम के फोर की कई सड़कें जर्जर हालत में हैं।



जन समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपते लोग।

### नष्ट हो गया है सिवरेज सिस्टम

कई जगहों पर कई वर्षों से देखरेख की अभाव झेल रहा सिवरेज सिस्टम तहस नहस हो चुका है। इसके साथ ही बड़े झाड़ियों तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बदलाव खोज रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री सहित धनबाद उपायुक्त व नगर आयुक्त ने इसपर कड़े कदम उठाने का भरोसा जताया है।

एक नजर में

## बीजीएच में मना राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा



नेत्रदान पखवाड़ा में शामिल नर्सें।

**बोकारो।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जागरूकता हेतु बीजीएच नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरीय चिकित्सक उपस्थित थे, जिन्होंने नेत्रदान के बारे में जागरूकता और महत्व पर प्रकाश डाला। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ सोफिया अहमद ने नेत्र दान के विभिन्न पहलुओं और इसके बारे में जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नेत्रदान हमेशा मृत्यु के बाद ही किया जाता है और इसे उम्र लिंग रक्त समूह इत्यादि की परवाह किए बिना कोई भी व्यक्ति कर सकता है। उल्लेखनीय है कि बीजीएच के नेत्र विभाग में आई बैंक की सुविधा भी है।नेत्रदान को संकल्पित व्यक्ति कैजुअल्टी के पास पेजिंग रूम में रखे दान रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

## भाजपा मंडल का मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम




**राजगंज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल द्वारा दलूडीह पंचायत के चुंगी गांव के बजरंगबली मंदिर के प्रांगण से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।इस कार्यक्रम के तहत चार पंचायत में मिट्टी को नमन ,वीरों का वंदन, राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान, अमृत कलश में लाई मिट्टी को कर्तव्य पथ पर शहीद हुए शहीदों को स्मरण कराने वाली अमृत वाटिका में समर्पित करना है ।इस कार्यक्रम को आज दलूडीह पंचायत, महेशपुर पंचायत, राजगंज पंचायत, धावाचिता पंचायत, में अमृत कलश में पंचायत के सभी गांव से मिट्टी संग्रह किया गया ।कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित टुंडी विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम पाण्डेय, रमेश महतो, सुरेश महतो, सुदाम चंद्र अड्डी, संजीत सिंह, आर. के. चौधरी, अमरेश कुमार, अजय साहनी, जसवंत सिंह, लखी चंद्र रजवार, धनंजय मिश्रा, डब्लू कुमार, सिंकु पाण्डेय, फटीक चौधरी, संजय चौधरी, सुनील साव उपस्थित थे।

## साउंड एंड डीजे डेकोरेटर्स संघ का अधिवेशन

**धनबाद।** शनिवार को न्यू टाउन हॉल में धनबाद जिला विधुत,साउंड एंड डी. जे. डेकोरेटर्स संघ का 13 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस 13 वां वार्षिक अधिवेशन के उपलक्ष्य पर ब्लड डोनेशन का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें समाचार लिखे जाने तक 78 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जिले से विधुत,साउंड एंड डीजे के ओनर उपस्थित हुए। साथ ही अधिवेशन में पश्चिम बंगाल के बर्नपुर, आसनसोल, दुगार्पुर, चंदन नगर, बिहार के सासाराम, झारखंड के बगोदर, चास, गिरिडीह, बरही, बगोदर, कोडरमा, बोकारो समेत अन्य जिलों के डेकोरेटर संगठन से जुड़े पदाधिकारी पहुंचे थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
D.W.& S. Division Jhumritelaiya

Notice No - Very Short Quotation Notice Date :-

Sealed Quotation is hereby invited from Registered Travel Agency for supply of Light motor vehicle /Bolero/Sumo/Scorpio on monthly basis with driver and fuel for D.W. & S. Division Jhumritelaiya for purpose of field visit /office work so as to reach the undersigned on 15.09.2023 up to 3.00 PM. The quotations will be the opened on the same day at 4:00 P.M in the presences of the quotationers or his authorized Person at that time.

| Sl no | Particular | Quantity | Unit | Rate inclusive all taxes |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Light motor vehicle (Bolero/Sumo/Scorpio ) | 1 | Each | |
| 2 | Fuel Average with AC | - | Per KM | |
| 3 | Fuel Average with Non AC | | Per KM | |

Terms and Condition

Rate must be quoted hire charge of vehicle and fuel per KM separately with A.C or Non A.C. Fuel rate will be variable as per current price. Monthly payment will be made as per availability of fund. Conditional quotation will not be accepted. The undersigned reserve the right to accept or reject any or all the quotations without any reason.

Executive Engineer
D. W. & S. Division, Jhumritelaiya

PR 306533Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाष: (06526) 222932, फैक्स: 224599
ई-मेल: ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

विज्ञापन संख्या–05/2023

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3119 दिनांक 08.08.2023 एवं पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 के आलोक में पूर्णकालिक गणित शिक्षिका (अ0ज0जा0) के अभ्यर्थियों के लिए जिला में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 27.09.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल, समाहरणालय, लोहरदगा में आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहत प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना में अनिवार्य रूप से दिनांक 27.09.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साधारण डाक से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें। विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR.NO.306518 Lohardaga(23-24):D

समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–04, लातेहार।

–:अल्पकालीन निविदा सूचना:–

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार में सरकारी पुलिस वाहनों के हुड/पर्दा की लाईफ लम्बें समय हो जाने के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण वाहनों की सही रख–रखाव हेतू नये हुड/पर्दा की सिलाई एवं फिटिंग करने की आवश्यकता है, जिसकी निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाना है, जिसका अल्पकालीन निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | वाहन का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | टाटा 407 ट्रक | प्रतिवाहन |
| 2 | 05 टनर | प्रतिवाहन |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–22/09/2023 तक अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, लातेहार कैम्पः– न्यू पुलिस केन्द, लातेहार में समय–11:00 बजे पूर्वा0 तक सील बन्द लिफाफा में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–23/09/2023 को समय–11:00 बजे निविदा दाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तें:–

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वर्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिमराशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01(एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषाजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदादाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सीलबन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोट:–इन सभी शर्तों को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार।

PR 306541 (Police) 23-24 (D)

# विश्व में सम्मान पाती और आगे बढ़ती हिंदी

## समय संवाद

जब भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को 14 सितंबर को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था।भारतीय संविधान और कानून शुरू में अंग्रेजी में लिखे गए थे जब तक कि देश के लोग एक आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को जोड़ने के लिए नहीं आगे बढ़े थे। यह निर्णय 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और भारतीय संविधान के आर्टिकल 343 के तहत देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया। जबकि भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं, उनमें से केवल दो आधिकारिक भाषाएं हैं हिंदी और अंग्रेजी।

**एनके मुरलीधर**




**हिंदी** देश की मूल भाषा है। हिंदी मजदूरों की भाषा, फिल्मों की भाषा, आजादी की लड़ाई की भाषा है। हिंदी पट्टी की आर्थिक संपन्नता के साथ हिंदी पूरी दुनिया में बढ़ रही है। प्रसिद्ध राजनेता देवराज अर्स कहा करते थे कि मैं अच्छी हिंदी नहीं बोल पाया इस कारण कभी प्रधानमंत्री की प्रतिस्पर्धा में मुझे आत्मविश्वास ही नहीं आया। आप अगर भारत में बेहतर करना चाहते हैं तो आज कम से कम बेतहर हिंदी में संवाद की योग्यता विकसित कर लें।

वर्तमान सरकार ने तकनीकी विषयों में हिंदी को स्थापित करने का प्रयास किया है यह कितना सफल होगा यह अभी कहना उचित नहीं है लेकिन संत विनोवा भावे की एक उक्ति सही है कि आप हिंदी, अंग्रेजी और एक क्षेत्रिय भाषा के लिये बनें हैं। आपके दो कान अंग्रेजी और क्षेत्रिय भाषा है लेकिन आपका मुख हिंदी रहे तो आप संपूर्ण हो जाते हैं।

देश में हिंदी दिवस समारोह विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है और विभिन्न स्कूल, कॉलेज और कार्यालय इस दिन को मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करते हैं।

हिंदी दिवस का जश्न पहली बार 1949 में शुरू हुआ था जब भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को 14 सितंबर को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था।भारतीय संविधान और कानून शुरू में अंग्रेजी में लिखे गए थे जब तक कि देश के लोग एक आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को जोड़ने के लिए नहीं आगे बढ़े थे। यह निर्णय 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और भारतीय संविधान के आर्टिकल 343 के तहत देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया। जबकि भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं, उनमें से केवल दो आधिकारिक भाषाए हैं हिंदी और अंग्रेजी।

देश में हिंदी दिवस समारोह विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है और विभिन्न स्कूल, कॉलेज और कार्यालय इस दिन को मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करते हैं। हिंदी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है, हालांकि, बहुत से लोग हिंदी को राष्ट्रभाषा भी मानते हैं। भारत में राष्ट्रभाषा नहीं है और कई उल्लेखनीय लोगों ने पुष्टि की है कि हमारे बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश से एक भाषा को राष्ट्रीय भाषा घोषित करने से भारत की मूल्य प्रणाली सही नहीं होगी।

स्वतंत्रता के युद्ध से ही, देश के लिए एक भाषा का आह्वान किया गया था। विभिन्न राज्यों के मंत्रियों ने हिंदी को देश के लिए संचार की भाषा के रूप में स्वीकार किए जाने का सुझाव दी थी। भारत के उत्तरी भाग के अलावा, पश्चिमी भारत के राज्यों ने हिंदी के साथ-साथ उनकी मूल भाषा बोली और समझी। लेकिन भारत के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी राज्यों ने हिंदी को एक विदेशी भाषा के रूप में पाया।

यही कारण है कि स्वतंत्रता के बाद हिंदी को भारत की राष्ट्रीय भाषा घोषित नहीं किया गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार, हिंदी भाषा के प्रसार को बढ़ावा देना केंद्र सरकार का कर्तव्य है, ताकि वह भारत की समग्र संस्कृति के सभी तत्वों के लिए अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। हिंदी को देश की राजभाषा घोषित किए जाने के दिन ही हर साल हिंदी दिवस मनाने का फैसला किया गया। हिंदी की अपनी ताकत है, अपनी गति है और अपने शब्द भी।

# त्याग और वैराग्य के प्रतीक हैं भगवान राम

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म** की कथा मनोरंजक होने के साथ प्रेरणादाय होती है। कथाओं में जो गूढ़ रहस्य होते हैं उन्हें समझने की आवश्यकता है। राम कथा में जितने भी पात्र है उनके गुणों को अपने अंदर उतारने की आवश्यकता है। हनुमान के भाव को समझाने के लिए जिस प्रकार हनुमान के दिल में राम, लक्ष्मण और सीमा को बताया जाता है वह एक बड़ा उदाहरण है। राम त्याग के प्रतिक थे, लक्ष्मण बैराग्य के प्रतिक और सीता सेवा की प्रतिक थी। हनुमान के ह्दय में त्याग, बैराग्य और सेवा कूट-कूट कर भरा था यही इस बात का संकेतात्मक उदाहरण है। आज समाज में त्याग, बैराग्य और सेवा भाव की कमी है। हनुमान की पूजा का अर्थ इन सभी गुणों का अपने अंदर स्थापना करना है। यह कैसे संभव है? यह तब संभव है जब हम इन गुणों से युक्त संत-महात्माओं की संगत करें। उनका अनुसरण करें। त्याग के बिना समाज नहीं चल सकता है। जीवन के क्रम में वैराग्य भाव आना भी आवश्यक है। लक्ष्मण जैसा वैराग्य जिन्हें कोई आवश्यकता नहीं थी कि जंगल जाये लेकिन वे राम की त्याग और सीता की सेवा का सम्मान किया। भारतीय परम्परा में भक्ति और बैराग्य का महत्व है। सामाजिक जीवन में आज भी पुरानी परम्परा ज्यादा मान्य हैं। विवाह परम्परा में लड़की को पिता लड़का के लिए अपनी पुत्री दान करता है और वह सब कुछ छोड़कर पति के घर आ जाती है। भारतीय महिलाओं के इसी त्याग के कारण समाज को मजबूती मिली है। बैराग्य परम्परा में भी सन्यासी सब कुछ छोड़कर गुरु आश्रम में आ जाते हैं। भक्ति और ज्ञान भी समय काल और स्थितियों के अनुसार बदला है। ब्रंहम विद्यालय की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि छपरा से यह भक्ति परमहंस दयाल जी के माध्यम से टेरी वर्तमान पंजाब तक प्रसारित हुई। पंजाब में विकसित हुई और फिर काशी होती हुई बक्सर आ गई। अठारहवीं सदी के मध्य से अब तक लगातार संत महात्माओं, ब्रम्ह ज्ञानियों की परम्परा में सन्यासी बनते रहे। भक्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग होने के साथ काई भी कर्म कांड स्वीकार नहीं किया गया। सन्यास का अर्थ समाज से दूर होना या भागना नहीं है। सन्यास का अर्थ समाज में भक्ति, ज्ञान और बैराग्य का प्रचार प्रसार करते हुये जीव की मुक्ति के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

पूरी दुनिया में भारत से ही संत परम्परा फैली है। भौतिक साधनों का अंत नहीं है लेकिन जीव और जीवन का अंत होता है। इसलिए जीवन के अंत को भयहीन और चिंता से ज्ञान के बल पर ही मुक्ति पायी जा सकती है।

(ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम छोटाका राजपुर, बक्सर,बिहार शाखा कुटी रांची)

# तुलसी साहित्य के अन्यतम अध्येता - फादर कामिल बुल्के



**बिनोद सिंह गहरवार**

**तैसेहिं सुकबि कबित बुध कहहीं।**
**उपजहिं अनत अनत छबि लहहीं।।**

की युक्ति को अक्षरशः चरितार्थ करने वाले, सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति के अलौकिक अग्रदूत,रामचरित मानस के अन्यतम अध्येता,गोस्वामी तुलसीदास एवं महर्षि वाल्मीकी के आदर्शों को इस धरा-धाम पर प्रसारित-प्रचारित करने वाले सिद्धहस्त लेखक तथा सर्वधर्म समभाव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाले सच्चे सुचेता,हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार फादर कमिल बुल्के का जन्म 01 सितंबर, 1909 को बेल्जियम के रम्सकपैल गाँव में भले ही हुआ था पर उनको लोक प्रसिद्धी भारत में मिली।

सच पूछो तो वे एक शिक्षक के रूप में ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार के लिए भारत आए थे। पर हिंदी की दिव्यता और रामचरितमानस की पवित्रता से इतना प्रभावित हुए कि सब कुछ छोड़कर मीरा की तरह पायोजी मैंने राम रतन धन पायो का अनुशीलन कर विज्ञान के शिक्षक होकर भी हिंदी से प्रेम करने लगे। उनका हिंदी प्रेम इतना परवान चढ़ा कि 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में एम०ए० फिर वही से माता प्रसाद गुप्त के मार्गदर्शन में 1949 में राम कथा के विकास विषय पर पी० एच०डी० किये जो बाद में राम कथा उत्पत्तिः और विकास किताब के रूप में चर्चित हुई। इसके बाद तो वे राम कथा में इतना रम गए कि...

**तुलसी सर नाम गुलामु है राम को**
**जाको रुचे सो कहै कछु कोऊ**
**मांगि के खैबो मसीत को सोइबो**
**लैवे को एकु न देवै को दोऊ**

के मंगल पथ के मंगल पथिक बन राम कथा, मुक्तिदाता तथा मानस कौमुदी जैसी पुस्तकों की रचना की।अंग्रेजी हिन्दी कोश हिन्दी साहित्य को उनकी अनुपम देन है।

फादर बुल्के के ह्दय में रामचरित मानस के प्रति अथाह सागर उमड़ता रहता था,जो आज भी हिन्दी साहित्यानुरागियों के लिए चरणामृत का काम कर रहा है। उसका पान कर आज भी लोग धन्य- धन्य हो रहे हैं।

उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व को पढ़ने के बाद ऐसा लगता है कि,जो संकल्प,अटूट, निष्ठा और निस्वार्थ समर्पण तुलसी दास जी के ह्दय में राम के लिए थी,वही निष्ठा फादर बुल्के के ह्दय में रामचरित मानस के लिए थी....

**हम चाकर रघुवीर के, पटौ लिखो दरबार।**
**अब तुलसी का होहिगे, नर के मनसबदार।।**

अर्थात,अगर चाकरी हीं करनी है,तो रघुनाथ की करनी है,किसी और की नहीं।ठीक यही स्थिति फादर बुल्के के साथ थी। उन्हें भी समस्त मानवता की सेवा राम चरित मानस के माध्यम से जीवनपर्यंत करनी थी।इसलिए वे धर्म के संकरे चारदीवारी से बाहर निकल,₹परहित सरिस धर्म नहीं भाई₹को अपनाया जो रामचरित मानस का बीज मंत्र है।वो ये मान कर चले कि परमार्थ रामचरित मानस के बिना नहीं किया जा सकता,बात भी सही है......

**राम नाम अलम्ब बिना, परमारथ की आस।**
**बरसत बारिद बुंद गही, चाहत चढ़न आकाश।।**

इसलिए उन्होंने राम चरितमानस का केवल अध्ययन हीं नहीं किया बल्कि उस पर शोध किया,आत्म मंथन किया और मंथन के उपरांत निकले अमृत को जन-जन तक बांटने की कोशिश की।वे हमें उपदेश देते हैं कि, यदि सुख की प्राप्ति करनी है या मानवता की सेवा करनी है तो मानस को छोड़ कहीं अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं है। जिस तरह से चातक अपने पुत्र को, अपने कुल धर्म की शिक्षा देता है,कि उनके कुल की मयार्दा है कि स्वाति नक्षत्र के जल के सिवाय वे किसी दूसरे जल से अपनी प्यास नहीं बुझा सकते।उसी तरह हम रामचरितमानस के सिवाय किसी अन्यत्र के द्वारा अपने अध्यात्मिक,नैतिक सांस्कृतिक,सामाजिक या मानवीय उद्देश्यों की प्यास नहीं बुझा सकते। ........

**चातक सुतहि सिखावहीं,आन धर्म जिन लेहु।**
**मेरे कुल की बानि है, स्वाति बूंद से नेहु।।**

राम चरित मानस रूपी स्वाति बूंद से नेह रखने वाले,चातक, फादर बुल्के को कोटि-कोटि नमन।

(कैम्ब्रियन स्कूल रांची)

# नए अछूत

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

**हमको** देखो हम सवर्ण हैं
भारत माँ के पूत हैं,
लेकिन दुःख है अब भारत में,
हम सब 'नए अछूत' हैं;

सारे नियम सभी कानूनों ने,
हमको ही मारा है;
भारत का निमार्ता देखो,
अपने घर में हारा है;
नहीं हमारे लिए नौकरी,
नहीं सीट विद्यालय में;
ना अपनी कोई सुनवाई,
संसद में, न्यायालय में;
हम भविष्य थे भारत माँ के,
आज बने हम भूत हैं;
बेहद दुःख है अब भारत में;
हम सब 'नए अछूत' हैं;

'दलित' महज आरोप लगा दे,
हमें जेल में जाना है;
हम-निर्दोष, नहीं हैं दोषी,
ये सबूत भी लाना है;
हम जिनको सत्ता में लाये,
छुरा उन्हींने भोंका है,
काले कानूनों की भट्ठी,
में हम सब को झोंका है;
किसको चुनें, किन्हें हम मत दें?
सारे ही यमदूत हैं;
बेहद दुःख है अब भारत में;
हम सब 'नए अछूत' हैं;

प्राण त्यागते हैं सीमा पर,
लड़ कर मरते हम ही हैं;
अपनी मेधा से भारत की,
सेवा करते हम ही हैं;
हर सवर्ण इस भारत माँ का,
एक अनमोल नगीना है;
अपने तो बच्चे बच्चे का,
छप्पन इंची सीना है;
भस्म हमारी महाकाल से,
लिपटी हुई भभूत है;
लेकिन दुःख है अब भारत में,
हम सब 'नए अछूत' हैं..

देकर खून पसीना अपना,
इस गुलशन को सींचा है;
डूबा देश रसातल में जब,
हमने बाहर खींचा है;
हमने ही भारत भूमि में,
धर्म-ध्वजा लहराई है;
सोच हमारी नभ को चूमे
बातों में गहराई है;
हम हैं त्यागी,हम बैरागी,
हम ही तो अवधूत हैं;
बेहद दुःख है अब भारत में,
हम सब 'नए अछूत' है

**(समाज के सभ्य बंधुओ को समर्पित?**

# अवसादग्रस्त लोगों को दिखानी होगी सही राह

**(विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस/10 सितंबर विशेष) योगेश कुमार गोयल**

**दुनियाभर** में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से ह्यविश्व आत्महत्या रोकथाम दिवसह्ण मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2023 की थीम है ह्यक्रिएटिंग होप थ्रू एक्शनह्ण। इस थीम का उद्देश्य अपने काम के जरिये लोगों के बीच उम्मीद पैदा करना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा ह्रदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। कोरोना काल में लोगों में हताशा और निराशा ज्यादा बढ़ी, जिससे आत्महत्या का प्रतिशत भी लगातार बढ़ा। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।



बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर ह्यभारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएं-2021ह्ण रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक 2021 में देश में 164033 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या करियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं।

इस रिपोर्ट से साफ है कि कोरोना के कारण आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव, पारिवारिक कलह, रिश्तों में टूटन तथा बीमारी से परेशानी सहित कई अन्य कारणों के चलते देश में 2021 में आत्महत्या का आंकड़ा 2020 के मुकाबले करीब 7.2 फीसदी बढ़ा। 2020 में 153052 लोगों ने आत्महत्या की थी। मनोचिकित्सकों के मुताबिक इंसान को कोरोना ने शारीरिक रूप से जितना बीमार किया, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं।

# बच्चों को स्मार्ट फोन से दूर रखें ,उन्हें बचायें

**सोनाली भट्टाचार्या**



**अगर** आपका बच्चा भी मोबाइल, लैपटॉप, टैब के बिना कुछ देर भी नहीं रह पाता, तो सतर्क हो जाइए क्योंकि यह छोटी सी लापरवाही आपके और आपके बच्चे के लिए बड़ी मुसीबत ला सकती है। दरअसल अधिक स्क्रीन देखने के आदी हो चुके बच्चे अपनी उम्र के हिसाब से अधिक एग्रेसिव और चिड़चिड़ेपन के शिकार हो रहे हैं। यही नहीं, उनमें डिप्रेशन अनिद्रा जैसी मानसिक समस्याएं भी देखने को मिल रही है।

अधिक मोबाइल अथवा लैपटॉप के साथ समय बिताने की वजह से बच्चों की आंखों, गर्दन, सिर आदि में दर्द भी आम समस्या है। विशेषज्ञ यह भी मान रहे हैं कि अगर बच्चों की इस आदत में तुरंत सुधार नहीं किया गया तो आगे चल कर वह एंटीसोशल और एंटी सोशल भी हो सकते हैं। ऐसे में यहां आपको कुछ ऐसे उपाय बताए जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चों की इस आदत से बाहर आने में मदद कर पाएंगे।

1. बच्चे अपने माता पिता की परछाई होते हैं। उन्हें अपने पेरेंट्स की नकल करना बहुत ही अच्छा लगता है। ऐसा कहा जा सकता है कि बच्चे पहली बार मोबाइल या लैपटॉप को अपने पेरेंट्स की नकल करते करते ही उठाते हैं। ऐसे में काम के अलावा भी अगर आप मोबाइल में लगे रहते हैं तो सबसे पहले अपनी आदत बदलें। बच्चों के लिए वक?त निकालें और मोबाइल पर बिना मतलब समय बिताने की जगह बच्चों के साथ खेलें।

2. तीन-चार साल के बच्चों को बचपन से ही अपने साथ छोटे मोटे काम में व्यस्त रखें। गमले में पानी डालना, डस्टिंग, कपड़े तह करना, उन्हें सही जगह पर रखना जैसे काम उन्हें बहुत ही पसंद आते हैं। उनकी गलतियों को एन्जॉय करें और उन्हें भी यह एहसास दिलाएं कि वह कितने हेल्पिंग हैं। इससे उनका आत्माविश?वास भी बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर भी बनेंगे।

3. अपने बच्चों को हर कला में एक्सपोजर दें। पेंटिंग, डांस, म्यूजिक घर में ही सिखाएं. जबरदस्ती ना करें। उन्हें खुद से करने दें. कम उम्र में एक्सपर्ट बनाने की ना सोचें। उन्हें लाइफ इंजॉय करने दें। उन्हें सिखाएं कि मोबाइल से कहीं बेहतर उनका आर्ट है। धीरे धीरे वे मोबाइल देखना कम कर देंगे।

4. सुबह उठें और बच्चों को वॉक पर जाने की आदत डालें। पार्क में उनके साथ खेलें और मौज मस्ती करें। उन्हें नेचर का महत्व समझाएं इससे उनमें सोचने-समझने की क्षमता बढ़ेगी। वे अकेले में भी इन विषयों पर सोचेंगे और मोबाइल नहीं मांगेगे।

5. मार पीट कर ना सिखाएं नहीं तो बच्चे जिद्दी हो जाएंगे। यही नहीं, वे छिप छिप कर देखना सीख लेंगे। कभी भी मोबाइल देखने का लालच देकर कोई काम ना कराएं। कई बार माता पिता लालच दे देते हैं और मोबाइल नहीं देते, ऐसे में इसका निगेटिव असर पड़ता है और बच्चों में अविश्वास की भावना आ जाती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आग से जलते जंगल और नकली बारिश

**अभिषेक कुमार सिंह**

## पर्यावरण

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड से एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के समाचार हैं। इस बार आपदा बाढ़, अत्यधिक बारिश, बर्फ और भूस्खलन की नहीं, बल्कि दावानल के धधक उठने की है। हर साल की तरह इस बार भी मार्च-अप्रैल का सूखा सीजन आते ही यहां के बड़े इलाके में जंगल आग की लपटों में घिर गए हैं। दावा किया जा रहा है कि इस राज्य में लगभग 1.5 हजार हेक्टेयर भूमि पर लगे वनों को विनाशक आग स्वाहा करने को आमादा है। संकट सिर्फ जंगलों के खत्म हो जाने का नहीं है, बल्कि इससे वन्य जीव-जंतुओं, बहुमूल्य वनस्पतियों, इमारती लकड़ी के अलावा समूचे पर्यावरण और जैव विविधता के खतरे में पड़ जाने का है। यही कारण है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई करने और जरूरी होने पर कृत्रिम वर्षा का सहारा लेने की बात कही है। वैसे तो जंगल की आग थामने के कई और उपाय हैं। सरकारें और वन विभाग उन्हें अमल में लाने और दावानल पर अंकुश रखने का दावा भी करते रहे हैं, लेकिन कृत्रिम वर्षा से जंगल की आग रोकने का विचार अपेक्षाकृत नया माना जाएगा क्योंकि देश में अभी इसके उदाहरण आम तौर पर नहीं मिले हैं।

इस विषय पर एक जनहित याचिका दायर की गई। इस याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वैसे तो कई उपायों पर अमल नहीं होने को लेकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जैसे, यह पूछा कि वर्ष 2017 में उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी 12 बिंदुओं वाले दिशानिर्देशों पर आज तक अमल क्यों नहीं हुआ। अदालत ने इन दिशानिर्देशों को 6 महीने में लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही वनाग्नि से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था करने का सुझाव देते हुए राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह इस आग पर काबू पाने के लिए कृत्रिम वर्षा तकनीक का सहारा ले सकती है। इस सुझाव पर अमल की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए अदालत ने यह सावधानी बरतने को भी कहा कि कहीं कृत्रिम वर्षा से राज्य की भौगोलिक अवस्था पर कोई असर तो नहीं पड़ेगा। अदालत की इस सूझबूझ की सराहना की जानी चाहिए क्योंकि उसने उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखते हुए ही कृत्रिम वर्षा तकनीक की आजमाइश के संबंध में सलाह दी है। इस समझदारी की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई अन्य देशों (खासतौर से चीन) के उदाहरणों का हवाला देकर हमारे देश में कृत्रिम वर्षा कराने की मांग अक्सर की जाती रही है। इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के प्रोजेक्ट पर आईआईटी ने तैयारी पूरी कर ली थी। कृत्रिम बारिश कराने के लिए इसरो (इंडियन साइंस एंड रिसर्च आर्गेनाइजेशन) से एयरक्राफ्ट मिलने और आईएमडी (भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र) से डाटा आईआईटी कानपुर को उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया था। कहा जा रहा था कि कृत्रिम बारिश की मदद से हवा के जहरीले कणों की सघनता कम हो जाएगी, जिससे यहां की हवा सांस लेने के योग्य हो जाएगी।

हालांकि इस योजना पर अमल नहीं हो सका, लेकिन अब यह विचार एक बार फिर उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जंगल की आग बुझाने के संदर्भ के साथ चर्चा में आ गया है।

## कार्टून वर्ल्ड

अब ऐसे पढ़ेगी बेटी आगे ...



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

## स्पीड न्यूज

### राधा गोविंद विवि में शिक्षक सम्मानित



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शनिवार को शिक्षक हुए सम्मानित। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार, अनिल कुमार केसरी, पवन कुमार सहित अन्य व्याख्यातागण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

### सेमीफाइनल में पहुंचा रजरप्पा प्रोजेक्ट



**रजरप्पा।** कुंदरूकलां के महथा बगीचा मैदान में आयोजित झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत रजरप्पा प्रोजेक्ट बनाम पतरातू के बीच रोचक मुकाबला हुआ। जिसमें रजरप्पा प्रोजेक्ट की टीम 2-0 से विजय हुई। इसके बाद दूसरा मैच मगनपुर बनाम डूबलाबेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें मगनपुर की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। तत्तपश्चात सेकेंड राउंड का खेल रजरप्पा बनाम मगनपुर के बीच खेला गया, जिसमें रजरप्पा की टीम तीन गोल से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचा। रामगढ़ प्रखंड के उपप्रमुख पुनीता देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।

### आत्महत्या का प्रयास गलत कदम : डॉ सिद्धार्थ



**भुरकुंडा।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन रिनपास के मनोचिकित्सक डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया व काउंसेलर मुख्तार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ सिन्हा ने कहा कि अवसाद, मानसिक विकार, नशे का सेवन, अत्यधिक तनाव, सामाजिक या पारिवारिक अलगाव आदि वजहों से लोग आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। आत्महत्या का प्रयास गलत कदम है। इसे रोकने के लिए मनुष्य के अंदर इन लक्षणों को पहचान कर उसे डक्टर के संपर्क में लाना आवश्यक है, ताकि समय पर उसका इलाज हो सके।

### भाजपा-आजसू को जनता ने दिया जवाब : बेदिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने डुमरी उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई देते हुए इसे जनता का जीत बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पार्टी के कद्दावर नेता रहे पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो द्वारा राज्य में अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुचाने में सक्रिय भूमिका निभाने पर जनता ने अपनी मुहर लगाकर भाजपा-आजसू गठबंधन को मुंहतोड़ जबाब दे दिया है। यह जीत विकास का परिणाम है। श्री बेदिया ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बीजेपी व आजसू को जनता पूरी तरह नकार देगी। यह जीत आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन की पूरे देश मे जीत के लिए नया संदेश भी देगा। इधर बेबी देवी की जीत पर झामुमो सहित सहयोगी दलों में खुशी की लहर है। लोग मिठाई बांटकर खुशी जता रहे है। हर्ष व्यक्त करने वालो में ग्यास खान, संजय वर्मा, मुकेश राउत, उदय मालाकार, इमामुल अंसारी, हरिलाल बेदिया, योगेंद्र यादव, बीरेंद्र यादव, नंदकिशोर मुंडा सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

### चिकोर पैक्स में क्षतिपूर्ति के लिए 551 किसानों ने दिया आवेदन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर पैक्स कार्यालय भुरकुंडा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2018 एवं 2019 के लंबित क्षतिपूर्ति राशि आवेदन भरने के लिए किसानों की भीड़ लगी हुई है। शनिवार को भी आवेदन भरने के लिए दर्जनों किसानों की भीड़ उमड़ी रही। उक्त जानकारी देते हुए चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2018 एवं 2019 का किसानों के खाते में राशि भेजी जानी है। इसके लिए सबों को किसान घोषणा पत्र जमा करना है। उन्होंने बताया कि चिकोर पैक्स में अब तक 551 किसानों का आवेदन जमा किया जा चुका है।

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को करें मजबूत : बाबूलाल

**भाजपा की संकल्प यात्रा पहुंची हजारीबाग विधानसभा, नगवां में मरांडी का हुआ अभूतपूर्व स्वागत**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा की संकल्प यात्रा शनिवार को हजारीबाग पहुंची। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में लुटेरे दलालों और बिचौलियों की सरकार चल रही है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत करें। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा का मकसद हेमंत हटाओ-झारखंड बचाव है। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सुबह से बारिश होने के बावजूद संकल्प यात्रा में हमारा जन सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि राज्य की गठबंधन सरकार से जनता त्रस्त है। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की भाजपा की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि झारखंड के आने वाले उम्मीद की किरण के रूप में बाबूलाल मरांडी को जनता देख रही है। बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा की जिस प्रकार संकल्प यात्रा में जनता का सैलाब है निश्चित रूप से वह आने वाले समय में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकेगा। मौके पर सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

इससे पहले जिला स्कूल के मैदान में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में मरांडी सहित अन्य नेताओं का किया गया स्वागत। उन्होंने कहा कि झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की लहर संकल्प यात्रा में बखूबी दिख रही है। बीजेपी के पक्ष में जनता ने मन बना लिया है।

## बाबा गणीनाथ गोविंद जी का वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में शनिवार को मध्यदेशीय विकास समिति के तत्वावधान में श्रीश्री 1008 श्री बाबा गणिनाथ गोविंद जी का वार्षिक महोत्सव धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इसकी शुरूआत पुरोहित आएन प्रसाद ने पूरे विधि-विधान किया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समारोह का शुभारंभ मध्यदेशीय विकास समिति के अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिक्षा पर जोर देते हुए अपनी बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलाने, संस्कार सहित समाज की एकजुटता बनाए रखने की अपील की। बच्चियों व बच्चों ने एक से



बढ़कर एक सांस्कृतक कार्यक्रम पेश किया। इस दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष डब्लू गुप्ता, उपाध्यक्ष रमन गुप्ता, सचिव विक्की गुप्ता, सहसचिव संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष अनित गुप्ता, मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता, रोहित गुप्ता, पिंटू गुप्ता सहित समाज के दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## रोजगार मेला से स्थानीय उत्पाद को मिलेगा बढ़ावा : विजय यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** मलकोको में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी ने रोजगार मेला लगाया। मलकोको पंचायत के 18 से 35 साल के युवा युवतियों को प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया। रोजगार मेला की अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव ने किया।

इस कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी बोंगा आईटीआई के प्राचार्य चन्दन सिंह समेत विभिन्न शिक्षकों के द्वारा दिया गया। जिसका पुनः काउंसलिंग 12 सितंबर को समय 12 बजे से शाम 5 बजे तक मलकोको पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी युवक युवती छूट गए है वे लोग 12 सितंबर को समय 12 बजे से 5 बजे तक पहुंचकर इस योजना का लाभ उठा सकते है और रोजगार पा सकते है। इस कार्यक्रम में

**मलकोको में कौशल विकास योजना के तहत रोजगार मेला**



सुचिता कुमारी, जगदीश महतो, ममता कुमारी, कविता कुमारी ट्रेनर के रूप में उपस्थित हुए।

मुखिया विजय यादव ने कहा कि रोजगार मेला से स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में एआईएमआईएम बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, उपमुखिया प्रतिनिधि फिरोज निजामी, शिक्षक मो अजहरुद्दीन, डीलर जहूर अंसारी, वार्ड सदस्य नागेश्वर रविदास, सुरेन्द्र पासवान, ग्राम बेलादोहर से पूनम देवी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## मुखिया के आवदेन पर पंचायती राज निदेशक ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** पांडु मुखिया सकीबा खातून के सौंपे गए ज्ञापन पर पंचायती राज निदेशक ने संज्ञान लेते हुए जिला उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग के नाम पत्र जारी किया है। पंचायती राज उप निदेशक ने संदीप दुबे ने पत्र में कहा है कि पंचायती राज निदेशक के निर्देशानुसार उपयुक्त विषय में कहना है कि हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पांडु के पंचायत भवन तोड़े जाने के पूर्व पंचायत के मुखिया सकीबा खातून समेत अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त

**पंचायत भवन तोड़ने से पूर्व नये बनाने का दिया निर्देश**



अभ्यावदेन के आलोक में पंचायत भवन तोड़े जाने के पूर्व नए पंचायत भवन की निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। अभ्यावेदन में लिखा है कि पंचायत भवन तोड़े जाने के पूर्व संबंधित विभाग से एनओसी प्राप्त कर लिया जाय। पंचायत भवन तोड़े जाने के फल स्वरूप संबंधित विभाग ऐजेंसी/कंपनी से क्षतिपूर्ति राशि और शिफ्टिंग चार्ज प्राप्त कर ली जाय। नए पंचायत भवन निर्माण हेतू भूमि की पहचान कर पंचायत भवन निर्माण सुनिश्चित की जाय। अभ्यावेदन में उल्लेखित है कि ग्राम पंचायत पाण्डु के सभी गांव पूर्ण विस्थापित नहीं है। अतः पंचायत भवन का निर्माण हेतू स्थल का चयन संबंधित ग्राम पंचायत के अंतर्गत ही कराई जाय। ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय से संबंधित कार्य के संपादन हेतू संबंधित मुखिया की सहमति से वैकल्पिक व्यवस्था /भवन सुनिश्चित किया जाय।

### हरली में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**दारू।** दारू प्रखंड के हरली जतरा मेला मैदान में नमो फुटबॉल टूनामेंट की शुरूआत रविवार को की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल 50 टीमों ने भाग लिया है। सात दिनों तक नमो फुटबॉल टूनामेंट चलेगा। उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल करेंगे। टूनामेंट के सफल आयोजन के लिए प्रखंड अध्यक्ष बसंत नारायण, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, इंद्रदेव प्रसाद, राम नरेश कुशवाहा सहित कई लोग हुए हैं।

## अधिकारी की लालफीताशाही से जनता त्रस्त

**विष्णुगढ़।** प्रखंड में एक अफसर को लेकर फिर से हलचल है। इस अफसर की कार्यशैली से त्रस्त जनता हुंकार भरने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक अधिकारी की लालफीताशाही और अकड़ू व्यवहार से जनता परेशान है। अंदरखाने से जो चर्चा छन के सामने आ रही है उससे पता चल रहा है कि उनकी कार्यशैली के कारण विष्णुगढ में माफिया राज को बढावा दिया जा रहा है। अफसर साहब खुद आफिस समय पर पहुंचे या ना पहुंचे लेकिन उनके गुर्गे स-समय आफिस पहुंचकर उनका कार्य अच्छे से संभाल रहे हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि उन्होने अपने एक रिश्तेदार को कार्यालय में कार्य करवाने के लिये एजेंट बनाया हुआ है। ये रिश्तेदार ही उनकी बही-खाता को संभाल रहे हैं। जानकार बतातें है की रिश्तेदार जो हैं वे कार्यालय के बाबुओं के कुर्सी के बगल मे हर दिन बैठ कर विभाग के कार्य को मॉनिटरिंग करते है। उनके आदेश के बिना विभाग की कोई फाइल पास नहीं हो सकती है। बताया जाता है कि अफसर साहब की पहुंच और पावर का आलम यह है कि बड़े अधिकारी भी इनके खिलाफ एक्शन लेने से कतराते हैं। विभाग में कार्य करने वाले स्टाफ भी उनके कार्यशैली से काफी नाराज हैं। ग्रामीणों ने कहा कि स्थिति में अगर सुधार नहीं हुई तो बहुत जल्द इस अफसर के खिलाफ बड़ा आंदोलन होगा।

### गजिनाथ की जयंती मनायेगा वैश्य सभा

**हजारीबाग।** हजारीबाग। संत शिरोमणि कुल देवता बाबा गजिनाथ गोविंद का पूजन समारोह एवं जयंती 23 सितंबर को श्री मध्यदेशीय वैश्व हलवाई पंचायत जिला इकाई मनाएगा। समारोह का आयोजन मुनका बगीचा धर्मशाला में किया जाएगा। अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि समारोह को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया है। इसमें राजेश गुप्ता, प्रीत गुप्ता, कुलदीप कृष्णा, संजीव कुमार गुप्ता आदि शामिल हैं।

## जर्जर भवन में बच्चे पढ़ने को विवश

**बरकाकाना।** केंद्रीय व राज्य सरकार द्वारा सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाने को लेकर शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2010 लागू किया गया। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। जिसे लेकर सरकार द्वारा शिक्षा विभाग को लाखों करोड़ों रुपए आवंटित की जाती है। रामगढ़ जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण पतरातू प्रखंड के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बहुल क्षेत्र सिद्धवार गांव में देखने को मिला। जहां राजकीय प्राथमिक विद्यालय में वर्ग 1 से लेकर 5 तक के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। इस विद्यालय में कुल 155 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लचर व्यवस्था के कारण बच्चे जर्जर विद्यालय भवन में



जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को विवश है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जयश्री बेदिया द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुल चार कमरा है। तीन कमरों में बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। जबकि एक कमरा में बच्चों को कंप्यूटर का ज्ञान दिया जाता है। चार कमरों में से एक कमरा जर्जर अवस्था में है। जिसमें बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है। मात्र दो कमरों में 155 बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के

**विद्यालय के कमरे से टपकता है बरसात का पानी, खुले आसमान के नीचे बनता है मध्याह्न भोजन**

पदाधिकारी को दिए जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विद्यालय के रसोइयों ने बताया कि बच्चों के लिए मध्यान भोजन खुले आसमान के नीचे बनाने पर विवश है। बरसात में मध्यान भोजन बनाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को पानी भर रास्ता से गुजर कर विद्यालय पहुंचने पर विवश हैं।

**क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक :** जिला शिक्षा अधीक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस तरह के समस्या के संबंध में मेरे संज्ञान में नहीं आया है। इस संबंध में जांच करवा कर बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर में

### इचाक : निःशुल्क डेंटल जांच शिविर

**इचाक।** प्रखंड के डाड़ीघाघर पंचायत के फुफन्दी चौक में मुखिया नंदकिशोर कुमार उर्फ नन्दू मेहता के प्रयास से नि:शुल्क डेंटल जांच शिविर लगा। जांच शिविर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल के द्वारा लगाया गया। शिविर में 8 चिकित्सकों की टीम जांच किया। जिसमें सुबह करीब साढ़े 10 बजे से शाम 3 बजे तक 70 रोगियों की जांच की गयी। इसमे दांत की सफाई, दांत निकलना, रक्त चाप, मधुमेह, की जांच हुई। जिन चिकित्सकों की टीम भाग लिया उनमें डॉ निषाद गवाली, डॉ सौम्या राज, श्रेया पवाज, डॉ अविनाश कृष्णा, डॉ सीमा परवीन, डॉ सैमा नवरोज, डॉ रितिका प्रसाद एवं डॉ पार्वती कुमारी शामिल थे।

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के शिवपुर में विधायक उमाशंकर अकेला ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक श्री अकेला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली लोगों के लिए अनिवार्य है। इसके नही रहने से जीवन की सभी गतिविधियां ठप्प हो जाती है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पेयजल एवं स्वास्थ्य विधायक प्रतिनिधि सह स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, राजू राणा, बिरेंद्र यादव, मनोज यादव, पुराण राम, मोहन प्रजापति, ललन राणा, अजय प्रजापति, राजीव रंजन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बरही।** कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मंजूर अंसारी का बरही चौक पर कांग्रेस के कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के जीत पर पटाखे फोड़कर खुशी मनाया। अंसारी ने कहा कि डुमरी अभी झांकी है 2024 बाकी है। देश में पूरी तरह से इंडिया गठबंधन तैयार हैं। मौके पर मुमताज खान, मुख्तार खान, जावेद रजा, रुस्तम अली प्रदेश सचिव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, इकबाल रजा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पीएचइडी के कई योजनाओं का निरीक्षण

**बरही।** पीएचईडी विभाग के विभिन्न योजनाओं बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने स्थल निरीक्षण करने डपोक व विजैया पंचायत के विभिन्न गांव में पहुंचकर निरक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने पीएचईडी से जल नल निर्माण को लेकर निरीक्षण करते हुए कई प्रकार की कमियां पाई।उन्होंने विभिन्न योजनाओं में खामी नजर आई जिसके तहत कनीय अभियंता को मुख्यरूप से दिशा निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ ने जल-नल योजना को लेकर संवेदक को कई दिशा निर्देश दिया। उनके साथ उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सहायक अभियंता जेई विमल, जेई आसिफ अकरम, जेई बिरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### बहेरा पंचायत में पांच सुकर का वितरण

**चरही ।** चूरचु प्रखंड के ग्राम पंचायत बहेरा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत सुकर पालन के लिए लाभुक मिना देवी पति सुरेश महतो के बीच पांच सुकर का वितरण किया गया। यह वितरण बहेरा मुखिया के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सुकर पालन करने से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो,भ्रमणशील चुरचू चिकित्सक पदाधिकारी राजेश कुमार,डॉ.राजेश कुमार वर्मा,मीनू सिंह,महेश कुमार,श्यामलाल महतो,अजरूदीन सहित लाभुक उपस्थित थे।

### चरही में गणेश महोत्सव को लेकर बैठक

**चरही।** गणेश महोत्सव को धुमधाम से मनाने को लेकर शनिवार को बैठक की गई। इस संबंध में हर पहलू पर चर्चा की गई। इसके लिए समिति का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष प्रकाश सिंह,उपाध्यक्ष गौतम सोनी,सचिव विनोद ठाकुर,उप सचिव संतोष रविदास,कोषाध्यक्ष सतीश कुमार साहू,उप कोषाध्यक्ष सिंटू वर्मा,पूजा प्रभारी शिवानंद तिवारी और शंकर सोनी,साज-सज्ज प्रभारी सिंटू वर्मा,गौतम सिंह,शंकर सोनी,संतोष रविदास तथा व्यवस्थापक प्रमुख रवि मिश्रा,मनीष एवं राकेश बाबा को सर्वसम्मति से चयन किया गया।

### मुखिया ने किया आंगनबाड़ी व स्कूल का निरीक्षण

दारू। दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार उर्फ भोला के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र एवं राजकीय मध्य विद्यालय दारू कन्या का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिका को बताएं कि मेनू के हिसाब से बच्चों को खाना देना है और जो मेनू चार्ट है उसकी पारदर्शिता होनी चाहिए। मुखिया के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय दारू कन्या में पढ़ाई के संबंध में भी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से मिल कर बच्चों की पढ़ाई पर शक्ति बरतने को कहा और उपस्थित को लेकर भी चर्चा किया । स्कूल में मध्यान भोजन जो दिया जाता है वह चार्ट मेनू के हिसाब से बच्चों को दिया जाए।


झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)
PR No.- 304820 Dated : 17.08.2023

अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा संख्या:- 73/2023-24 दिनांक :- 08.09.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-JAM-04/2023-24 | नाला | 1 | मधवा से मुराम तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3 .050 कि०मी०) | 1074.012 | दस करोड़ चौहत्तर लाख एक हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | नाला | 2 | रूपडीह से नवाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3 .250 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 3 | मोहनपुर डेमजुरी पथ से चिहुटीयों तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.500 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 4 | मोहनपुर डेमजुरी पथ से निमबेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.250 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 5 | फौसीडंगाल से लघुरायडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.090 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 6 | बंदरडीहा से सिमलडुबी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.900 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 7 | डुमरीयों से सीतामूरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.000 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 8 | डुमरिया से बाबूपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.950 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 9 | मुर्गाबनी से सिंदुरखनियाँ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.350 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 10 | बगदाहा मुर्गाबनी मेन रोड टेसजोरिया से टेसजोरि या तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.000 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 11 | हेसलटांड से बेहराकुरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.400 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 12 | मोहनबेक से खमारबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.530 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 13 | मुर्गाबनी से हरीरखा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.450 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–12.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 20.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, जामताड़ा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 21.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय(21.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–22.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जामताड़ा के पक्ष में एवं जामताड़ा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 306490 Rural Work Department(23-24)D

## स्पीड न्यूज

### विशेषज्ञ डॉ स्वाति 13 को गुमला में

**गुमला।** महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति लाल 13 सितंबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर : एनोस एक्का



**लोहरदगा।** शहर के कुंजलाल भवन में झारखंड पार्टी का एक दिवसीय जिला सम्मेलन कार्यक्रम किया गया। इसके मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का थे। साथ में पार्टी की केंद्रीय कमेटी के कई नेता भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। राज्य में झारखंड पार्टी के विस्तार को लेकर लगातार झारखंड पार्टी द्वारा अलग अलग जिलों के जिला सम्मेलन आयोजित की जा रही है और लोगों से मिल पार्टी से जुड़ने का अपील की जा रही है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की जो स्थिति पहले थी आज भी वही है। वर्तमान में झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है और झारखंड को लूटने का कार्य किया जा रहा है।

### प्रश्नमंच में बबली, रौशन, रोशनी प्रथम



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में बबली कुमारी, रोहित कुमार साहू और रोशन उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में रोशनी उरांव, चंदन महतो व पूनम कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान रोशन उरांव, द्वितीय स्थान नैतिक राज व तृतीय स्थान अपूर्वा कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में किरण कुमारी,आकांक्षा पाण्डेय और अभय साहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सभी विषयो से प्रश्न पूछे गए ताकि आगामी परीक्षाओं की तैयारी बच्चे अच्छी तरह से कर सके ताकि जैक 2024 की परीक्षा में बेहतर परिणाम आये। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, स्नेहा शर्मा, चेतना प्रिया, आरती भगत, कविता कुमारी, रितेश कुमार पाठक और छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### घाघरा में संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक



**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी का 19 सितंबर को घाघरा में होने वाली संकल्प यात्रा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को शाम 4:30 बजे भाजपाइयों ने बैठक भाजपा कार्यालय घाघरा में बैठक की। जिसमें भाजपा नेता सह सीसीएल के डायरेक्टर अरुण उरांव और भाजपा नेता प्रवीण सिंह मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को लेकर कई चर्चाएं हुई। कार्यकर्ताओं को अधिक संख्या में लोगों को भाजपा की नीति और सिद्धांतों को लोगों को बता कर उन्हें समझाते हुए उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। भाजपा नेता अरुण उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्रा का कार्यक्रम को सफल बनाना है। खंभिया के विजय उरांव ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्य ग्रहण किया दोनों नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का पट्टी पहना कर सदस्यता ग्रहण करवाया। मौके पर घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, पप्पू गुप्ता, विपिन बिहारी सिंह, भिखारी भगत, भाजपा नेता अशोक उरांव, तिंबू उरांव, अमित ठाकुर, रामनंदन साहू, बबलू अंसारी, अरुंजय सिंह, पंसस सीमा देवी आदि भी थे।

### जंगली हाथियों का आतंक जारी



**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लोग हाथियों के आतंक से परेशान हैं। वन विभाग भले ही हाथियों को भगाने की बात कहती हैं पर सच्चाई कुछ और ही है। इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के सुकमा, बरटोली, कोनकेल झड़गांव सहित कई जगहों पर हाथियों का उत्पात लगातार देखने को मिल रहा है। लोग हाथियों के डर से रतजगा करने को मजबूर हैं। ताजा मामला चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सिलफड़ी गांव का है। जहां जंगली हाथियों ने किसान बोनीफास कुजूर पिता स्व सिलबानुस कुजूर के घर को ध्वस्त कर दिया।

### शहीद के घर से किया मिट्टी संग्रह



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी का मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को दोपहर 4:30 बजे शहीद देवनारायण भगत के घाघरा स्थित घर से शहीद की मां नीलू भगत से मिट्टी ली। मौके पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव सह रांची महापौर आशा लकड़ा मुख्य रूप से मौजूद रही। आशा लकड़ा ने कहा कि यह मिट्टी मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों के घर वह अन्य प्रमुख व्यक्ति के घर से मिट्टी संग्रह किया जा रहा है जो दिल्ली राजपथ में अमृत वाटिका बनाया जाएगा इसका प्रधानमंत्री द्वारा सभी संग्रह मिट्टी को अमृत वाटिका के लिए शुभारंभ करेंगे।

# घोर नक्सल प्रभावित इलाका जलहन का उपायुक्त ने किया दौरा

- आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों की समस्या से हुए अवगत
- पानी, बिजली और सड़क की है घनघोर समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** गुमला जिला का घोर नक्सल प्रभावित इलाका जलहन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी जिले के अधिकारियों के साथ पहुंचे। आदिम जनजातियों की समस्याओं को सुना और कर्मियों को समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया है। शनिवार की सुबह उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी, बीडियो दिनेश कुमार, सीओ प्रणव ऋतुराज व थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे कई विभाग के पदाधिकारी पहुंचे। जहां आदिम जनजाति परिवार से मुलाकात की और समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान सड़क की समस्या ग्रामीणों के अलावे खुद उपायुक्त ने देखा और जल्द से जल्द गांव तक यथासंभव सड़क आने जाने योग्य बनाने का निर्देश विभाग को दिया है। पीने का पानी नहीं है ग्रामीण लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर चुंआ से पानी लाते हैं। प्रखंड कार्यालय के द्वारा एक चुंआ को कुआं का रूप दिया गया है।

## हकीकत : लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर चुआं से पीने का पानी लाते हैं ग्रामीण

### 10 वर्षों से नव प्राथमिक विद्यालय जलहन बंद है

पंचायत समिति सदस्य रेणुका देवी ने कहा जलहन गांव में नव प्राथमिक विद्यालय है जो पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ा है कई बार रेणुका ने प्रखंड कार्यालय से लेकर बड़े अधिकारियों को भी आवेदन देते हुए विद्यालय को चालू करने का आग्रह किया पर पिछले 10 वर्षों से विद्यालय बंद है। लोग उसमें मवेशी बांधते हैं।





### कुएं का गंदा पानी देख भड़के डीसी

कुएं का पानी गंदा है। जिसे देख डीसी ने कहा कि इस गंदे पानी को कैसे कोई पीयेगा। इस दौरान पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता रजनीश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह से इस कुएं के पानी को फिल्टर करने का उपाय कर पीने योग्य पानी एक सप्ताह के अंदर बनायें। जंगली इलाका होने से बिजली की समस्या है। जलहन गांव से सटे कुराग गांव में ट्रांसफार्मर लगा है पर हमेशा खराब रहता है। ग्रामीण चंदा करके ट्रांसफार्मर बनाते तो हैं पर एक सप्ताह से ज्यादा नहीं चल पाता। ग्रामीणों ने सोलर प्लेट गांव में लगाने की मांग की है। जिस पर उपायुक्त ने गांव के लोगों को जिम्मेवारी देते हुए कहा है कि सोलर प्लेट सिस्टम से गांव में बिजली जलेगी पर इसे चलाने और देखरेख की जिम्मेवारी गांव के लोगों को लेनी होगी। क्योंकि यह गांव की संपत्ति होगी।

### बिरसा आवास में पदाधिकारी से लेकर बिचौलिया हावी है

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 17 आदिम जनजाति परिवार हैं। जिसमें से 12 लोगों का घर नहीं बना है। पूर्व के कल्याण पदाधिकारी के द्वारा कहा गया कि आप लोगों से घर नही बनेगा पैसा निकाल कर राजकुमार सिंह नामक व्यक्ति को दिलाया और कहा कि राजकुमार सामग्री आपके घर तक पहुंचा देगा। जिसके बाद से हम लोगों ने कल्याण पदाधिकारी के समक्ष राजकुमार को पैसा दिया लेकिन हम लोगों के घर तक सामग्री नहीं पहुंचाया गया और ना ही पैसा दिया जा रहा है। घूम घूम कर प्रखंड कर्मियों ने ग्रामीणों से पेंशन, जॉब कार्ड, बिरसा आवास मनरेगा योजना के लिए फॉर्म भरा इस दौरान उपायुक्त ने कहा जितने आदिम जनजाति परिवार है सभी को पेंशन योजना से जोड़कर लाभ पहुंचायें। सड़क खराब होने के कारण कई कर्मी स्लिप करके गिरते नजर आये।

झालजमीरा में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में गगेया बना चैंपियन

# अनुशासन व प्रतिबद्धता से खेले तो लक्ष्य जरूर मिलेगा : सुखदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड के झालजमीरा गांव में नवयुवक संघ जेएफसी क्लब के द्वारा आयोजित चार दिवसीय आठवीं स्वर्गीय सारु पाहन फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन समारोह पूर्वक हुआ। जिसमें गगेया बनाम दतरी के बीच फाइनल मैच खेला गया। गगेया 1-0 से चैंपियन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया ।फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करता है क्योंकि इसमें सभी वर्गों का सहभागिता होती है।



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

**खास बातें :** इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून रहता है। हमारे यहां काफी अच्छे अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी है लेकिन वे खस्सी मैच खेलने तक सीमित रहते हैं जिसके कारण अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद भी अच्छे खिलाड़ी सामने नहीं आ पाते हैं। श्री भगत ने कहा कि वह जिला स्तर पर फुटबॉल लीग का आयोजन कराते हैं ताकि जिले के अच्छे खिलाड़ी सामने आए ।उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि आप भी टीम बनाकर जिला स्तर पर फीफा के नियम से खेलेंगे तो खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। श्री भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा।

# उपायुक्त-एसडीओ ने बांस शिल्पकारों के 30 दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के सरांगो गांव स्थित बॉस शिल्प विकास केंद्र में शनिवार को दोपहर 3:00 बजे सीएसआर कार्यक्रम के तहत बॉस शिल्पकारों का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी करण सत्यार्थी व एसडीओ रवि जैन ने किया। वहीं बांस कारीगर द्वारा बनायी गयी कई वस्तुओं को देखा।

इस क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बॉस कारीगरों को मार्गदर्शन दिया और उद्यम सिलता को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर मेहनत के साथ सीखने की बात कही। हिंडालको सीएसआर के माध्यम से रांची के संस्थान दीपाली के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसमें सैकड़ों घरेलू एवं आकर्षक सजावट बॉस के वस्तुओं का निर्माण प्रशिक्षण में बताई जायेगी। इस मौके पर उपस्थित लोगों में एसडीओ रवि जैन घाघरा वीडियो दिनेश कुमार को प्रणव ऋतुराज हिंडाल्को के महाप्रबंधक राजेश रंजन एम्बेसडर नीरज कुमार, सूरज कुमार, मुखिया राजेश बडाइक, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, अभय भारती रामावतार पासवान, पंचायत समिति सदस्य रेणुका देवी, श्याम साहू प्रदान, जेसलपीएस के कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बांस कारीगरों के द्वारा बनायी गयी सामग्री को देखते उपायुक्त।

### खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव आज



राजेश महतो।

**लोहरदगा।** 10 सितंबर रविवार को सत्र 2023-24 के नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु होनेवाली खूँटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव निमित्त फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा द्वारा पत्र जारी कर लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से खूंटी में सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेवारी दी। इस जिम्मेवारी को सहर्ष स्वीकार करते हुए दोनों पदाधिकारी सुबह खूंटी रवाना होंगे तथा निर्विवाद चुनाव सम्पन्न करवाने का पूर्ण प्रयास करने की बात कही।

# जन आरोग्य समिति का गठन कर प्रखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को किया जायेगा मजबूत

- उदरंगी व बलसोता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स जन आरोग्य समिति का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** आयुष्मान भारत के तहत प्रखंड के उदरंगी व बलसोता में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को और भी सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि, एचडब्ल्यूसी क्षेत्रांगत सभी लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है। जिसमें एचडब्ल्यूसी पर आयुष्मान भारत- जन आरोग्य समिति का गठन किया जाना है। जिसमें स्थानीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को जोड़कर सुविधाओं के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को उठाया जायेगा और उनका निष्पादन पंचायत स्तर से कराने की कवायद की जायेगी। शनिवार को प्रखंड के उदरंगी व बलसोता में जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। जिसमें उदरंगी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में अध्यक्ष मुखिया परमेश्वर महली, उपाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, सचिव डॉ रोहित कुमार, स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षक आदि छह लोगों को सदस्य बनाया गया है। वहीं बलसोता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में जन अयोग्य समिति में अध्यक्ष मुखिया सुमंती तिग्गा, उपाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, सचिव डॉ सीमा कुमारी सहित कुल नव सदस्य टीम बनायी गयी।



समिति गठन में मौजूद लोग।

**जन आरोग्य समिति के लिए निर्धारित कुछ मुख्य कार्य :** गुणवत्तापूर्ण विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना। सेंटर के भवन, उपकरणों के साफ-सफाई के साथ उनका रख-रखाव और सुरक्षा सुनिश्चित कराना।

### स्वतंत्रता सेनानी के घर से उठायी गयी मिट्टी



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी बिशनपुर मंडल ने शनिवार को मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत के घर की मिट्टी लेकर की। मंडल अध्यक्ष केदार साहू के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री सह रांची मेयर आशा लकड़ा थी। जिसमें जगत ठाकुर, पवन उरांव, गुलाब साहू, अजीत उरांव, राधेश्याम सिंह, अभिषेक रंजन सिंह, नमित उरांव, मनीष अंबस्ट, राहुल महली, शुभम श्रीवास्तव, राजू मांझी, कृष्णा यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विद्यालय में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** यतिराज डीवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के में शनिवार को साक्षारता दिवस एवं शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य परमानंद अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ बलवीर देव और शिक्षा विद्व विनोद पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी का मूर्ति पर एवं डा राधाकृष्णन जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि परमानंद अग्रवाल ने गुरु के स्थान, मान उनके पवित्रता व्यक्ति एवं समाज के निर्माण में गुरु की भूमिका पर अनेक उदाहरण देते हुए उनकी पवित्रता, महानता का परिचय दिया। बलवीर देव ने शिक्षा का महत्व पर प्रकाश डाला और अच्छा शिक्षा प्राप्त होने के लिए अच्छा गुरु के भूमिका को अत्यंत जरूरी बताया।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी

>> जारी में आयोजित दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** खेलो झारखंड 2022- 24 के तहत आरसी प्राथमिक विद्यालय जारी के खेल मैदान में शनिवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सुमन गुप्ता उपस्थित थी। बीडीओ एवं आगंतुक अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। बीडीओ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद के साथ सभी तरह की प्रतियोगिता में शामिल हो हर अपने भविष्य को बनाएं। अपनी इच्छा के येंअनुकूल खेल का चयन करें और उसी में निरंतर प्रयास और अभ्यास करते रहे। साथी उन्होंने कहा कि बच्चे बिल्कुल ही मोबाइल से दूर रहें। मोबाइल आप लोगों के लिए नुकसान दे है। लंबी कूद, अंडर 17 बालक वर्ग मे प्रथम पवन सिंह, द्वितीय अनुकरण तिर्की, राउउवि जारी, लंबीकूद अंडर 14 में प्रथम बलिराम मिंज हुए।

### खेलो झारखंड : प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न



**भंडरा।** झारखंड सरकार के खेलो झारखंड 2023/ 24 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के खेल मैदान में आयोजित की गयी। इसके तहत प्रखंड क्षेत्र के मध्य एवं उच्च विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 9 सितंबर से लेकर 13 सितंबर तक चलेगा। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले रेस सहित अन्य खेल का प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लिया। बीइओ ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिता कर ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभा को मौका देना होता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: 753 वादों के निष्पादन के साथ 1,66,52,091 रुपये की राजस्व प्राप्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में इस वर्ष के तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या 1 में बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में, बेंच संख्या 2 में मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए अरविंद कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय के नेतृत्व में गठित किया गया। बेंच संख्या 3 मोटर वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य सर्टिफिकेट केस आदि के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी के नेतृत्व में, बेंच संख्या 4 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए चंदन सीजीएम के नेतृत्व में गठित किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**खास बातें :** विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी समस्याओं, बीएसएनल आदि के लिए न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में बेंच संख्या 5 का गठन किया गया था। जबकि उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या 6 का गठन नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 753 केसों का निष्पादन किया गया जबकि 1,66,52,091 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 244 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। राष्ट्र गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 10252 मामलों का निष्पादन

- परिसंपतियों का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत पीडीजे संजय कुमार चंधरियावी सहित न्यायिक पदाधिकारीगण तथा बार प्रेसिडेंट गुमला के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए आठ बेंचो का गठन किया गया था। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारीगण, अधिवक्तागण, पक्षकारगण, न्यायालय के कर्मचारी तथा आम लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन डालसा के सचिव पार्थ सारथी घोष ने किया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल पीडीजे व अन्य।

**खास बातें :** मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत मामलों को सुलझाने का सबसे उपयुक्त प्लेटफॉर्म है। जहां विवाद दोनों पक्ष की सहमति से खत्म होता है तथा दोनों पक्षों की जीते हैं। लोक अदालत से समाप्त मामलों का अपील भी नहीं होता है। उन्होंने लोगों से इस फोरम का उपयोग अपने मामलों के त्वरित निपटारे के लिए करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में परिसंपत्तियों को वितरण भी किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अंजली कुमारी, अघनी कुमारी, कुंती कुमारी को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत प्रतिमा टोप्पो, बिना कुमारी, अलीशा कुमारी, सुजीता कुमारी को लाभान्वित किया गया। मंती देवी एवं चांद्रमुनी देवी को आवास स्वीकृति पत्र दिया गया, जिसमें धनपति उरांव आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### पिता की पुण्यतिथि पर गमछा का वितरण

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ के पिता स्व. रामनाथ केशरी की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण किया गया। मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच गमछा का वितरण करना पूण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर वक्त जरूरत मंदो की सेवा में आगे रहता है। मौके पर राकेश बाबू सर्राफ के भाई शिव बाबू सर्राफ जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, यूनिट दो डायरेक्टर मनोज केशरी, ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, ग्रुप के प्रशाशनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, मनोज केशरी, अशोक विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता उर्फ फंटूश बाबू, दिलीप केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

### भवनाथपुर से गुम युवक को पुलिस ने यूपी से किया बरामद

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के रोहिनिया गांव निवासी इंद्रदेव अगरिया के 24 वर्षीय गुमशुदा पुत्र शशि कुमार को पुलिस ने यूपी के कानपुर से ढूढ कर स्वजनो को दिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बीते वर्ष 21 दिसम्बर को शशि कुमार अपनी बहन के ससुराल कानपुर जाने के क्रम में गुम हो गया था। जिसकी शिकायत भवनाथपुर थाना में लिखित की गई थी। पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद शशि का कुछ आता पता नहीं चला। कुछ दिन पूर्व शशि अपने परिजनों के पास फोन किया था कि मै गुम हो गया हूं। इसके बाद फोन नम्बर के आधार पर ट्रेस करते हुए गढ़वा पुलिस अधीक्षक ने एक टीम गठित कर कानपुर भेजा। जहां कानपुर के देवीपुर चौक के थाना भोगनीपुर से शशि को पुलिस ने जप्त किया। बताया जाता है कि शशि कुमार मंद बुद्धि का है। छापामारी दल में एएसआई अभिमन्यु सिंह एवं जवान शामिल थे।

### बाइक सवार महिला घायल

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र मकरी के छौनी मोड़ के समीप बुलेट के धक्का से बाइक सवार महिला घायल हो गई। घायलावस्था में उसे भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश के खेमपुर निवासी अखिलेश कनौजिया के पत्नी चांदनी कुमारी उम्र 25 वर्ष बंसानी अपने मायके से भाई के साथ बाइक से भवनाथपुर टाउनशिप स्थित बीएसएम कॉलेज में बीए का परीक्षा देने जा रही थी कि रास्ते में मकरी के छौनी के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात बुलेट के धक्का मारने से घायल हो गई।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमिटी गठित

रमना। प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैड में आयोजित होने वाले 72वें दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर नवयुवक संघ रमना के कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गत वर्ष का आय-व्यय का लेखाजोखा प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष भी पंडाल, लाईट और सजावट का बजट तैयार किया गया। बैठक के अंत में नवयुवक संघ की कमिटि पुर्णगठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अनुज चंद्रवंशी को मनोनित किया गया। जबकि रवि कुमार को उपाध्यक्ष, संदीप कुमार को कोषाध्यक्ष, रामप्रवेश कुमार को उप सचिव, राजू कुमार कास्यकार को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। जबकि संरक्षक के तौर पर त्रिवेणी लाल, उपेद्र कुमार और अरुण कुमार गुप्ता को मनोनित किया गया। मौके पर धनंजय कुमार गुप्ता, प्रिंस कुमार व अन्य मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की बैठक



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विभागों की बैठक हुई। बैठक के दौरान विभागवार संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा से क्रियान्वित योजनाबद्ध बागवानी, टीसीबी, फील्ड बण्ड आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए इन योजनाओं के लंबित कार्यों को शतप्रतिशत पूर्ण करने और पीडी जनरेट कार्य में शिथिलता बरतने पर नराजगी व्यक्त करते हुए चंदवारा, कोडरमा और सतगावां प्रखण्ड के जेई पर कार्रवाई करने का निर्देश सम्बंधित प्रखण्ड के बीडीओ को दिया, साथ ही मनरेगा से सम्बंधित सभी योजनाओं का मॉनेटरिंग करने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत पीडी जनरेट कार्य को पूर्ण करने, सभी सरकारी स्कूलों में खेल मैदान योजना देने और इसके लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, डीआरडीए निदेशक गौतम भगत, पंचायती राज पदाधिकारी हीरा कुमार, प्रखंडों के बीडीओ आदि मौजूद थे।

## 56 करोड़ की लागत से 10 जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति

# सरकार के कार्य और परिणाम दोनों दिख रहे हैं : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

गढ़वा। गढ़वा में लगभग 56 करोड़ रुपए की लागत से 10 जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इन सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इन सड़कों में 12 करोड़, 71 लाख, तीन हजार, 400 रुपए की लागत से 21.75 किलोमीटर लंबी सड़क रंका प्रखंड में एनएच 343 सिकरदाहा से जोलांग (बहाहरा स्कूल) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, रंका-खपरो मुख्य पथ से सेवाडीह मुख्य पथ वाया छात्रावास श्मशान घाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 13 करोड़, 92 लाख , 69 हजार, 900 रुपए की लागत से 16.455 किमी रमकंडा प्रखंड में चुटिया बलीगढ़ पीएमजीएसवाई पथ दुर्जन से रमकंडा भंडरिया पीडब्ल्यूडी पथ बैरिया भाया बरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मेराल प्रखंड में एल 028 से बोकेया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 14 करोड़, 87 लाख, 56 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से 19.23 किमी मेराल प्रखंड में टी 02 से गेरुआसोती से कोटाम तक, रमकंडा प्रखंड में एल 021 सबाने से चुपरी तक, एल 031 उदयपुर से पुनदाग तक, रंका-रमकंडा पीडब्ल्यूडी पथ केरवा से गासेदाग पीडब्ल्यूडी पथ वाया कुटी तक, मेराल प्रखंड में एल 054 टी 04 से अधौरी तक तथा 14 करोड़, 62 लाख, 22 हजार तीन सौ रुपए की लागत से 18.48 किलोमीटर टी 04 चिनिया खुथुआ मोड़ पीडब्ल्यूडी रोड बंदू से दुधवल कनहर नदी तक पथ का सुद्दढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की काफी लंबे समय से जर्जर हो चुकी इन 10 सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य कर रही है। सरकार के कार्य और परिणाम दोनों धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष के लाख हथकंडा अपनाने के बावजूद डुमरी की जनता ने सरकार के कार्यों का उचित परिणाम दिया है। आने वाले समय में पूरे झारखंड में विपक्षियों को मुंह की खानी पड़ेगी।

अब यह साबित हो चुका है कि जनता को सिर्फ विकास चाहिए। जो भी सरकार झारखंड एवं झारखंड वासियों की हित में कार्य करेगी, जनता उसी को सरताज पहनाएगी। मंत्री ने कहा कि आज से चार वर्ष पूर्व संपूर्ण गढ़वा की स्थिति हर क्षेत्र में काफी जर्जर थी। परंतु चार वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने गढ़वा में ऐतिहासिक विकास कार्य किया है। जो कि आज तक नहीं हो सका था। मंत्री ने कहा कि वह हमेशा क्षेत्र के विकास के पक्षधर हैं। इस क्षेत्र में विकास का विरोध करने वाले लोगों को जनता समय आने पर पूरी ताकत के साथ सबक सिखाएगी। जनता का सहयोग एवं आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा और भी कई विकास योजनाओं का साक्षी बन विकसित जिलों की श्रेणी में सबसे आगे खड़ा होगा।

## सत्ता आने के साथ क्षेत्र के गरीबों की लूटी गई सभी जमीन को कराया जाएगा वापस : सत्येन्द्रनाथ

### रंका में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन



जनाक्रोश सभा में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत भवन के मैदान में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, मुरारी यादव आदि ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक का रंका नाका चौक पर भव्य स्वागत किया। वहां से भाजपा कार्यकताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस से विश्रामपुर तक आगवानी किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा सहित राज्यभर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भैया जी के संरक्षण में गरीबों का जमीन लूटा जा रहा है। सैकड़ों वर्ष से जमीन पर जीवन बसर कर रहे रंका के घासी परिवार के लोगों और शिवनाला के चंद्रवंशी परिवार के लोगों का जमीन लूटा गया। जमीन लूट के इस खेल में स्थानीय जनप्रतिनिधि और पूर्व विधायक का सांठगांठ है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सत्ता आने के साथ ही क्षेत्र के गरीबों की लूटी गई सभी जमीन को को वापस कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भैया जी ने गरीबों के जमीन को लूटने के लिए ही गढ़वा जिला में डीसी के रूप में पदस्थापित ईमानदार आईएएस अधिकारी रमेश घोलप का तबादला करा दिया। इस सरकार में ईमानदार अधिकारियों को सेंटिंग में भेजा जा रहा है।

### बालू लदे तीन ट्रैक्टर खनन विभाग ने किया जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार चलाया जा रहा है औचक छापेमारी अभियान। जिला खनन पदाधिकारी चतरा गोपाल कुमार दास ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी चतरा के निर्देश अनुसार खान निरीक्षक राजेश हंसदा के द्वारा पुलिस केंद्र के पुलिस बल के साथ हंटरगंज, जोरी एवं सदर थाना अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न बालू घाटो एवं अन्य क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में सदर थाना के लकलकवा मंदिर के समीप बालू लदा एक ट्रैक्टर, हंटरगंज थाना के ग्राम गोडोवार नीलाजन नदी से बालू लदा एक ट्रैक्टर तथा जोरी प्रतापपुर मार्ग पर बालू लदा एक ट्रैक्टर कुल 03 ट्रैक्टर को पकड़ा गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था के नाम पर हो रही खानापूर्ति

दीपक सिंह



कोडरमा। जयनगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत गड़गी स्थित नई बिल्डिंग में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसाबाद में व्यवस्थाओं की कमी के कारण इलाज के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। कहने को तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हफ्ते में तीन दिन चिकित्सक आते हैं और पांच स्वास्थ्य कर्मी नियुक्त हैं, परंतु कौन कब स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं, यह गारंटी नहीं है, अगर आप पूछ ले तो कोई न कोई बहाना बनाकर ऐसा दिखाया जाएगा की सब ठीक-ठाक चल रहा है, यहां मात्र स्वास्थ्य व्यवस्था ही नदारद है। आपको बता दें कि करीब एक वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नया बिल्डिंग बनकर तैयार हुआ था, जिसके 2 महीने के बाद नई बिल्डिंग स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया और फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित होने लगी, जहां दो-चार दवा के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली कर इलाज किया जा रहा है। बताते चले कि 4 माह पूर्व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दो पुराने बेड और एक डिलीवरी टेबल स्वास्थ्य केंद्र को दिया गया है, बाकी बचे दर्जनो कमरों की बात करें तो सभी कमरें खाली पड़े हैं। दुर्भाग्य है कि अगर सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल हो जाये तो उस घायल का इलाज यहां संभव नहीं है, वहीं लाखों की लगत से बने इस स्वास्थ्य केंद्र कि बिल्डिंग में कोई गर्भवती अगर प्रसव के लिए पहुंच जाये तो यहां डिलीवरी टेबल के अलावे कोई व्यवस्था ही नहीं है।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा विरेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है।

इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों को समय एवं पैंसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है।

## सरकारी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य: जिला विधिक सेवा प्राधिकार

### लोगों के बीच किया गया पेंशन योजना स्वीकृति पत्र और जॉब कार्ड का वितरण प्रखंड कार्यालय में लगाया गया सशक्तिकरण शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य रूप से जीप अध्यक्ष ममता कुमारी, बीडीओ अभिषेक पांडे जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के हंटरगंज केंद्र के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव उपस्थित हुए। शिविर में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा फुल पुष्प और स्वागत गान के साथ किया गया। शिविर में सुनवाई के लिए पेंशन, राशन कार्ड, अनाज वितरण, पीएम आवास, मनरेगा मजदूरी, फसल बीमा राशि भुगतान, ऑनलाइन दाखिल खारिज, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान से संबंधित 200 से अधिक आवेदन आए। जिसमें कई मामलों का तत्काल निपटारा कर दिया गया। शेष मामलों का प्राथमिकता के आधार पर ससमय निपटारा करने का निर्देश संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिया गया। शिविर में फरियादियों की खासी भीड़ जुटी। शिविर में आए लोगों को संबोधित करते हुए पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव ने लोगों को कानून की जानकारी दिया और सरकारी लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और इसका लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना है। इनके अलावा शिविर को बीडीओ अभिषेक पांडे और जीप अध्यक्ष ममता कुमारी ने भी संबोधित किया। शिविर में विशेष रुप से सहकारिता विभाग के राज्य निदेशक सचिव कौशलेंद्र कुमार सिंह, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बाल विकास परियोजना कर्मी, स्वास्थ्य विभाग, तेजस्विनी योजना कर्मी, कृषि विभाग, राजस्व विभाग के कर्मी विशेष तौर पर उपस्थित थे। शिविर में पेंशन स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, कंबल, और ऋण का वितरण किया गया।

इस शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य व प्रयोजन विधिक सेवा के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व न्याय प्रणाली का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना । साथ ही विधिक सेवा प्राधिकार के तहत निर्धारित निशुल्क विधिक सेवा ,सहायता का लाभ उठाने के लिए लाभुकों को जागरूक, प्रोत्साहित व उत्प्रेरित करने की बात बताया गया। इसका लाभ उठाने का आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडे, प्रखंड पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### मुखिया संघ की बैठक में निर्णय

सिमरिया। चतरा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मुखिया संघ की एक बैठक शुक्रवार को सिमरिया के किसान भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो ने की। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि चतरा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और फायरिंग रेंज को रद्द करने की मांग को लेकर मुखिया संघ आंदोलन करेगा। जिसके लिए आगामी 15 सितंबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। बैठक में कहा गया कि बारिश नहीं होने के कारण पूरा जिला सुखाड़ की चपेट में है। ऐसे में जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर तत्काल राहत कार्य चलाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले में फायरिंग रेंज की स्थापना की भी आलोचना की गई। कहा गया कि इससे काफी गांव प्रभावित होंगे और उनकी रोजी- रोटी छीन जाएगी।

### एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी पहुँचे मंत्री सत्यानन्द

चतरा। मंत्री सत्यानन्द भोगता शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने लाभुकों के बीच पेंशन, आवास, छात्रवृत्ति आदि के स्वीकृति प्रमाण पत्र और खरछढर महिला समूहों के बीच ऋण वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो, प्रदेश सचिव भोली साहू, जिला सचिव अशोक दांगी, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मुखिया छोटू सिंह, राजद नेता योगेश यादव, बासुदेव यादव, रामवृक्ष भोक्ता समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### अवैध बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर जब्त

गिद्धौर (आवाज)। प्रखंड के बलबन नदी से अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर को अंचल प्रशासन ने जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को अंचल प्रशासन द्वारा थाना को सौप दिया है। इस बाबत अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने दो ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू उठाव करने के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई है। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर रात बलबल नदी में छापेमारी अभियान चलाई गई।इस अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू उठाव रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। इधर रात्रि में प्रशासन द्वारा के बालू उठाव के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाने पर बालू माफीओं में हड़प्पा मची हुई है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव,पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता के अलावा कई थाना के जवान शामिल थे।वही दूसरी तरफ शुक्रवार के करीब 11:30 बजे रात्रि को अंचल प्रशासन व थाना प्रशासन द्वारा कोल वाहन परिचालन की जांच की गई। इस क्रम में कोल वाहनों के चालकों से गांव में प्रवेश करने पर गति सीमा 20 किलोमीटर प्रति घंटा रखने व कोल वाहन पर त्रिपाल लगाकर चलने का निर्देश दिया।

### महिला की मौत, मामला दर्ज

टंडवा। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सराढु गांव में एक बच्चे की मां की संदेहास्पद मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जहां मृतका के मायके वालों का लिखित शिकायत के आधार पर स्थानीय थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका राजकिशोर दांगी की पत्नी सुहानी उर्फ मनीषा की मौत को लेकर मृतका के पिता राजकुमार दांगी द्वारा टंडवा थाना में दिये गये आवेदन में मृतका के पति व सास-ससुर समेत छः लोगों पर दहेज के तौर पर चार लाख रुपए व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उत्पीड़न करने एवं गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं बताया गया कि साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपियों ने मृतका के उपर जहरीले पाउडर डालकर आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया है। सूत्रों की मानें तो घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गये हैं। बहरहाल,घटना के बाद स्थानीय पुलिस सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजने के पश्चात अनुसंधान में जुट गई है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुवे सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 193/23 दर्ज कर जांच-पड़ताल किया जा रहा है। वहीं फरार आरोपियों के धड़-पकड़ के लिए हर संभावित जगहों में छापेमारी की जा रही है।

### स्वप्नेन्दु ने नये प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया

टंडवा। एनटीपीसी लिमिटेड ने श्री स्वप्नेंदु कुमार पांडा की नियुक्ति की घोषणा की है` श्री पांडा को नॉर्थ करनपुरा में परियोजना का नया प्रमुख नियुक्त किया गया। अपने व्यापक ओर अनुभव के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, श्री पांडा हमारा नेतृत्व करने और उसे मजबूत करने के लिए तैयार हैं।नॉर्थ करनपुरा क्षेत्र में श्री स्वप्नेंदू कुमार पांडा, जो पहले महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे (प्रोजेक्ट्स) पतरातू में, अपनी नई भूमिका मैं ज्ञान और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आए हैं। उसका नेतृत्व कौशल और परियोजना प्रबंधन की गहरी समझ उन्हें ऐसा बनाती है इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने के लिए आदर्श उम्मीदवार परियोजना प्रमुख के रूप में स्वप्नेंदु कुमार पांडा इसकी देखरेख करेंगे` नॉर्थ करनपुरा क्षेत्र में परियोजनाओं का समग्र प्रबंधन और निष्पादन करेगे हमारे रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमारी टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को कायम रखना।

### सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

चतरा। समहारणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं (कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं का बैंक खाता, मध्याह्न भोजन (एमडीएम), छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, नोटबुक, किताब, पोशाक, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय, मॉडल स्कूल, स्मार्ट क्लासेस समेत अन्य की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि सभी योग्य छात्र-छात्राओं का बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाएं ताकि शत प्रतिशत बच्चों के खातों में छात्रवृति की राशि भेजी जा सके। इसके लिए बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों का आधार वेरीफिकेशन के साथ-साथ सभी आवश्यक कागजातों की जांच कर अभियान मोड में कार्य किया जाय। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर प्रोग्रेसन का कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने हेतु सभी बीइओ व बीपीओ को निदेशित किया गया।

### पत्रकारी को दुर्घटना बीमा कराएगी जेजेए: प्रदेश अध्यक्ष

टंडवा। स्थानीय रुक्मिणी होटल मे शनिवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की चतरा जिला कमिटि की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मामुन रशीद व संचालन जिला महासचिव विनय सिन्हा ने की। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि सस्थापक सह बी एस पी एस के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन,प्रदेश महासचिव सिया रामशरण वर्मा, संजय पान्डे मुख्यरूप से उपस्थित थे। कार्यक्रमका उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान व संत थामस स्कूल की छात्राओं के स्वागत गीत से की गई । अपने मुख्य आतिथ्य संबोधन में वार्यवारी अध्यक्ष अमर ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था के तहत पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली एकमात्र संगठन झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन है। जेजेए के संस्थापक सह बीएसपी एस के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने कहा कि जेजेए पत्रकारो के हित में कार्य करती है। उन्होने कहा कि पत्रकारो के लिए वैधानिक सहयोग को लेकर लीगल सेल का गठन, पत्रकारों के प्रशिक्षण, व चिकित्सा को लेकर रिम्स में जेजेए टीम की तैनाती की जायगी। मौके पर वरुण सिंह, रविन्द्र बक्शी, रुदेश नायक,बीरेन्द्र साहु, रबिन्द्र दास, शशि पाठक, मुरारी सिंह, कुलदीप दास, अजीज अंसारी, मनीष गुप्ता, विकास शर्मा आदि ने अतिथियो का स्वागत बुके व अरोवस्त्र देकर स्वागत किया।

## महुआडांड़ थाना पुलिस ने रिटायर शिक्षक की हत्या का किया उद्भेदन, हत्या का तीनो आरोपी गिरफ्तार

# कलयुगी बेटे ने सुपारी देकर कराई थी पिता की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अपराधी।

**महुआडांड़।** संपत्ति बंटवारा कराने को लेकर कलयुगी बेटे ने ही सुपारी देकर अपने ही पिता रिटायर शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या कराई थी। इस बात का खुलासा प्रेस कांफ्रेंस कर महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर ने किया। एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि गत 22 जुलाई को महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत धवईटोली निवासी सेवा निवृत शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या कर दी गई थी। हत्या का खुलासा तकनिकी अनुसंधान एवं लोकेशन ट्रेस के जरिए हुई। अनुसंधान के क्रम मे यह बात प्रकाश में आयी की मृतक सेवा निवृत शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा तथा उनके बड़े पुत्र मनोज लकड़ा के बीच जमीन जायदाद एवं पेशन का बंटवारा को लेकर काफी दिनो से विवाद चल रहा था। इस संबंध में पुछताछ मे स्वीकारोक्ति बयान में मनोज लकड़ा ने बताया कि घर का जमीन जायदाद एवं पेशन को पूरा अपने नाम कराना चाह रहे थे। जमीन जायदाद एवं पेशन बटवारे में क्लेमेंट लकड़ा एवं छोटा भाई यूजीन प्रभात लकड़ा को इसमे बाधा मानते थे। इसलिए इन दोनो को रास्ते से हटाना चाह रहे थे। एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि मनोज लकड़ा ने सुनियोजित तरीके से सर्वप्रथम अपने पिताजी क्लेमेंट लकड़ा की हत्या करवाने के लिए महुआडांड थाना के ग्राम हामी के रहने वाले अपने दोस्त अशोक राम पिता नन्कु राम से एख लाख बीस हजार रुपए में सौदा किया। अग्रिम के तौर पर मनोज लकड़ा ने अशोक राम को छीपादोहर में बुलाकर बीस हजार रुपए दिया। तब अशोक राम ने मनोज लकड़ा के कहने अनुसार अपने दोस्त हामी के ही रहनेवाले जितेन्द्र राम उम्र करीब 28 वर्ष पिता देवनाथ राम के साथ मिलकर रेकी कर सेवानिवृत्त शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की धारदार हथियार (गड़ासा) से वार कर हत्या कर दिया। महुआडांड थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी तीनो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही उनकी निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त हथियार (गड़ासा) एवं एक मोबाइल को भी बरामद कर जप्त कर लिया है।

### हत्या का उद्भेदन करने में इनकी रही सराहनीय भूमिका

संपत्ति बंटवारा कराने को लेकर कलयुगी बेटे के द्वारा सुपारी देकर अपने ही पिता रिटायर शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या कराने का उद्भेदन करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी रतन टुडू, एसआई मो. जफर अंसारी, एसआई अजय कुमार दास, एसआई संजय रतन आदि का सराहनीय प्रयास रहा। जिनके बदौलत ही इतने बड़े हत्याकांड का खुलासा हो पाया।

## मनिका प्रखंड में आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश अभियान का किया गया आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित दुंदु पंचायत में दिन शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत 11 सितंबर से 30 अक्टूबर तक देश व प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके तहत नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मुट्ठी भर मिट्टी, मुट्ठी भर चावल संग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता, एकता, अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए यह वाटिका आजादी का अमृत महोत्सव के स्मारक होगा। इसके अलावा गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उनके किनारे पर देश और कर्तव्य के लिए बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। साथ ही शहीदों का स्मारक बनाया जाएगा और इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा जहां देशभर की पंचायत से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य सह पूर्व मंडल अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, पंकज यादव, संदीप उरांव, दरोगी यादव, मुरली यादव, विकास कुमार,चलीतर यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निद्रा की स्थिति दयनीय, जान जोखिम में डाल कर बच्चे करते है पढ़ाई: प्रतिमा देवी

- चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान कराया आकृष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



जान जोखिम में डाल कर पढ़ाई करते छात्र ।

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के प्रति प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रतिमा देवी ने बताया कि चंदवा पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई जन समस्याएं हैं, जिनका निराकरण बेहद जरुरी है। प्रमुख समस्याओं में गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निंद्रा की समस्या सबसे अहम है, उक्त विद्यालय का भवन काफी जर्जर अवस्था में है। जिस कारण विद्यालय में अध्यनरत लगभग 300 की संख्या विद्यार्थियों को जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। जर्जर भवन से टपक रहे पानी से एमडीएम का चावल भी खराब हो रहा है। इस समस्या के प्रति जल्द ध्यान नही दिया गया तो कभी बड़ा हादसा हो सकता है।

**इन समस्याओं के प्रति ध्यान कराया है आकृष्ट**

इसके अलावे जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी ने मड़मा विद्यालय में चारदीवारी निर्माण, हुटाप विद्यालय में भवन व चारदीवारी निर्माण, बेतर गांव में खेल स्टेडियम निर्माण, जमीरा पंचायत सचिवालय से परसाही होते टोरी रेलवे फाटक तक सड़क निर्माण, रक्सी मोड़ से जमीरा रेलवे लाइन तक सड़क निर्माण, चंदवा शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पुलिया निर्माण, सीएमएम पथ से जोड़ने वाले टाना भगत चौक से निंद्रा स्कूल होते बेलगड़ा तक सड़क निर्माण, कारीटांड बूढ़ीडूबा नदी पर पुल निर्माण, अति उग्रवाद प्राभवित मड़मा से उचरिंगा तक सड़क निर्माण, रोहुम नदी से झगरा टोला तक पथ निर्माण, ग्राम रुद से चिलदारी तक पथ निर्माण व बरवाटोली चौक से पंचायत भवन होते मेरंगकोचा तक सड़क निर्माण जनहित को देखते हुए अति आवश्यक बताया है। कहा कि उक्त मांगों को लेकर को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन को पत्राचार कर अवगत भी कराया है, लेकिन अब तक समस्याओं के निराकरण के प्रति किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। जिला परिषद प्रतिमा देवी ने प्रशासन से उक्त समस्याओं को लेकर पुनः ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से निराकरण की दिशा में पहल करने की आग्रह की है।

## बिजली बिल से संबंधित केस को समाप्त करने की गुहार



जानकारी देते अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव

**लातेहार।** लातेहार बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से पहल करते हुए बिजली बिल से संबंधित चल रहे लिटिगेन्ट केस को समाप्त करने की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 300 बिजली बिल से संबंधित मामले विचाराधीन है। जिसमें कुछ केस में 3000 रुपये फाइन है। सभी गरीब किसानो ने 3000 रुपये फाइन भरकर जमानत भी करा चुके हैं। लेकिन बिजली विभाग के कंपाउंड अमाउंट 4000 रुपये है, जिस कारण गरीबो का लिटीगेंट समाप्त नही हो पा रहा है। जबकि सरकार चाहे तो धारा 321 द.प्र.स. के अंतर्गत सभी वादों को वापस ले सकती है। अगर सरकार चाहे तो जिन्होंने फाइन अमाउंट जमा कराकर कोर्ट से जमानत करा चुके हैं वैसे वादों को धारा 321 द.प्र.स. संहिता के अंतर्गत वापस कर गरीब किसानों को राहत दे सकती है।उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त संहिता के माध्यम से गरीब किसानों के वादों को समाप्त कर राहत देने की गुहार लगाई है।

## 14 लाख की लागत से विधायक ने चार योजनाओं की रखी आधारशिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को महुआडांड प्रखंड के दर्जनो ग्रामो का दौरा कर अपने विधायक मद से 14 लाख की लागत से चार जनोपयोगी योजना तथा तीन करोड़ चौदह लाख की लागत से ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अन्तर्गत बोहटा से खपरतल्ला होते हुए बरदौनी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला रखी। रामचंद्र सिंह ने इस दौरान विधायक योजनामद से महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम हामी चर्च में चबूतरा निर्माण, सुग्गी में चर्च के सामने स्थित आखरा में पीसीसी निर्माण, केनाटोली आखरा में पीसीसी निर्माण तथा ग्राम चटकपुर में देवी मंडप से सिबरू बड़ाईक के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य समेत कुल पांच योजनाओ का शिलान्यास किया। वही इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा उन्होंने प्रखंड में हमेशा उस कार्य को कराया है जो मुश्किल रहता है, ओरसा पथ की तरह ही उन्होंने अपने विधायक कोटा से प्रखंड में सर्वप्रथम बिजली लाने का कार्य किया था। हमारा प्रयास है कि जमीनी स्तर पर विकास का कार्य किया जाए ताकि विकास का सीधा लाभ जनता को मिल सकें। जिसके लिए मैं पूरी तरह से प्रयास में लगा हुआ हूं। इस दरम्यान मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, संवेदक मनीष सिंह, मो. असीम जफर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, मो. रानु खान, मो. तनवीर उर्फ रिन्कु, समाजसेवी सुभाष प्रसाद, नुरूल अंसारी, मुखिया रेणुका टोप्पो, उषा खलखो, उपमुखिया राजेश कुजूर आदि मौजूद थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में पिताजी के द्वारा किया गया कार्य जगजाहिर है: मंजू सिंह

**पुण्यतिथि**

- पुण्यतिथि पर याद किए गए राज्य के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री स्व.यमुना सिंह
- स्व. सिंह ने मनिका विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था
- पूर्व मंत्री स्व.यमुना सिंह कई शैक्षणिक संस्थाएं खोल गरीब बच्चों की शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था की थी
- पूरे राज्य में हांथी सिंह के नाम से विख्यात थे पूर्व मंत्री यमुना सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री स्व. यमुना सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के राजा मेदिनिराय इंटर महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री की पुत्री सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह के साथ- साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद व उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां उनकी पुत्री मंजू सिंह ने कहा कि बाबूजी सादगी की एक मिसाल थे। पूरी भिड़ में कार्यकताओं और लोगों को नाम लेकर बुलाना उनकी विशेषता थी। उन्होंने अपनी ईमानदारी से कभी भी समझौता नहीं किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किया गया प्रयास जगजाहिर है। पिताजी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई शैक्षणिक संस्थाएं खोल गरीब बच्चों की शिक्षा -दीक्षा की व्यवस्था की। पिताजी के बताए मार्ग व विचारों पर चलकर हम सब जनसेवा के कार्य को करते आ रहें है। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि अपनी समाज के प्रति सोच और कार्यकुशलता के कारण ही स्व. सिंह ने मनिका विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधानसभा में उनकी चिंघाड़ के कारण ही पूरे राज्य के लोग उन्हें हांथी सिंह के नाम से भी जानते है।

सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि स्व. सिंह ने संपूर्ण जीवन में हर कार्य ऐसा किया जिससे क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में भी लोग स्व. यमुना सिंह को याद करते हैं। अपनी कार्यकुशलता, निर्णय लेने की क्षमता और ईमानदार स्वभाव के कारण स्व.सिंह हमेशा राजनीति करने वालों के प्रेरणास्रोत रहेंगे। मौके पर स्व. सिंह के पौत्र तुषार सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री पारस जयसवाल, हेमंत कश्यप, प्रदीप सिंह, मनोज यादव, ननदेव सिंह, उपेंद्र प्रसाद, विष्णु राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डुमरी के मतदाताओं ने गठबंधन की नीतियों को ठूकराया: असगर

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने डुमरी विधानसभा के उप चुनाव में आइ.एन.डी.आइ.ए समर्थित झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को विजयी बनाने के लिए वहां की जनता को बधाई दी है, कहा कि झामुमो उम्मीदवार के पक्ष में निर्णायक जनादेश देकर डुमरी के वोटरों ने भाजपा-आजसू के अवसरवादी गठबंधन के नफरती प्रचार को खारिज कर दिया है। उप चुनाव का यह सकारात्मक परिणाम भविष्य में धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक शक्तियों की एकता को और मजबूत करेगा। चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने डुमरी के मतदाताओं समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा और विजयी प्रत्याशी बेबी देवी को बधाई दी है।

## लोक अदालत में 1,66,53,385 रूपये राजस्व की हुई वसूली

- यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है, इस न्याय का सिद्धांत त्वरित न्याय से है: अखिल कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता




मंचासिन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व डीसी, एसपी।

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण मे झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार हिमांशु मोहन, उपायुक्तअंजनी अंजन, आरक्षी अधीक्षक एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि विवाद समाज में सघर्ष उत्पन्न करता है। परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है। जहां न कोई हारता है और न कोई जीतता है, यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। इस न्याय का सिद्धांत त्वरित न्याय से है। इसका मौका लोक अदालत में ही मिलता है। न्याय होते हुए भी दिखायी पड़ना चाहिए, इसके लिए लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। वही उपायुक्त हिमांशु मोहन के कहा कि आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। अधिवक्ता संघ लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 06 बेंच बनाए गए थे। जिसमें इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3198 वादों का निष्पादन किया गया तथा कुल 16653385 रुपये राजस्व की वसूली की गई। इस मौके पर स्थायी लोक अदालत के 20 लाभुकों को चेक प्रदान किया गया। मोटरवाहन दुर्घटना वाद के तह्त कुल तीन मामलों में 13,30,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने किया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में सभी की भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**मौके पर उपस्थित पदाधिकारी व अन्य**

मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारीगण पर प्रधान न्यायधीश, कटुंब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव दास, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. नसीर अहमद, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम बीना कुमारी, उमेश सिंह, अधिवक्तागण, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, कर्मी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य पक्षकारगण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### युवक ने किया जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम में शुक्रवार की देर रात पारिवारिक विवाद में एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में जानकारी परिजनों ने बताया कि विकास गंझु 30वर्ष पिता रोहन गंझु ग्राम आरा का का किसी बात को अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर विकास में जहर खा लिया और आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### 15 को चंदवा सीएचसी में लगेगा स्वास्थ्य मेला



बैठक करते लोग।

**चंदवा।** आगामी 15 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में लगने वाले स्वास्थ्य मेला की सफलता को लेकर शनिवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व संचालन सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने की। बैठक में कार्यक्रम के उद्देश्य व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा किया गया व सर्व सम्मति से कई निर्णय लिए गए। इस दौरान चंदवा सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरी, आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में तेजी लाने, एनीमिया जांच को बढ़ाने, यक्ष्मा (टीवी) मुक्त भारत कार्यक्रम पर चर्चा लिया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने टीवी मुक्त भारत अभियान में सफल बनाने में जन भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, अयूब खान, शिक्षा विभाग से प्रतीक सिन्हा, मीरा केसरी समेत कई स्वस्थ्य कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

### कच्ची सड़क पूरी तरह से जर्जर, ग्रामीण परेशान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित मुरपा पंचायत के ओकिया ग्राम में सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन ग्रामीण में भारी परेशानी का सामना पड़ रहा है। यह सड़क ओकिया ग्राम को मुरपा पंचायत से जोड़ने वाला मुख्य सड़क है। बरसात के दिनों में कीचड़नुमा सड़क हो जाने के कारण अब तक कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। आलम यह है कीचड़ होने के कारण बाइक तो छोड़ पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। यहां तक की कोई व्यक्ति अगर बीमार पड़ जाए तो वहां तक एंबुलेंस भी जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा पूजा अवसर पर दो दिनों का मेला लगता है एवं जुलूस का भी आयोजन किया जाता है। अगर जल्द ही सड़क ठीक नही हुई तो कार्यक्रम का आयोजन में काफी कठनाई होगी। ग्रामीणों ने इस मामले में लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से मामले पर पहल करते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग कि है।

### 23 को मनाया जाएगा बाबा गणिनाथ वार्षिकोत्सव

**चंदवा।** प्रखंड के कामता स्थित बाबा गणिनाथ शिव मंदिर प्रांगण में आगामी 23 सितंबर को बाबा गणिनाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलुवाई सामाज के उमाशंकर चैतन्य ने दी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में 9 सितंबर को उक्त कार्यक्रम आहूत था, लेकिन किसी कारणवश उक्त तिथि को कार्यक्रम स्थगित किया गया है। जिसके बाद सर्वसम्मति से 23 सितंबर को कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है।

### डुमरी उप चुनाव में इंडिया गठबंधन दल की उम्मीदवार बेबी देवी के जीत पर चंदवा में मना जश्न

- हेमंत सोरेन ने नेतृत्व पर कायम है जनता का भरोसा: सितमोहन मुंडा



जश्न मनाते लोग।

**चंदवा।** सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन के बाद डुमरी में हुए विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन दल से झामुमो की उम्मीदवार स्व. जगरनाथ महतो की धर्मपत्नी बेबी देवी के जीत पर चंदवा में झामुमो कार्यकताओं ने जम कर जश्न मनाया। चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की व एक दूसरे लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने कहा कि राज्य की जनता का विश्वास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बरकरार है। विपक्ष ने उप चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी थी व चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपनाया था, लेकिन डुमरी की जनता ने स्व. जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, सुमन सुनील सोरेंग, मो. सरफराज, मो. नौशाद, बबलू राही, ब्रह्मदेव प्रजापति समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, एक गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी विनोद सिंह।

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के उकामाड़ पंचायत अंतर्गत थूकदाहा टोला में शुक्रवार को बिजली की तार की चपेट में आने से सुखलाल सिंह नामक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार थूकदाहा टोला में विनोद सिंह नामक व्यक्ति के द्वारा अपनी फसल को जंगली सूअर से बचाने को लेकर खेतों में बिजली के नंगे तार को प्रवाहित किया गया था। इस दौरान खेत में गए सुखलाल सिंह नामक व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। वहीं खेत के मालिक विनोद सिंह के द्वारा इस पूरी घटना को दबाने की नीयत से सुखलाल सिंह के मृत शरीर को घटनास्थल से उठाकर उस स्थान पर रख दिया गया जहां सुखलाल सोया करता था। घटना की सूचना थाना बरवाडीह प्रभारी श्रीनिवास सिंह को मिलने के बाद थाना प्रभारी ने टीम गठित कर घटना की पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लिया गया और घटना को दबाने का प्रयास करने व खेत में गलत तरीके से विद्युत करंट प्रवाहित करने वाले आरोपी विनोद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि इसके पूर्व छेंचा पंचायत के टिकवा टोला में बिजली के गिरे हुए तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई थी।

### जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, दो मवेशी को सूंड से पटककर किया घायल

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा व बेसरा गांव मे बिते रात जमकर उत्पात मचाते हुए जंगली हाथियों ने दो मवेशी को सूंड से पटककर घायल कर दिया। वहीं कई किसानों का फसल को भी खाकर रौंद डाला। मकरा ग्राम निवासी रंजीत कुमार सिंह पिता स्व. छेदी सिंह का दुधारू गाय एवं बछड़े को अपने पैर से कुचलकर एवं दांत से चीरकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही रंजीत कुमार सिंह ने बताया की हम सभी परिवार प्रत्येक दिन के भांति बीते रात भी खाना खाकर सोए हुए थे कि अचानक जंगली हाथियों ने करीब 2:00 बजे आ धमके और हमारे गाय को कुचलना लगे, गाय की चिल्लाहाट के आवाज सुनकर घर से बाहर निकले तो देखे की जंगली हाथियों ने गाय पर हमला कर उत्पात मचा रहा है। हमलोगो ने गांव मे जानकारी दिए गांववासियो के सहयोग से हाथियों को हटाया गया। गाय को घायल होने से पचास हजार रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। इधर ग्राम बेसरा में कारू उरांव पिता स्व दूखु का भैंस मचान में बंधा हुआ था की जंगली हाथियों ने आया और अपने पैर से उसे भी कुचल कर गंभीर रूप से घायल कर दिय। भैंस घायल किए जाने से 25 हजार रुपए की क्षति हुई है। वहीं लाले उरांव पिता स्व. मोतिया उरांव की खेत में लगे मक्का का फसल को खाकर एवं रौदकर बर्बाद कर दिया। जिससे उन्हें 10 हजार रुपए की आर्थिक क्षति हुआ हैं। बेसराविद्यालय का दरवाजा का कुंडी तोड़कर एक बोडा चावल खाकर चट कर दिया गया। साथ ही छिट कर बर्बाद कर दिया। भुक्तभोगी गरीब किसानो ने वन विभाग से ग्रामीण क्षेत्र से जगली हाथियों को भगनो के साथ उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

स्पीड न्यूज

## एसकेएमयू में कैंपस प्लेसमेंट होगा 11 सितंबर को

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में 11 सितंबर को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में रिलायंस निपोन लाइफ इंसोरेंस कंपनी लिमिटेड, एआरडीएम और सीनियर एआरडीएम पद के लिए योग्य स्नातक उतीर्ण छात्र-छात्राओं का चयन होगा। कैंपस प्लेसमेंट में स्नातकोत्तर विभाग में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग लेगे।

## सात लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज, 54 हजार लगा जुमार्ना

**चक्रधरपुर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर विद्युत विभाग चक्रधरपुर ने शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें सात लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत चक्रधरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है। सभी सातों दोषियों पर लगभग 54 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार छापेमारी अभियान सहायक अभियंता भामा पद टुडू व कनीय अभियंता अजय हंस के नेतृत्व में चलाया गया।

## डोभा बनाये जाने के मामले में पोकलेन मशीन जब्त

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह वन क्षेत्र में जल छाजन विभाग द्वारा वन भूमि में पोकलेन मशीन से डोभा बनाए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने पोकलेन मशीन को जब्त किया है। जब्त पोकलेन मशीन डोमचांच के मसनोडीह निवासी संतोष कुमार वर्णवाल का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सूचना पर जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पंहुची तो पोकलेन चालक वनकर्मियों को देख पोकलेन छोड़ फरार हो गया। मामला चार दिन पूर्व का बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार जल छाजन विभाग द्वारा एक निजी जमीन में डोभा का निर्माण कराया जा रहा था। इसी निर्माण के दौरान पोकलेन से वन भूमि के भी कुछ हिस्से में डोभा बनाया जा रहा था और कुछ भूमि में खुदाई की मिट्टी को भी रखा जा रहा था। जब इसकी गुप्त सूचना वन विभाग को मिला तो जानकारी मिलने पर रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में विभाग की टीम वहां पंहुची और कार्रवाई की।

## जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र स्थित झारखंड बीएड कलेज के नजदीक जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव के पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान बिहार के नालंदा जिले के डुमरांव गांव के रहने वाले मनीष कुमार के रूप में की गई है। संदेहास्पद स्थिति में जंगल में शव होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची तिलैया थाना की पुलिस जांच में जुट गई है और मौत के वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जिस जगह युवक का शव बरामद किया गया है, वहां पेड़ पर गमछा से फांसी का फंदा भी बनाया हुआ है। मृतक के गले पर फांसी के निशान भी बने हुए हैं। हालांकि शव पेड़ के नीचे से बरामद किया गया है, ऐसे में पुलिस युवक की हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर जप्त

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सरमाटांड़ रेलवे स्टेशन के समीप सीओ ओमप्रकाश बड़ाइक शनिवार की सुबह अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। बताते चलें कि प्रशासन की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा। अग्रिम कार्रवाई हेतु खनन विभाग को लिखा गया है। मौके पर सीओ के साथ एसआई जयप्रकाश सिंह सहित कई पुलिस जवान मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 8764 वादों का किया गया निष्पादन, 57 करोड़ से अधिक की हुई वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता से 8764 वादों का निष्पादन करते हुए 57,69,91,318 रुपये की वसूली हुई। लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। लोक अदालत की अध्यक्षता प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा ने किया। इसकी जानकारी देते हुए प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने ने दिया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में कुल आठ बेंचों का गठन कर आपसी सुलह-समझौता कर 8764 वादों का निपटारा करते हुए 57,69,91,318 रुपये की वसूली की गई। बेंच नंबर 1 से फैमिली जज संजय कुमार सिंह, सीनियर सिविल जज, द्वितीय ऋत्विका सिंह एवं अधिवक्ता राधे मंत्री उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 से डीजे वन रमेश चंद्रा, सीनियर सिविल जज चतुर्थ उत्तम सागर राणा एवं अधिवक्ता सरोज गोन, अधिवक्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद एवं जेएम वन शैलेंद्र कुमार नापित एवं अधिवक्ता नीरज कुमार दीक्षित उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से सीजेएम धर्मेंद्र कुमार सिंह, जेएम वन सार्थक शर्मा एवं अधिवक्ता धर्मवीर मिश्रा उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से एसीजेएम एस.पी. ठाकुर, एसडीजेएम जितेंद्र राम एवं अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से जेम वन विजय कुमार यादव, अधिवक्ता कामोद नारायण झा एवं पंकज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर 7 से जेएम वन परिधि शर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी नूपुर कुमारी एवं अधिवक्ता प्रवीर कुमार दुबे उपस्थित हुए। बेंच नंबर 8 से जिला उपभोक्ता, फोरम, अध्यक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल, सदस्य लीलमणि मराण्डी एवं चंदन बनर्जी उपस्थित हुए। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एम ए सी टी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस का निपटारा हुआ। लोक अदालत में कुल आठ बेंचों से 8764 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 57,69,91,318 रुपए की राशि का समझौता किया गया। इसके अलावे 12,649 लाभुकों को विभिन्न योजनाओं मे 6,57,01,46,095 रुपयों का लाभ दिया गया।

## झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज आज

**गढ़वा।** गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 सितंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। शहर के चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती के हॉल में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम व सचिव आलोक मिश्रा ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों के फुटबॉल खिलाड़ी भाग लेंगे। उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जाएगा।

# चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा

## जेवरात बरामद कर चार को गिरफ्तार भेजा जेल





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चोरी की बड़ी वारदात को दुमका पुलिस शनिवार को उद्भेदन करने में सफल रही। नगर थाना पुलिस चोरी के समान बरामद करते हुए एक नाबालिग समेत चार चोर को नगर थाना पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के बन्दरजोरी गांव निवासी रोहित हरि, शंकर चालक एवं टिन बाजार स्थित बैजू वर्मा एन्ड संस गोल्डन अलंकार दुकान के मालिक रोहित राज वर्मा उर्फ गोल्डी है। हालांकि एक अन्य आरोपी बीमारी का बहाना बना फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ भर्ती। बरामद सामग्री में मोबाईल, सोने का एक लॉकेट, आर्टिफिशियल हार के 4 सेट, दो सोने का नथ, दो हजार नगदी समेत चोरी में प्रयुक्त सबल पुलिस जप्त करने में बरामद करने में सफल रही। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने समाहरणालय कार्यालय स्थित एसपी कार्यालय में दी। एसपी ने बताया कि बीते तीन सितंबर को मिनी बस स्टैंड में सैलून संचालक के घर से लाखों के जेवरात समेत नगदी चोरी का मामला दर्ज हुआ। नगर थाना क्षेत्र के बदरजोरी में हुई चोरी की घटना में पुलिस तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। सैलून संचालक पंकज सिंह ने लिखित शिकायत में बताया था कि अज्ञात लोगों ने दो सोने का चैन, तीन अंगूठी, तीन आर्टिफिशियल हार, दो जोड़ी, 2 सोने का लॉकेट, दो स्मार्ट वाच, गैस सिलेंडर, कीमती कपड़े समेत 50 से 60 हजार नगदी की चोरी हो गई है।

पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। नगर थाना पुलिस को यह सफलता एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व मिली। उद्भेदन में नगर थाना प्रभारी अरबिंद कुमार समेत पुलिस बल का सराहनीय प्रयास रहा।

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के किसान सभा द्वारा धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गांगटी प्रखंड कार्यालय के समक्ष शनिवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के किसान सभा ठाकुर गंगटी प्रखंड इकाई द्वारा महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया गया।

विभिन्न वक्ताओं ने मुख्य रूप से माकपा लोकल कमेटी सदस्य अशोक साह, दशरथ मंडल, मेतीऊर रहमान, बारीक खान, भोला प्रसाद साह, रघुवीर मंडल आदि ने धरना सभा को संबोधित किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए अनाज समेत 14 आवश्यक वस्तुओं का दिया जाना सुनिश्चित करने, डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस पर लगाए गए तमाम टैक्स वापस लेने, मनरेगा के जरिए मनरेगा में आवंटन बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ते के लिए एक केंद्रीय योजना का कानून बनाने, शहरी इलाकों के लिए एक रोजगार गारंटी योजना घोषित करने, राज्य और केंद्र सरकार के तमाम खाली पदों पर अविलंब बहाली करने सहित 15 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के सैकड़ो कार्यकर्ता किसान मजदूर ग्रामीण शामिल थे।

# छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा कॉलेज के वनस्पति विभाग के यूजी और पीजी के छात्र और छात्राओं ने तिलकामांझी कृषि महाविद्यालय पुंसियां गोड्डा में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं के इस दल को प्रभारी प्राचार्य सह इग्नू अध्ययन केंद्र 3601 के समन्वयक डा० विवेका नंद सिंह ने एन इ पी के तहत शैक्षणिक भ्रमण को महत्वपूर्ण बताते हुए रवाना किया। विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय विलकी व्हाइट मशरूम के उत्पादन की विधि, औषधियुक्त गिलोय की गुणात्मक शिक्षा, मृदा विज्ञान के उपकरणों को इस्तेमाल करने की विधि वनस्पति रोगों की जानकारी तथा डेयरी और कीट विज्ञान संबंधित तकनीकी शिक्षा प्राप्त की। कृषि महाविद्यालय के डीन डा० अमृत कुमार झा ने इससे मिलने वाले फायदे के विषय में विस्तार से बताया कि इससे रोजगार और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खुलेंगे।

कृषि महाविद्यालय के अन्य विभागों के विशेषज्ञों डा० मुकेश कुमार सिंह, डा० परितोष कुमार, डा० रंजना देवी, डा० अंजुम, डा० निर्मला कुमारी ने कृषि संबंधित विषयों पर जानकारी दी। ये यात्रा भ्रमण कृषि विद्यालय के विभागाध्यक्ष डा० सच्ची स्नेहा एवम प्रयोग प्रदर्शक उमाशंकर दास के निर्देशन में संपन्न हुई।

# बिहार के पैक्स से मिलेगा धान-चावल के साथ पेट्रोल भी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पैक्स पर धान-चावल और खाद की बिक्री-खरीद की जाती है, लेकिन अब आप पैक्स से पेट्रोल भी खरीद सकते हैं। पैक्सों का कारोबारी दायरा बढ़ाने के लिए शुरूआत की जा रही है। इसी कड़ी में राज्य के पैक्सों का कंप्यूटराइजेशन हो रहा है। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर, राशन दुकान, खाद दुकान सहित सभी तरह के कारोबार करने के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है। अब इन चीजों से एक कदम आगे पैक्सों पर पेट्रोल की भी बिक्री होने वाली है। इसके लिए सहकारिता विभाग ने पंप खोलने के इच्छुक पैक्सों से 27 सितंबर तक आवेदन करने को कहा गया है। इसके लिए कुछ मानकों का पालन करना होगा। इसके लिए सभी सहकारिता पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इच्छुक और मानक पूरा करने वाले पैक्सों को आवेदन करवाएं। पैक्स उन्हीं जगहों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जहां पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से रिटेल आउटलेट की रिक्तियां निकाली गई हैं। रिटेल डीलरशिप के लिए पैक्सों को स्वतंत्रता सेनानियों वाली श्रेणी यानी सीसी-2 में रखा गया है। इसी श्रेणी के हिसाब से पैक्सों को पेट्रोल पंप के नियमों में छूट दी जाएगी। पेट्रोल पंप खोलने के लिए पैक्सों के पास सड़क किनारे निर्धारित जमीन होनी चाहिए। पैक्स लीज पर भी जमीन ले सकता है। इसके अलावा पैक्स के पास बड़ी पूंजी का होना भी जरूरी है। नियमित रिटेल और ग्रामीण रिटेल खोलने के लिए अलग-अलग मानक हैं। नियमित रिटेल आउटलेट राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर जबकि ग्रामीण रिटेल आउटलेट ग्रामीण क्षेत्रों में होते हैं। सभी पैक्स अध्यक्ष उसी जगह के लिए आवेदन कर सकते हैं, जहां पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा रिक्तियां जारी की गई है। रिक्तियों की जानकारी पेट्रोलियम कंपनियों के पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू पेट्रोल पंप डीलर चयन डॉट इन से ले सकते हैं। सभी कंपनियों की रिक्तियां अलग-अलग है। इसके बाद कई जिलों से पैक्स अध्यक्षों ने रुचि दिखाई है। बिहार में 8463 पैक्स हैं और इनमें सीतामढ़ी, गोपालगंज, गया, पटना आदि जिलों के पैक्स पेट्रोल पंप खोलने के लिए रुचि दिखा रहे हैं।

## चक्रधरपुर में ट्रांस्मिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन ने बांटी 50 सदस्यों में स्कूटी, बाइक एवं सहायता राशि

# सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हुआ समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** शनिवार को चक्रधरपुर शहर के पोड़ाहाट स्टेडियम में ट्रांस्मिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा संचालित सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई के तत्वावधान में स्कूटी, बाइक एवं सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन एनजीओ के डायरेक्टर विजय पंडित, नेशनल कॉआर्डिनेटर नदीम और नेशनल सपोर्ट टीम के सदस्य साबिर अहमद, शकील अली, रोहित राणा, अनिल राज, बालम चौहान, अनिल नुनिया, नितेश, सूरज राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बेहतरीन कार्य करने वाले 50 सदस्यों के बीच स्कूटी, बाइक एवं सहायता राशि का वितरण किया गया। डायरेक्टर विजय पंडित और नेशनल कॉआर्डिनेटर नदीम ने सदस्यों को बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी और अन्य सदस्यों को उनसे प्रेरणा लेकर काम करने को कहा। बताते चलें कि यह झारखंड राज्य का सातवां एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला का पहला स्कूटी, बाइक व सहायक राशि का वितरण समारोह है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के डीडीएम रामकृष्ण चाकी, बासुदेव कांडाह, बीडीएम मंजूश्री चाकी, फूलचन्द हेम्ब्रोम, मंजू कोड़ाह, सोनाराम सुंडी, राजेश कोड़ा, साधना सामड, सविता सुरीन, बबलू हेम्ब्रोम, त्रिनाथ प्रधान, बासमती सामड, मुन्नी हेम्ब्रोम, तीरथ जामुदा, लक्ष्मी बोबोंगा, सिन्दुर मनी डांगिल, पालो गागराई, उदय सिंह पुरती, पिताम्बर बिरूली आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर काफी संख्या में सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष

### आतंकवाद के सभी...

विदेश मंत्री एस जयशंकर घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ, समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करता है और तदनुसार एक कार्य योजना लेकर आया है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक स्थायी भविष्य के लिए हरित विकास समझौते की परिकल्पना करता है। यह स्थायी विकास के लिए जीवनशैली पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों, हाइड्रोजन के स्वैच्छिक सिद्धांतों, टिकाऊ लचीली नीली अर्थव्यवस्था के लिए चेन्नई सिद्धांतों और खाद्य सुरक्षा और पोषण पर डेक्कन सिद्धांतों का समर्थन करता है। भारत के राष्ट्रपति पद का संदेश 'एक पृथ्वी, एक परिवार और हम एक भविष्य साझा करते हैं। यह हमारे लिए विशेष संतुष्टि की बात है कि अफ्रीकी संघ एक स्थायी सदस्य है। इससे पहले पीएम मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन में घोषणा की थी कि नयी दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन पर सहमति बन गयी है। हमारी टीम की कड़ी मेहनत के कारण घोषणा पर आम सहमति बन सकी।

### सबका साथ सबका विकास...

आज जी -20 के अध्यक्ष के रूप में भारत दुनिया से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने का आह्वान करता है। यह हम सभी के लिए एक साथ आगे बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा कि यह समय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर चुनौयियों से निपटने का बन सकता है। चुनौतियां चाहे उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की हो, पूर्व और पश्चिम के बीच की दूरी की हो, भोजन और ईंधन के प्रबंधन की हो, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा या जल सुरक्षा की हो, हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए इन सबका ठोस समाधान ढूंढ़ना होगा। कार्यवाही शुरू करने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि मैं मोरक्को में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। हम प्रार्थना करते हैं कि सभी घायल जल्द से जल्द ठीक हो जायें। इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता प्रदान करुंगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकट का सामना करेंगे। **विश्व में पैदा हुआ नया संकट :** पीएम मोदी ने कहा कि विश्व में विश्वास का नया संकट पैदा हो गया है। जी20 सम्मेलन के पहले दिन पीएम मोदी ने कहा कि पूरा विश्व नया समाधान मांग रहा है। यही वह समय है जब पुरानी समस्याएं हमसे नई चुनौतियां मांग रही हैं और इसीलिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। एक मानव-केंद्रित दृष्टिकोण से यदि हम कोविड-19 को हरा सकते हैं, तो हम युद्ध के कारण उत्पन्न विश्वास की कमी पर भी विजय पा सकते हैं। हम मिलकर सबसे पहले इस विश्वास के इस वैश्विक संकट को एक विश्वास, एक भरोसे में बदलें। यह हम सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। और इसलिए, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र हम सभी के लिए एक पथ प्रदर्शक बन सकता है। भारत मंडपम में भारत की अध्यक्षता में 19 देश, यूरोपीय संघ, 9 विशेष मेहमान देश, तीन क्षेत्रीय और 11 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेता शिरकत कर रहे हैं। एक पृथ्वी की थीम पर आयोजित सत्र में अफ्रीकी संघ को औपचारिक रूप से पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया! उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल हो, उत्तर दक्षिण का विभाजन को, पूर्व एवं पश्चिम की दूरी हो, खाद्दा, ईंधन एवं उर्वरक का प्रबंधन हो, आतंकवाद एवं साइबर सुरक्षा हो, स्वास्थ्य, उर्जा एवं जल सुरक्षा को! वर्तमान के साथ ही, आने वाली पीढ़ियों के लिए, हमें इन चुनौतियों के ठोस समाधान की तरफ बढ़ना ही होगा।

### ड्रग्स के केस में आठ साल...

प्रार्थी बिना किसी जुर्म के 8 साल से जेल में है, एनसीबी खुद इस केस को फर्जी बता रही है, ऐसे में इस केस को निरस्त किया जाये। बता दें कि प्रार्थी ने अपने खिलाफ रांची में एनसीबी द्वारा दर्ज कराये केस को निरस्त करने, इस मामले में संबंधित रांची की अदालत द्वारा एक अप्रैल 2016 को लिये गए संज्ञान आदेश को निरस्त करने एवं बिना जुर्म के जेल में 8 साल बिताने को लेकर 50 लाख मुआवजा की दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया की एनसीबी के अधिकारियों ने फर्जी तरीके से मंगा सिंह सहित दो के खिलाफ वर्ष 2015 में रांची में प्राथमिकी दर्ज की थी। एनसीबी के अधिकारियों ने प्रार्थी को 6 अक्टूबर 2015 को बिहार के गया जिला स्थित बाराचट्टी के पटियाला ढाबे से पकड़ा था, जहां वह वेटर और साफ-सफाई का काम करता था। बाद में एनसीबी के अधिकारियों ने उसे रांची लाकर और उसके सहित दो के खिलाफ ड्रग के केस में प्राथमिकी दर्ज कर दी थी। गया जिला की पुलिस ने वहां दर्ज इससे संबंधित एक केस में जांच की थी, जिसमें गया पुलिस ने भी रांची में एनसीबी के इस केस को फर्जी बताया था। एनसीबी ने इस मामले में एनसीबी के 8 अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दायर करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है और उनके खिलाफ उनके कार्रवाई शुरू की है। उन एनसीबी के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

### दिग्गजों की थाली में दिखा...

अतिथियों के लिए सूप काउंटर, डिजर्ट काउंटर, स्वीट्स काउंटर अलग-अलग बनाये गये थे। अलग-अलग राज्यों के फेमस डिशेज उनके सामने थे। मेहमानों को अलग-अलग प्रकार के सलाद ग्रीन सलाद, पास्ता, ग्रिल्ड सलाद, यूपी के लबाबदार पनीर और आंध्र की विशेष डिश सब्ज कोरमा भी परोसा गया। जलेबी के अलावा पिस्ता रसमलाई, अदरक का हलवा, गुलाब जामुन, गाजर हलवा, मोतीचूर के लड्डू, अंजीर का हलवा, जोधपुरी मावा कचौरी, मिश्री मावा, मालपुआ, ड्राईफ्रूट्स थे। विदेशी डिशेज में थाई और डेनमार्क के डिशों को शामिल था। दुनिया के ताकतवर मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए राष्ट्रपति की तरफ से आयोजित इस रात्रि भोजन में चांदी के बर्तन में खाना परोसा गया। इन चांदी के बर्तनों को राजस्थान के जयपुर स्थित आईआरआईएस मेटल वेयर द्वारा तैयार किया गया है। इन बर्तनों की प्रदर्शनी इंडिया हैबिटेट सेंटर में मंगलवार को हुई थी। कंपनी के मालिक ने बताया कि चांदी के ये बर्तन दिल्ली के होटलों में भी भेजे गए हैं, जहां पर विदेशी मेहमान ठहरे हुए हैं। परोसने वाले सभी एक खास ड्रेस में थे। मेहमानों को दार्जिलिंग चाय, कॉफी और पान के स्वाद वाली चॉकलेट भी उपलब्ध कराये गये। दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग जी20 के मेहमानों के होटलों में खानपान की वस्तुओं की गुणवत्ता पर नजर बनाये हुए था। गुणवत्ता की जांच के लिए 18 खाद्य सुरक्षा अधीक्षकों की ड्यूटी थी। जांच के बाद ही वस्तुओं के खान-पान में इस्तेमाल का प्रविधान किया गया है।

### 22 जनवरी को गर्भगृह में...

**भूतल में प्रयुक्त हुए हैं 166 स्तंभ :** भूतल में 166 स्तंभ प्रयुक्त हुए हैं और अपनी जगह पर स्थापित होने के बाद से इन स्तंभों पर मूर्तियां उत्कीर्ण किए जाने का काम चल रहा है। अभी यह काम शुरूआती दौर में है, लेकिन 200 से अधिक विशेषज्ञ शिल्पियों के प्रयास से नवंबर तक भूतल के सभी स्तंभों को मूर्तियों से युक्त किये जाने की योजना है।

## स्पीड न्यूज

### जी 20 के 15 नेताओं की पत्नियों ने मोटे अनाज के बारे में जाना

**नयी दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की पत्नी योको किशिदा समेत जी20 के करीब 15 नेताओं की पत्नियों ने शनिवार को 1,200 एकड़ में फैले पूसा-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) परिसर का दौरा किया जहां उन्होंने मोटे अनाज को खेत में तैयार किए जाने से लेकर पकाए जाने तक का अनुभव लिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा की पत्नी रितु बंगा जी20 नेताओं की जीवन संगनियों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं, जिन्होंने यहां राष्ट्रीय राजधानी में आईएआरआई परिसर का दौरा किया। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की पत्नी क्योको जयशंकर ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का प्रदर्शनी में एक भव्य मोटा अनाज-रंगोली से स्वागत किया गया। इसमें 18 देशों के मोटे अनाज और भारत में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और किसान उत्पादक संगठनों को प्रदर्शित किया गया।

### नवीन जिंदल को विदेश यात्रा की मिली अनुमति

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कोयला खदान आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़े तीन मामलों में आरोपी कांग्रेस नेता एवं उद्योगपति नवीन जिंदल को 11 से 13 सितंबर के बीच ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर जाने की अनुमति दे दी है। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने जिंदल के आवेदन को यह कहते हुए स्वीकार कर लिया कि वह पहले भी कई बार विदेश यात्रा कर चुके हैं और निर्धारित अवधि के भीतर मुकदमे की सुनवाई के लिए देश लौट आये हैं।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री शिवसेना में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान के बर्खास्त मंत्री और उदयपुरवाटी से विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा शनिवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। गुढ़ा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनका पार्टी में स्वागत किया। शिंदे ने कहा कि मैं राजेंद्र सिंह गुढ़ा का शिवसेना परिवार में स्वागत करता हूं। राजस्थान की वीरता व शौर्य तथा महाराष्ट्र की वीरता व शौर्य का अब मिलन हुआ है और दोनों साथ आगे बढ़ेंगे।

### द. अफ्रीका के कद्दावर नेता बुथेलेजी का निधन

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के कद्दावर राजनीतिज्ञ मैंगोसुथु बुथेलेजी का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बुथेलेजी ने नस्लवादी रंगभेद शासन के दौरान अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस से मोहभंग होने के बाद जुलु इंकथा पार्टी की स्थापना की थी। 1990 के दशक की शुरूआत में दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच झड़पों में हजारों लोग मारे गए थे। तत्कालीन राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के शासनकाल में बुथेलेजी ने गृह मंत्री के रूप में सेवाएं दी थी।

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप के बीच बनेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

## जी20 सम्मेलन : कनेक्टिविटी, सतत विकास को नयी दिशा मिलेगी : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महत्वाकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की योजना की शनिवार को घोषणा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत कनेक्टिविटी को क्षेत्रीय सीमाओं तक नहीं बांधता और उसका मानना है कि यह आपसी विश्वास को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 'वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा से संबंधित कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि आज हम सभी एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक साझेदारी पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम बनेगा। यह कॉरिडोर पूरी दुनिया की कनेक्टिविटी और सतत विकास को एक नई दिशा देगा। मोदी ने कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए सतत विकास को बढ़ावा देगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा मानवता के लिए बुनियादी आधार है तथा भारत ने हमेशा इस पर जोर दिया है।

**▸▸ नये आर्थिक गलियारे के लिए एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप देने में सफल हुए : बाइडन**

**भारत, अरब और यूरोप के बीच होगा सीधा कनेक्शन**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने गलियारे पर समझौते की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि रेल लिंक के साथ यह भारत, अरब की खाड़ी और यूरोप के बीच अब तक का सबसे सीधा कनेक्शन होगा, जिससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार की गति में 40 प्रतिशत का इजाफा होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रख रहे हैं। पीजीआईआई (वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी) के माध्यम से, हम ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे के अंतर को भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत कनेक्टिविटी को क्षेत्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं करता है। हमारा विश्वास है कि कनेक्टिविटी आपसी विश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों के लिए किया जाता है। मोदी ने सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कर्ज के बोझ के बजाय वित्तीय व्यवहार्यता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी पर्यावरणीय दिशा निर्देशों का पालन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी पर इतने बड़े कदम के साथ, हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं।



जी 20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि वे नए भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के लिए एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप देने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस गलियारे के प्रमुख हिस्से के रूप में, हम जहाजों और रेलगाड़ियों में निवेश कर रहे हैं, जो भारत से संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल के माध्यम से यूरोप तक विस्तारित है। इससे व्यापार करना बहुत आसान हो जाएगा। मैं प्रायोजकों और विशेष रूप से मोदी और (सऊदी युवराज) मोहम्मद बिन सलमान को धन्यवाद देना चाहता हूं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह पहले वैश्विक हरित व्यापार मार्ग से संबंधित है क्योंकि हाइड्रोजन इस परियोजना का हिस्सा है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इसे सफलतापूर्वक लागू करें और जर्मनी योगदान देगा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि नया गलियारा वैश्विक एकीकरण को मजबूत करने में एक मील का पत्थर है। उन्होंने मोदी, बाइडन और अन्य नेताओं को धन्यवाद दिया जिन्होंने इसे संभव बनाया। मेलोनी ने कहा कि इससे हमारी आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। इटली इस पहल में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है और हम भूमध्यसागरीय एवं हिंद प्रशांत के बीच सेतु निर्माण में योगदान देगा।

# सामूहिक रूप से ऊर्जा संरक्षण में तेजी लाने पर बनी सहमति

**नयी दिल्ली।** जी20 नेताओं ने शनिवार को सामूहिक रूप से ऊर्जा संरक्षण में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे समूह को जलवायु उद्देश्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। जी20 नयी दिल्ली घोषणापत्र (नयी दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन) के अनुसार सदस्य देश नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और कम लागत वाले वित्तपोषण तक पहुंच को बढ़ावा देने पर भी सहमत हुए हैं। हम मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी वृद्धि और अपने जलवायु उद्देश्यों को हासिल करने के साधन के रूप में विभिन्न मार्गों का अनुसरण करते हुए स्वच्छ, टिकाऊ, न्यायसंगत, सस्ते और समावेशी ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह विकासशील देशों की जरूरतों, प्राथमिकताओं, कमजोरियों और विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को समझता है। जी20 नेताओं ने विभिन्न स्रोतों, आपूर्तिकताओं और मार्गों से ऊर्जा के निर्बाध प्रवाह को बनाए रखने, बढ़ी हुई ऊर्जा सुरक्षा और बाजार स्थिरता के रास्ते तलाशने के महत्व पर भी जोर दिया। घोषणा पत्र में यह स्वीकार किया गया कि विकासशील देशों को कम कार्बन उत्सर्जन की दिशा में बदलाव के लिए समर्थन की आवश्यकता है। इसके लिए कम लागत वाले वित्तपोषण की सुविधा की दिशा में काम किया जाएगा। नेता शून्य और कम उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों से उत्पादित हाइड्रोजन और अमोनिया जैसे उत्पादों के लिए पारदर्शी और लचीले वैश्विक बाजारों का समर्थन करने पर भी सहमत हुए हैं।

### ईंधन के रूप में कोयले के उपयोग को धीरे-धीरे कम करने पर जतायी प्रतिबद्धता

**नयी दिल्ली।** जी20 देशों ने शनिवार को राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप ईंधन के रूप में कोयले के इस्तेमाल को धीरे-धीरे कम करने के प्रयासों में तेजी लाने और जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने के लिए पिट्सबर्ग में 2009 में किए गए अपने वादे को बरकरार रखने की प्रतिबद्धता जताई। जी20 घोषणापत्र में कहा गया है कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के इस समूह ने कम उत्सर्जन वाली ऊर्जा प्रणालियों में परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास, उपयोग और प्रसार में तेजी लाने के महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को तेजी से विस्तार देने पर जोर दिया। जी20 घोषणापत्र में कहा गया कि हम पिट्सबर्ग में 2009 में की गई प्रतिबद्धता को लागू करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करेंगे ताकि अपर्याप्त जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को धीरे-धीरे कम किया सके और तर्कसंगत बनाया जा सके। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं और साथ ही सबसे गरीब लोगों के लिए लक्षित सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें आगे कहा गया है कि हम कम उत्सर्जन वाली ऊर्जा प्रणालियों की ओर बढ़ने के मकसद से प्रौद्योगिकियों के विकास, उपयोग और प्रसार में तेजी लाने और अनुकूल नीतियों को अपनाने के महत्व को स्वीकार करते हैं। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा सहित स्वच्छ ईंधन उत्पादन को बढ़ाना शामिल है। पीएम मोदी ने जी20 नेताओं की बैठक में घोषणापत्र को स्वीकार करने की घोषणा की।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से गले मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन के लिए यहां एकत्र हुए दुनिया के शीर्ष नेताओं ने जलवायु मोर्चे सहित विश्व के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता होने का आह्वान किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि जी20 नेता वित्तीय संकट के बाद वैश्विक विकास को बहाल करने के लिए 15 साल पहले पहली बार एक साथ आए थे। उन्होंने कहा कि हम (अब) अत्यधिक चुनौतियों वाले समय में मिल रहे हैं। दुनिया नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक बार फिर जी20 की ओर देख रही है। मेरा मानना है कि हम मिलकर इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा कि उनके

**▸▸ नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक बार फिर जी20 की ओर देख रही है दुनिया : सुनक**

देश की जी20 अध्यक्षता के दौरान जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक मुहिम के लिए एक कार्य बल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम शमन, अनुकूलन, हानि और क्षति तथा वित्तपोषण के बीच संतुलित जलवायु एजेंडे के साथ, ग्रह की स्थिरता और लोगों की गरिमा सुनिश्चित करते हुए 2025 में सीओपी 30 तक पहुंचना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राजील को इसमें हर किसी की भागीदारी की उम्मीद है ताकि पृथ्वी की सुंदरता केवल अंतरिक्ष से ली गई तस्वीर न रह जाए। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि हमें

### ब्राजील के राष्ट्रपति बोले-वैश्विक मुहिम के लिए बनेगा एक कार्य बल

खुशी है कि जी20 ने अफ्रीकी संघ को समूह के सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर वैश्विक पुनर्निर्माण, निम्न-कार्बन का लक्ष्य हासिल करने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और टिकाऊ समाज बनाने की ओर बढ़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाएं, इस संकट के लिए सबसे कम जिम्मेदार होने के बावजूद जलवायु परिवर्तन का खामियाजा भुगत रही हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी और अन्य विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के रूप में, हमें गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का बोझ उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका सतत विकास के लिए उन्नत और विस्तारित वैश्विक साझेदारी का आह्वान करता है। उन्होंने कहा कि इसे विकास के लिए वित्तपोषण पर अदीस अबाबा कार्रवाई एजेंडा में उल्लिखित ठोस नीतियों और कार्यों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने कहा कि जी20 देशों के नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ शामिल होने से पहले ह्यह्यहमने एक सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। तस्वीर की पृष्ठभूमि में वह पहिया है जो कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रतीक है, जो यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित है। उन्होंने कहा, ह्यह्यतो इसका मतलब है कि हम इसका समाधान कर सकते हैं। इसके लिए हमें नवाचार, हरित प्रौद्योगिकियों में निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और ऊर्जा दक्षता की आवश्यकता है। इसके लिए अधिक निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जी20 में, मैंने नेताओं को वैश्विक कार्बन मूल्य निर्धारण के आह्वान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

# नारी सशक्तीकरण पर नया समूह होगा गठित

**नयी दिल्ली।** जी- 20 की भारतीय अध्यक्षता में लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण पर बल देते हुए जी- 20 में नया महिला सशक्तीकरण समूह गठित करने की घोषणा की गई है। शनिवार को विदेश मंत्री जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और शेरपा अमिताभ कांत ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जी- 20 के नयी दिल्ली घोषणापत्र में लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर बल दिया गया है। जी-20 नेताओं ने लैंगिक समानता की पुष्टि की है और महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी समान और सार्थक भूमिका देने की बात कही है। श्री कांत ने कहा कि जी-20 की बैठकों में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वैश्विक चुनौतियों से निपटा जा सकता है और अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है।

# मोरक्को में भूकंप से एक हजार की मौत

**रबात।** मोरक्को में शुक्रवार रात आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर एक हजार के करीब हो गई है और कम से कम 672 लोग घायल हुए हैं। देश के गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार 23.11 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र मराकेश से लगभग 70 किमी दक्षिण पश्चिम में अल हौज प्रांत के



इघिल शहर के पास जमीन की सतह से 18.5 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप से तरौदंत और मराकेश शहरों में कई घर ढह गए। भूकंप के झटके रबात और कैसाब्लांका सहित मोरक्को के कई शहरों में महसूस किये गए।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के प्रति जताया शोक**

इस बीच दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के प्रति जताया शोक। उन्होंने कहा कि कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय मोरक्को की सहायता के लिए सामने आएगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मोरक्को के लोगों को समर्थन देने का वादा किया है।

# अक्षय कुमार ने जन्म दिन पर 'वेलकम 3' का किया एलान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने जन्म दिन पर वेलकम 3 फिल्म की घोषणा की, जिसका निर्देशन अहमद खान करेंगे। अभिनेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खुद को और आप सभी को शनिवार को जन्म दिन का उपहार दिया है। अगर आप इसे पसंद करते हैं और धन्यवाद देते हैं, तो मैं कहूंगा वेलकम(3)



वेलकमटूदजंगल। अभिनेता ने पोस्ट के साथ एक क्लिप भी साझा किया है, जिसमें कलाकारों की टोली नजर आ रही है।

# पुर्नजन्म की यात्रा कराएगा आरआर स्पोटिंग क्लब

## खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इस बार आरआर स्पोटिंग क्लब इंसान के पुर्नजन्म की यात्रा के प्रसंग पर आधारित काल्पनिक पंडाल का निर्माण कर रहा है। इस पंडाल की ऊंचाई 55 फीट वह लंबाई 42 फीट होगी। बाहुबली थीम पर आधारित होगा मां का सिंहासन। मां दुर्गा की 18 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना की जाएगी उनका सिंहासन 8 फीट ऊंचा होगा। अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा 10 फीट ऊंची होगी सारे प्रतिमाओं और मां का सिंगार राजस्थानी रंग रूप में होगा। उद्घाटन के दिन ड्रोन से फूलों की बारिश की जाएगी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के कलाकार नृत्य करेंगे। इसके अलावा स्थानीय कलाकार छऊ नृत्य करेंगे। पंडाल निर्माण का कार्य बंगाल के हलदिया में किया जा रहा है। पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि पूजा में पहली बार नवमी और दसवीं के दिन माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा कलश स्थापना से लेकर सभी पूजा अर्चना प्राचीन दुर्गा मंदिर में की जाएगी। अष्टमी और नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में करीब 55 लाख रखा गया है। मुख्य संरक्षक विक्की यादव ने कहा कि आरआर स्पोटिंग क्लब युवा सोच के साथ इंसान के पूर्णजन्म की यात्रा का थीम लेकर आप लोगों के बीच होगा इसका मकसद केवल पूजा करना नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देना भी है।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चले: विक्की



आरआर स्पोर्टिंग क्लब के संरक्षक विक्की यादव ने कहा है कि ऐसे तो आम दिनों में भी रातू रोड जाम रहता है। लेकिन ट्रैफिक एसपी से हमारा निवेदन होगा की पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें ताकि भक्तगण को कोई परेशानी ना हो। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के पदाधिकारी : मुख्य संरक्षक विक्की यादव,अध्यक्ष-राहुल यादव,कोषाध्यक्ष-रोहित यादव,सचिव-अजीत कुमार,वरीय उपाध्यक्ष-सत्येंद्र गुप्ता,बबलू सिंह ,उपाध्यक्ष-उत्तम यादव,प्रचार मंत्री-सुभाष राय,विकास सिंह, महामंत्री-दीपक वर्मा,सूरज वर्मा, सचिन चौधरी,बिप्पू चौधरी,अभिषेक कुमार,रवि यादव आदि है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# महत्वपूर्ण खनिज और टिकाऊ भविष्य की ओर भारत की राह



**प्रल्हाद जोशी**
**केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री**

स्वच्छ ऊर्जा का रुख करने में महत्वपूर्ण खनिजों की अहमियत के संबंध में आम सहमति बढ़ती जा रही है। गोवा में जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रियों की बैठक के परिणाम दस्तावेज में ₹ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों और सामग्रियों की विश्वसनीय, जिम्मेदार और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने की आवश्यकता₹ पर ध्यान दिया गया है। जो खनिज उपयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं और जिनका कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं होता, लेकिन जो देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, उन्हें प्रायः महत्वपूर्ण खनिजों के रूप में परिभाषित किया जाता है। कोबाल्ट, लिथियम, सिलिकॉन, ग्रेफाइट और दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी जैसी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में किया जाता है। इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता और 2030 तक उत्सर्जन-तीव्रता को 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करने के भारत के संधारणीय या सतत लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। इसलिए ये खनिज आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और इन्हें आधुनिक सभ्यता की बुनियाद करार दिया जा सकता है।

स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 और 2022 के बीच लिथियम, आरईई और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई। कोबाल्ट, तांबा और निकल जैसे खनिजों के मामले में, वर्तमान खनन उत्पादन पहले से ही वैश्विक भंडार के 2 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं जटिल हैं और व्यापार संबंधी सरोकारों, भू-राजनीतिक कारकों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे अप्रत्याशित व्यवधानों के प्रति असुरक्षित हो सकती हैं। हमारी आयात निर्भरता कम करने, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाना महत्वपूर्ण है।

आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार अन्वेषण, प्रसंस्करण, उपयोग और रीसाइक्लिंग पर ध्यान देने सहित घरेलू महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में 2015, 2020, 2021 और हाल ही में 2023 में किए गए प्रमुख परिवर्तनों के माध्यम से समय-समय पर किए गए संशोधनों के जरिए नीतिगत सुधार लाए गए हैं। उत्पादन के घरेलू स्रोत बढ़ाने के लिए खान मंत्रालय ने 2015 में नई नीलामी व्यवस्था आरंभ कर पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से खदान विकास के लिए



खनन पट्टे (एमएल) और समग्र लाइसेंस (सीएल) प्रदान किए। इसके अलावा, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) महत्वपूर्ण खनिजों के अन?वेषण में सहायता कर रहा है और निजी एजेंसियों को भी अन्वेषण गतिविधियों के लिए धन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 भी गहराई में पाए जाने वाले तथा महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) के प्रावधान को शामिल कर खनन की सुविधा देता है। इसने लिथियम सहित 6 खनिजों को 12 परमाणु खनिजों की सूची से हटा भी दिया है।

सहकारी संघवाद के लिए एक मिसाल कायम करते हुए सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों के लिए राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए 24 महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित रियायतों की विशेष रूप से नीलामी करने का उत्तरदायित्व लिया है। इस उपाय से राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों में सुधार होगा, जिससे उनकी राजकोषीय स्थिति को बड़े पैमाने पर प्रोत?साहन मिलेगा।

घरेलू व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के अलावा बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संबद्धताओं के माध्यम से सहयोगपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय प्रयास लचीली महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला के निर्माण में मदद कर सकते हैं। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई महत्वपूर्ण है और सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में सक्रिय रूप से नई साझेदारियां और गठबंधन बना रही है जैसे -खनिज सुरक्षा साझेदारी (एमएसपी) में भारत का प्रवेश, ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) तथा खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआईएल)का चिली और अर्जेंटीना जैसे देशों में खनिज अधिग्रहण के अवसर तलाशने का प्रयास करना।

जी-20 में हुई चर्चा के अनुरूप, महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में नवाचार, पर्यावरण, सामाजिक और शासन व्यवस्था (ईएसजी) और सकुर्लेरिटी को सम्मिलित करते हुए स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांत भारत के महत्वपूर्ण खनिजों को भविष्य के लिए सुरक्षित करने के हमारे प्रयासों को और ज्यादा मजबूती प्रदान करेंगे।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत प्रधानमंत्री का एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का विजन साझा भविष्य के लिए उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन शमन से संबंधित हमारे साझा लक्ष्यों के महत्व को रेखांकित करता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया गया आरंभिक कार्य महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में हमारे काम को मजबूती प्रदान करेगा, जिसकी बदौलत भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा।

# एसबीआई के अधिकारियों ने वेतन सुधार , पांच दिनी कार्य सप्ताह पर की चर्चा

भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, पटना मण्डल, विद्यापति भवन , विद्यापति मार्ग , पटना में शनिवार को सदस्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि कामरेड दीपक कुमार शर्मा, महासचिव , श्री कमलाकर सिंह, अध्यक्ष कॉम अमरेश विक्रमादित्य महासचिव एवं अधिकारी संघ पटना मंडल के अन्य नेतृत्त्व कताओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर अधिकारी संघ के सभी पदाधिकारी एवं पटना तथा आसपास से विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों से आए लगभग 500 अधिकारी उपस्थित रहे ।

श्री दीपक कुमार शर्मा, महासचिव , ने जहां आज के समय में मजबूत ट्रेड यूनियन की महत्ता पर जोर दिया वहीं राष्ट्रीय स्तर पर ,एआईएसबीओएफ पटना द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो का ब्योरा दिया । उन्होंने अपने संबोधन मे बताया की किस प्रकार अधिकारीयों के परिश्रम से हमारा बैंक रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज कर रहा है. हम सब अपने बैंक को दुनिया मे सर्वश्रेष्ठ बैंक बनाने के लिए कटिबद्ध हैं. उन्होंने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्यों की सराहना करने के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री महोदया को धन्यवाद भी दिया तथा साथ ही साथ बैंको के निजीकरण सम्बन्धी घोषणाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध भी किया. उन्होनें बताया की बैंक अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण01.11.2022 से प्रतीक्षित है तथा इस सम्बन्ध मे संघों की वार्ता चल रही है जिसमे अधिकारी संगठन ऐबोक का नेतृत्व कॉम रूपम रॉय, अध्यक्ष अकरइडऋ द्वारा किया जा रहा है. कॉम शर्मा के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र मे बैंक कर्मियों के कार्य जीवन संतुलन के लिए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किया जाना समय की मांग है तथा इस सम्बन्ध मे संघों एवं कइअ के बीच वार्ता पूरी हो चुकी है एवं यह प्रस्ताव अभी वित्त विभाग केंद्र सरकार के समक्ष विचाराधीन है. उन्होंने माननीय वित्त मंत्री से इसे जल्द लागू करने का आवाहन भी किया।

श्री कमलाकर सिंह,अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को संगठित रहने का एवं मिल कर कार्य करने का संदेश दिया तथा अपने बैंक को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाने हेतु आवाहन भी किया. । उन्होनें कहा की ये हमारी एकता और मेहनत का ही परिणाम है कि आज भारतीय स्टेट बैंक रिकर्ड लाभ कमा भारतीय बैंकिंग व्यवस्था के शिखर पर है । उन्होनें बैंक के लिए और संगठन के लिए समान रूप से ईमानदारी पूर्वक कार्य करने पर बल दिया ।

श्री अमरेश विक्रमादित्य, महासचिव ने सभी उपस्थित सदस्यों को साधुवाद देते हुए एक मजबुत संघ के निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया । कॉम अमरेश ने बताया की अधिकारी संघ पटना मंडल अपने सदस्यों के हितों के लिए लगातार प्रयासरत है. उन्होंने कॉम दीपक कुमार शर्मा का आभार प्रकट किया कि उन्होंने मंडल नेतृत्व के आमंत्रण को स्वीकार किया तथा हमारा मार्गदर्शन करने पटना की सभा मे आये. उन्होनें श्रमिक संवर्ग एवं आम आदमी के सर्वांगिण विकास के लिए एक मजबूत ट्रेड यूनियन कि आवश्यकता पर बल दिया । सदस्यों को सजगता एवं अनुशासन से अपने कार्यो को संपादित करने कि सलाह दी । उन्होनें आने वाले दिनों में बैंकिंग जगत कि चुनौतियों का संगठित होकर मुकाबला करने पर भी बल दिया । महासचिव ने वहाँ उपस्थित सदस्यों कि परेशानियों एवं सुझावों को भी सुना एवं उनके उचित समाधान एवं निर्वहन का भी प्रयास किया ।

सभा के अन्य वक्ताओं में केंद्रीय समिति सदस्य श्री अरिजित बोस , श्री अनिल कुमार यादव एवं श्री शिवधार लाल प्रमुख रहें ।

सभा में अन्य केंद्रीय समिति सदस्य श्री संजीत सुमन, श्री रंजन कुमार सिंह, श्री लक्ष्मी नारायण पासवान, श्री प्रशांत कुमार मिश्रा, श्री मुकेश कुमार, श्री सुधाकर सिन्हा, श्री प्रदीप रजक, श्री रजनीश श्रीवास्तव , श्री विजय कुमार भारती भी उपस्थित रहें । मंच का सञ्चालन कॉम निकेश नंदन द्वारा किया गया. सभा के उपरांत भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, पटना मण्डल के द्वारा , सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शारदा संघ विद्यालय में गरीब और बेसहारा बच्चों कि पढ़ाई मे सहयोग के लिए 50 स्टडी टेबल का वितरण भी किया गया ।

# स्वास्थ्य बीमा भारत में क्यों महत्वपूर्ण है ?



**प्रियंका चन्द्रा**

इस दौड़ती-भागती दुनिया में निरंतर बढ़ते तनाव कारण विशेषकर भारत में विभिन्न प्रकार की हेल्थ संबंधी परेशानियाँ पनपने लगी हैं। लाखों लोग यहाँ हृदय रोग संबंधी, श्वास संबंधी, जन्मजात विकार और इन्फेक्शन संबंधी बीमारियों के शिकार होते जा रहे हैं।

यह देखते हुए कि भारतीय विभिन्न गंभीर प्रकार की बीमारियों की जकड़ में सरलता से आ जाते हैं, क्या आपने स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के विषय में कुछ सोचा है ? हेल्थ केयर की बढ़ती लागत के कारण वित्तीय परेशानियाँ भी बढ़ सकती हैं।

इस स्थिति से उबरने का सबसे अच्छा उपाय एक अच्छी हेल्थ बीमा पॉलिसी का क्र्य करना होता है।

**हेल्थ बीमा सुरक्षा**

बीमा कंपनियाँ विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से अधिकतम सुरक्षा और लाभ प्रदान करती हैं। इन सुरक्षाओं में अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्चे, भर्ती होने के समय के खर्चे, डे केयर खर्चे और रहने के खर्चे आदि शामिल होते हैं। भारत में अधिकतर निम्न दो प्रकार के हेल्थ बीमा प्लान मिलते हैं :

**इंडेमिनिटी प्लान**

इन योजनाओं में बीमा धारक द्वारा किए गए वास्तविक खर्चों का भुगतान किया जाता है। इसके अंतर्गत आप बीमा अवधि में एक से अधिक बार अपनी पूरी सुरक्षा के बराबर की राशि को प्राप्त कर सकते हैं। इंडेमिनिटी हेल्थ बीमा में नीचे दिये गए खर्चे शामिल किए जाते हैं:

**अस्पताल के कमरे का किराया**

**ऑपरेशन थियेटर चार्ज**

**डॉक्टर की फीस**

**अस्पताल में भर्ती से पहले और बाद के खर्चे**

**एक मुश्त लाभ पॉलिसी**

इस प्रकार की पॉलिसी में एमर्जेंसी की स्थिति में सारी बीमा राशि एक बार में ही दे दी जाती है। उदाहरण के लिए यदि हेल्थ बीमा में गंभीर बीमारी सुरक्षा शामिल है और यदि आप किसी समय आपको इस बीमारी के बारे में पता लगता है तब आपको इससे संबन्धित समस्त लाभ एक साथ ही मिल जाएँगे। इस प्लान का उद्देश्य उन खर्चों में वित्तीय सहायता देना है जो निम्न रूप में हो सकते हैं:

**फिजियोथेरेपी या दूसरे रीहेबिलिटेशन प्रोसीजर**

**गंभीर बीमारियों की स्थिति में मोनिटरिंग डिवाइस**

**फॉलोअप मेडिकल टेस्ट और जाँचें**

**सप्लीमेंट्स**

बीमारी में जरूरत पड़ने वाला मेडिकल फर्नीचर या घर में किया जाने वाला सुधार

**बीमा योजना के लाभ**

**वित्तीय स्थायित्व**

एमर्जेंसी में होने वाले मेडिकल खर्चे घर के बजट को बिगाड़ने के लिए काफी होते हैं। अकसर इसमें सारी बचत खत्म हो जाती है या फिर कभी-कभी तो कुछ संपत्ति भी बेचनी पड़ सकती है। लेकिन जब आप एक हेल्थ प्लान लेते हैं तब आपको बीमारी के समय वित्तीय स्थायित्व का आश्वासन मिल जाता है।

**सबसे अच्छा इलाजः**

पर्याप्त धन पास में न होने पर हो सकता है आपको इलाज में कोई समझौता करना पड़ सकता है। लेकिन जब आपके पास एक अच्छी हेल्थ बीमा योजना होगी तब आप किसी भी बीमारी की अवस्था में अच्छे से अच्छे इलाज का पूर्ण आश्वासन भी मिल सकता है।

**बीमा योजनाओं में चयन**

विभिन्न बीमा कंपनियाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की बीमा योजनाएँ दी जाती हैं। भारत में इनकी संख्या इतनी अधिक है कि लेने के समय अच्छा खासा असमंजस की स्थिति भी हो जाती है। एचडीएफसी एरगों के पास विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाएँ हैं। आप अपनी जरूरत के अनुसार किसी भी एक अच्छी बीमा योजना का यहाँ से चयन कर सकते हैं।

हेल्थ सुरक्षा का लाभ उठाएँ जिससे आप हेल्थ बीमा के सभी लाभ उठा सकें क्योंकि अपनी और अपने परिवार की बीमारी के विरुद्ध सुरक्षा करना ही आपके द्वारा की गई सबसे अच्छाई इनवेस्टमेंट हो सकती है।

(लेखिका निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनी की अधिकारी हैं।)

# संविधान सभा में भिड़ गये थे अंबेडकर और कामत, देश को ऐसे मिला नाम

**अभिनय आकाश**

डॉ. आंबेडकर ने सदन को कई बार याद दिलाया कि सभ्यता संबंधी बहस अनावश्यक है क्योंकि भारत नाम का सदस्यों ने विरोध नहीं किया है। कामथ के हस्तक्षेप के जवाब में उन्होंने कहा कि हम अभी इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि क्या ₹इंडिया₹ के बाद ₹भारत₹ शब्द आना चाहिए।

अब तक हम देश को भारत और इंडिया दोनों ही नमों से बुलाते थे। लेकिन क्या अब सिर्फ भारत ही हो जाएगा और इंडिया हट जाएगा? इस बात की खूब चर्चा है कि संसद के विशेष सत्र में मोदी सरकार संविधान से इंडिया शब्द हटाने का प्रस्ताव ला सकती है। हमारे देश के दो नाम हैं। पहला भारत और दूसरा इंडिया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लिखा है, इंडिया दैट इज भारत। इसका मतलब हुआ कि देश के दो नाम हैं। हम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया भी कहते हैं और भारत सरकार भी। भारत के संविधान का अनुच्छेद 1 क्या बनेगा, इस पर संविधान सभा में जोरदार बहस हुई। किसने क्या कहा और अनुच्छेद कैसे अपनाया गया?

## भारत' या 'इंडिया' पर विभिन्न तर्क

अनुच्छेद 1 पर पहली बहस 17 नवंबर, 1948 को शुरू होनी थी। हालांकि, गोविंद बल्लभ पंत के सुझाव पर नाम पर चर्चा को बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया। 17 सितंबर, 1949 को डॉ. बीआर अंबेडकर ने प्रावधान का अंतिम संस्करण सदन में प्रस्तुत किया, जिसमें 'भारत' और 'इंडिया' दोनों शामिल थे। कई सदस्यों ने 'इंडिया' के इस्तेमाल के खिलाफ खुद को व्यक्त किया, जिसे उन्होंने औपनिवेशिक अतीत की याद के रूप में देखा। जबलपुर के सेठ गोविंद दास ने भरत को भारत से ऊपर रखना पसंद किया। कई सदस्यों की एक लोकप्रिय मांग यह भी रेखांकित करना थी कि इंडिया ₹अंग्रेजी भाषा₹ में भारत का विकल्प है। ₹इंडिया, यानी भारत₹ किसी देश के नाम के लिए सुंदर शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें "भारत को विदेशों में भी इंडिया के नाम से जाना जाता है" शब्द डालना चाहिए था। हरि विष्णु कामथ ने आयरिश संविधान का उदाहरण देते हुए तर्क दिया कि 'इंडिया' शब्द केवल भारत का अनुवाद है।

यदि सदन में माननीय सहकर्मी 1937 में पारित आयरिश संविधान का हवाला देने का कष्ट करेंगे, तो वे देखेंगे कि आयरिश फ्री स्टेट आधुनिक दुनिया के उन कुछ देशों में से एक था, जिसने स्वतंत्रता प्राप्त करने पर अपना नाम बदल लिया था। उन्होंने कहा कि इसके संविधान का चौथा अनुच्छेद भूमि के नाम में परिवर्तन का उल्लेख करता है। कामथ ने कहा कि आयरिश मुक्त राज्य का संविधान कहता है कि राज्य का नाम आयर है, या, अंग्रेजी भाषा में आयरलैंड है। संयुक्त प्रांत के पहाड़ी जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हरगोविंद पंत ने स्पष्ट किया कि उत्तरी भारत के लोग भारतवर्ष चाहते हैं और कुछ नहीं। पंत ने तर्क दिया कि जहां तक ??'भारत' शब्द का सवाल है, ऐसा लगता है कि सदस्यों को, और वास्तव में मैं यह समझने में



असफल हूं कि क्यों, इसके प्रति कुछ लगाव है। हमें जानना चाहिए कि यह नाम हमारे देश को विदेशियों द्वारा दिया गया था, जो इस भूमि की समृद्धि के बारे में सुनकर इसके प्रति आकर्षित हुए थे और हमारे देश की संपत्ति हासिल करने के लिए हमसे हमारी स्वतंत्रता छीन ली थी। यदि हम, फिर भी, 'भारत' शब्द से चिपके रहते हैं, तो यह केवल यह दिखाएगा कि हमें इस अपमानजनक शब्द से कोई शर्म नहीं है जो विदेशी शासकों द्वारा हम पर थोपा गया है।

## प्राचीन सन्दर्भ

दास ने तर्क दिया कि विष्णु पुराण और ब्रह्म पुराण में 'भारत' का उल्लेख है। अन्य लोगों ने कहा कि सातवीं सदी के चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने देश को भारत कहा था। दास ने कहा कि लेकिन अपने देश का नाम भारत रखकर हम ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं जो हमें आगे बढ़ने से रोकेगा। हमें वास्तव में अपने देश को ऐसा नाम देना चाहिए जो हमारे इतिहास और हमारी संस्कृति के अनुरूप हो। दास ने एक पुस्तिका का भी उल्लेख किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह साबित करने का एक प्रयास था कि ₹इंडिया₹, ₹भारत₹ से अधिक प्राचीन है। मैं चाहता हूं कि यह रिकॉर्ड में होना चाहिए कि यह गलत है। ₹इद्यम्₹ और ₹इदे₹ का अर्थ अग्नि है। दास ने कहा कि इडेनयाह₹ का इस्तेमाल आग के विशेषण के रूप में किया गया है और ₹इडा₹ आवाज का प्रतीक है। कामथ ने संभावित नामों के रूप में भारत या भारतवर्ष या भारतभूमि का सुझाव दिया जो धर्मग्रंथों से लिया गया है। इतिहासकारों और भाषाशास्त्रियों ने इस देश के नाम विशेषकर भारत नाम की उत्पत्ति के विषय में गहराई से विचार किया है। वे सभी इस भारत नाम की उत्पत्ति के विषय में एकमत नहीं हैं। कुछ लोग इसका श्रेय दुष्यन्त और शकुन्तला के पुत्र को देते हैं, जिन्हें ₹सर्वदमन₹ या सर्व-विजेता के नाम से भी जाना जाता था और जिन्होंने इस प्राचीन भूमि पर अपना आधिपत्य और राज्य स्थापित किया था। उनके बाद इस भूमि को भारत के नाम से जाना जाने लगा।

## आंबेडकर का परहेज

डॉ. आंबेडकर ने सदन को कई बार याद दिलाया कि सभ्यता संबंधी बहस अनावश्यक है क्योंकि भारत नाम का सदस्यों ने विरोध नहीं किया है। कामथ के हस्तक्षेप के जवाब में उन्होंने कहा कि हम अभी इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि क्या इंडिया के बाद भारत शब्द आना चाहिए। जब किशोरी मोहन त्रिपाठी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत शब्द हर किसी को भारत के अतीत के गौरव की याद दिलाता है, तो अंबेडकर ने पूछा कि क्या यह आवश्यक है। प्रस्ताव पारित होने से पहले उन्होंने कहा कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।